कलामुल इमाम इमामुल कलाम इमामे अहले सुन्नत मुजद्दिदे दीन व मिल्लत आलाहज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ फ़ाज़िले बरेलवी

हिन्दी कर्दा

मुहम्मद महताब अली उर्फ़ मुहम्मद अहमद

नाशिर

आलाहज़रत दारुल कुतुब

28, इस्लामिया मार्केट बरेली

नाम किताब हदाइक़े बख़्शिश मअ मअना

हिन्दी कर्दा मुहम्मद महताब अली उर्फ़ मुहम्मद अहमद
(M.Sc. CAIIB)

तसहीह : मौलाना सग़ीर अख़तर साहब मिस्बाही
मौलाना मुहम्मद अफ़ज़ाल रज़वी साहब

हदिया : रु 80

मिलने का पता : जीलानी बुक डिपो
523 मटिया महल जामा मस्जिद दिल्ली-6

फ़ारूक़िया बुक डिपो
422 C, मटिया महल, देहली

कुतुबख़ाना अमजदिया
425, मटिया महल, देहली

बरेली शरीफ़ और देहली के सभी मशहूर
कुतुबख़ानों पर

फ़ेहरिस्त

पेश लफ़्ज़

अलह़म्दुलिल्लाह हर मुसलमान को अल्लाह व रसूल की तारीफ़ करने का जज़्बा होता है, किसी को ज़्यादा किसी को कम। आशिक़ शायर इस जज़्बे का इज़्हार अपने अशआर में करते हैं और आम मुसलमान इसका इज़्हार अच्छे अच्छे तरन्नुम में ह़म्द नात व मनक़बत पढ़ कर करते हैं। आज देखा यह गया है कि लोगों को नात व सलाम पढ़ने का शौक़ और जज़्बा तो बहुत है मगर क्या पढ़ रहे हैं इस पर ग़ौर कम करते हैं बल्कि कहीं कहीं तो कुछ लोग सिर्फ़ गलेबाज़ी करते हैं। रियाकारी से बचते हुए नात को अच्छी आवाज़ ही से पढ़ना चाहिए ताकि सुनने वाला मुतवज्जेह हो और कलाम को सुनकर उसका असर ले। कलाम को सुनकर उसका असर लेने के लिए ज़रूरी है कि उस कलाम के मतलब को समझे। इसलिए हमने एक इस कोशिश को ज़रूरी समझा कि उर्दू ज़बान का सबसे ज़्यादा मशहूर और ग़लतियों से पाक आलाहज़रत मुजद्दिद दीन ओ मिल्लत इमाम मुह़म्मद अह़मद रज़ा ख़ाँ बरेलवी का कलाम हिन्दी में मअ मअना के लाया जाए। और आज अल्लाह व रसूल के फ़ज़्ल व करम और अपने शैख़ सरकार मुफ़्तीए आज़म मुस्तफ़ा रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु और बुज़ुर्गों कि फ़ैज़ व तुफ़ैल से अब इस कोशिश में हम कहाँ तक कामयाब हुए यह तो आप ही पढ़ कर बता सकते हैं।

अब जो हदाइक़े बख़्शिश का यह उर्दू कलाम मअ मअना के आपके हाथ में हैं इसमें हमने उर्दू की सब नातें मनक़बतें दीं हैं और आख़िर में हर नात व मनक़बत के लफ़्ज़ी मअना भी दिए हैं हालांकि सिर्फ़ लफ़्ज़ी मअना से हर नात के मतलब को हल नहीं किया जा सकता। अशआर को समझने के लिए इल्म होना भी ज़रूरी है। आलाहज़रत के अशआर किसी न किसी आयत या हदीस की तर्जमानी हैं और कलाम तभी समझ में आएगा जब उन आयात या अहादीस का इल्म हो और सिर्फ़ इल्म ही नहीं बल्कि उसका मफ़हूम अच्छी तरह समझता हो।

हमने तो लफ़्ज़ी मअना देकर आपकी थोड़ी सी मदद की है

क्यूँकि हिन्दी में शरहे को समझाना तक़रीबन नामुमकिन काम है। फिर भी अगर आप शरहे समझने का शौक़ रखते हैं तो उर्दू सीख कर हदाइके बख़्शिश की शरहा जो 'सुख़ने रज़ा' हज़रत मौलाना मुहम्मद अव्वल क़ादिरी रज़वी सम्भली साहब ने की है तो इसे पढ़ें।

सबसे पहले हमने सारी नातों को पेश कर दिया है ताकि जो हज़रात मीलादे पाक की महफ़िल में नात पढ़ रहे हों तो उनका तसल्सुल न टूटे और मअना सब बाद में हर नात का हैडिंग देकर लिखे गए हैं और हर शेर के तक़रीबन हर थोड़े से भी मुश्किल लफ़्ज़ के मअना लिख दिए हैं और तीन तीन सितारे लगा कर हर शेर को अलग अलग दिखाने की कोशिश की है और जहाँ कहीं भी कोई शेर बहुत मुश्किल है वहाँ हमने यह लिख दिया है कि इसे किसी आलिम से समझें। सही मअना में तो नात को समझने के लिए तो किसी आलिम ही के पास जाना चाहिए तभी पूरा लुत्फ़ उठाया जा सकता है।

हमने अपनी तरफ़ से पूरी कोशिश की कि उन्हीं मअना को दिया जाए जो वहाँ मुराद है फिर भी अगर हमसे कोई ग़लती हो गई हो तो हमें आगाह ज़रूर करें और दुआ करें अल्लाह व रसूल हमें माफ़ फ़रमायें।

मुहम्मद अहमद

हदाइके बख़्शिश पढ़ने से पहले इसे एक बार ज़रूर पढ़ें

अल्लाह तआला ने अपने महबूब सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की नात क़ुर्आन में अपने ही महबूब की ज़बानी फ़रमाई, तमाम नबियों ने आपकी तारीफ़ और नात पढ़ी, तमाम फ़िरिश्ते आप पर दुरूद व सलाम पढ़ते हैं आपकी नात पढ़ते हैं, तमाम सहाबा, अल्लाह के तमाम वली आपकी नात पढ़ते हैं हत्ताकि तमाम मख़्लूक़ कहीं न कहीं यहाँ तक कि काफ़िर व मुरतद भी आपकी नात पढ़ते हैं। हालांकि काफ़िर व मुरतद का पढ़ना सिर्फ़ दिखावे का है जिसका उन्हें कोई अज्र नहीं मिलता है क्यूँकि नात में सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के वो फ़ज़ाइल भी ज़िक्र किए जाते हैं जिनका काफ़िर व मुरतद इन्कार करके काफ़िर व मुरतद हो गए इस लिए सवाब से महरूम हैं और वैसे भी हर नेक अमल के अज्र के लिए ईमान शर्त है। काफ़िर व मुरतद का नात पढ़ना दुनिया को दिखाना है कि हम भी उन्हें चाहते हैं जबकि हक़ीक़त में वह हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से बुग़्ज व कीना रखते हैं। सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम कि मुतअल्लिक़ अगर सही अक़ाइद नहीं रखेंगे तो न तो नात कह सकते हैं न पढ़ने का लुत्फ़ उठा सकते हैं न ईमान कामिल होगा और अलहम्दुलिल्लाह यह सिर्फ़ सुन्नी सहीहुल अक़ीदा को ही हासिल है।

आलाहज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ रदियल्लाहु तआला अन्हु के नातिया कलाम को समझना कभी तो आसान और कभी बहुत ही मुश्किल होता है क्यूँकि आलाहज़रत ख़ुद फ़रमाते हैं कि मैंने नात कहना क़ुर्आन व हदीस से सीखी तो कभी कभी आलाहज़रत के नातिया अशआर को समझने के लिए उन आयात व हदीस का समझना ज़रूरी हो जाता है।

हमने यहाँ आलाहज़रत के दीवान हदाइके बख़्शिश के उर्दू कलाम को हिन्दी में पेश किया और साथ साथ तक़रीबन हर मुश्किल लफ़्ज़ के मअना आख़िर में लगा दिए लेकिन हर शेर को सिर्फ़ लफ़्ज़ी मअना जान लेने से भी समझा नहीं जा सकता क्यूँकि किसी शेर में क़ुर्आन की किसी आयत की तरफ़ इशारा है तो कहीं हदीस की तरफ़ इशारा है तो कहीं किसी मोजिज़े की तरफ़ इशारा है तो कहीं आपके किसी वस्फ़ की तारीफ़ है तो कहीं आपके किसी मुबारक उज़्व की तारीफ़ है।

अगर हम इस किताब में शुरू या आख़िर में उन सारी आयात, अहादीस या मोजिज़ात को जमा करके कुछ लिखना चाहें और इसी किताब में लगा दें तो किताब बहुत ज़ख़ीम हो जाएगी। इसलिए गुज़ारिश यह है कि मुश्किल अशआर को किसी आलिम से समझें क्यूँकि क़ुर्आन की किस आयत या हदीस के किस मफ़हूम की तरफ़ इशारा है यह सबसे बेहतर आलिम ही समझा सकता है आम आदमी शायद नही समझा सकता।

अगर हम वाक़ई नात को पढ़ने और समझने का लुत्फ़ उठाना चाहते हैं तो हमें हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की सीरत पर कोई अच्छी किताब ज़रूर पढ़ना चाहिए। हिन्दी वालों के लिए सबसे बेहतर किताब मौलाना आज़मी साहब रह़मतुल्लाहि तआ़ला अ़लैह की लिखी किताब "सीरते मुस्त़फ़ा" है। सीरत पर लिखी किताब पढ़ने के बाद हमें सरकार की पैदाइश से लेकर वफ़ात तक के हालात, तारीख़, इसलाम का धीरे धीरे फैलना, जंगों का होना, सहाबा का तकलीफ़ उठाते हुए ईमान लाना पता चलता है और हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के औसाफ़े करीमा के बारे में भी मालूमात होती है तभी नात ज़्यादा आसानी से समझ में आती है कि हम हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की जो भी तारीफ़ कर रहे हैं वाक़ई वह उसके हक़दार हैं।

किसी नात में हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की आँखों की ख़ूबसूरती की तारीफ़ होगी तो कहीं यह भी बताया जाएगा कि यह आँख अर्श से फ़र्श तक सब देखती है और इस मुबारक आँख ने न सिर्फ़ तमाम मख़लूक़ को देख रखा है बल्कि अल्लाह तआ़ला को भी देखा है। कहीं आपके मुबारक कान की तारीफ़ हो रही होगी तो हो सकता है यह भी बताया जा रहा हो कि ये कान वह धीमी से धीमी आवाज़ सुनते हैं जो दूसरी मख़लूक़ नहीं सुन पाती बल्कि बादे वफ़ात भी हम गुनहगारों का दुरूद व सलाम आप सुनते हैं चाहे हम कितना ही हल्के पढ़ें या दिल ही दिल में पढ़ें। कहीं आपके दहने मुबारक की तारीफ़ हो रही होगी तो यह बताया जा रहा होगा कि इस दहन में जो ज़बान है उससे एक हुकूमत जारी है और अल्लाह तआ़ला ने इसे कुन की कुंजी का इख़्तेयार दे रखा है और जो भी आप अपनी ज़बान से फ़रमा दें हो जाता है। कहीं आपके मुबारक हाथ की तारीफ़ हो रही होगी तो बताया जा रहा होगा कि यह वह हाथ हैं कि जिधर उठ जायें मालामाल कर दें और यह वह उगंलियाँ हैं कि इनसे वह पानी जारी

हो जाता है जो ज़मज़म शरीफ़ और जन्नत के पानी से भी बेहतर है। कहीं आपके मुबारक बालों की तारीफ़ होगी तो कहीं मोहरे नुबुव्वत की। कहीं आपके मुबारक पाँव की तारीफ़ इस अन्दाज़ से होती है कि उनके मुबारक पाँव को बोसा दे सकूँ या आपकी नालैन मुबारक को सर पर ताज की तरह सजा लूँ। कहीं आपकी पल्कों की तारीफ़ होगी तो कहीं अबरू की तो कहीं होटों की तो कहीं दन्दाने मुबारक की तो कहीं दिल व दिमाग़ के बारे में कहा जा रहा होगा कि यह समझ से बाहर है क्यूँकि इन्हें क़ियामत तक के सब हालात मालूम हैं और वह मालूम है जो किसी को नहीं मालूम और क़ुर्आन का सही इल्म इन्हें ही है क्यूँकि क़ुर्आन इन पर उतरा है।

नातिया कलाम को समझने के लिए नीचे लिखें अक़ाइद को जानना और मानना बेहद ज़रूरी है :-

1. अल्लाह तआ़ला ने हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ही के लिए सब कुछ पैदा फ़रमाया :-

हदीसे क़ुदसी है कि अल्लाह तआ़ला फ़रमाता है कि ऐ महबूब! अगर आपको पैदा न करना होता तो आसमान को पैदा न करता, आपको पैदा न करता तो अपना रब व इलाह (माबूद, पूजा के क़ाबिल) होना ज़ाहिर न करता।

आप तमाम मख़्लूक़ के पैदा होने की वजह हैं यानी 18 हज़ार क़िस्म की तमाम मख़्लूक़ आप ही के लिए पैदा की गई जब तक आप पैदा न हुए कुछ पैदा न हुआ था अगर आप न हों यह जहान भी न रहेगा इस जहान का वुजूद आपके वुजूद से है।

हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने फ़रमाया अल्लाह ने सबसे पहले मेरा नूर पैदा फ़रमाया और मेरे नूर से तमाम मख़्लूक़ात को पैदा फ़रमाया।

2. आप जैसा कोई नहीं :- बाज़ बदमज़हब फ़िरक़े हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम को अपने जैसा बशर कहते है लेकिन आप इन्सान हैं बशर हैं मगर हम जैसे बशर हरगिज़ नहीं। इस बात को समझाने के लिए हवालों की ज़रूरत भी नहीं हर समझदार मुसलमान जानता है कि आपके मिस्ल कोई नहीं। हज़रते जिब्रील फ़रमाते हैं मैं दुनिया के हर हर कोने में गया मगर आप जैसा कोई नहीं पाया।

3. आप सय्यदुल अम्बिया हैं :-

तमाम मख़्लूक़ में अम्बिया सबसे अफ़ज़ल हैं और आप सब नबियों के सरदार हैं।

4. सबका वसीला हुज़ूर हैं :-

हुज़ूर ने फ़रमाया अल्लाह देने वाला है मैं क़ासिम यानी बांटने वाला हूँ। जिसको भी जो मिलता है उनके वसीले से मिलता है और मिलेगा। वसीला और बुज़ुर्गों से मदद मांगने के सुबूत में "इस्लाहे फ़िक्रो इतिक़ाद" अल्लामा यासीन अख़्तर मिस्बाही साहब की देखें। "अलइस्तिमदाद" आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की। "निदाए या रसूलल्लाह" आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की।

5. हुज़ूर मालिक व मुख़्तार हैं :-

अल्लाह तआ़ला हर चीज़ का हक़ीक़ी मालिक है और हुज़ूर अल्लाह की अता से हर चीज़ के मालिक व मुख़्तार हैं बल्कि मुख़्तारे कुल हैं। अल्लाह तआ़ला ने हुज़ूर को इख़्तेयार दिया है जिसे जो चाहें अता करें। हर वली व नबी आप ही से फ़ैज़ पाकर किसी मरतबे पर पहुँचता है। हुज़ूर के मालिक व मुख़्तार होने के सुबूत में आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की किताब "अलअम्नो वल उला" देखें। मौलाना जलालुद्दीन रह़मतुल्लाहि तआ़ला अ़लैह की किताब "बुज़ुर्गों के अक़ीदे" ज़रूर पढ़ें। इस किताब में तक़रीबन यह सारे अक़ाइद को हवाले के साथ बताया गया है कि हमारे बुज़ुर्गों के भी यही अक़ीदे थे।

6. आप ज़िन्दा हैं और मदद फ़रमाने वाले हैं :-

आप बादे विसाल भी ज़िन्दा हैं, नबियों को वादए इलाही के मुताबिक़ एक आन को मौत आती है। आप मदद फ़रमाते हैं, बलाओं व वबाओं को दूर फ़रमाते हैं। हुज़ूर से डाइरेक्ट मांगना भी जाइज़ है। आप जिसे जो चाहें अल्लाह के हुक्म से अता फ़रमाते हैं। आप मुर्दों तक को ज़िन्दा फ़रमाते हैं।

7. आपको इल्मे ग़ैब अता हुआ :-

तमाम नबियों को ग़ैब का इल्म दिया जाता है जैसा कि अल्लाह का फ़रमान है कि अल्लाह किसी को ग़ैब का इल्म नहीं अता करता मगर चुन लेता है जिसे चाहे और उन्हें ग़ैब दिया जाता है। और बेशक चुनने में सबसे ज़्यादा हक़दार अम्बिया ही होते हैं और हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम तो तमाम नबियों के इमाम हैं। आपको तमाम मख़लूक़ में सबसे ज़्यादा इल्म और इल्मे ग़ैब अता हुआ यहाँ तक कि ख़ुद अल्लाह पाक ने अपने आपको भी आपसे नहीं छुपाया जबकि हर चीज़ से अपने आपको अल्लाह

तआ़ला ने छुपाया। आप क़ियामत तक की हर छुपी हुई बात जानते हैं बल्कि आपने क़ियामत, जन्नत व दोज़ख़ तक की बातें आने से पहले ही हमें बता दीं। नबियों और औलियाए किराम को भी जो इल्म या इल्मे ग़ैब अता होता है वह आप ही के वसीले और तुफ़ैल से अता होता है। इसके सुबूत में क़ुर्आन की बहुत सी आयतें और हदीसें आई हैं किसी आलिम से मालूम करें। इस मसअले को पूरी तरह समझने के लिए किताबे "अद्दौलतुल मक्किया" "इम्बाउल मुस्तफ़ा" और "इल्मे ग़ैबे रसूल पढ़े"

7. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम हाज़िर व नाज़िर हैं :-

हमारे हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम हाज़िर हैं व नाज़िर है। इसका मतलब यह है कि हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम जब चाहें अपने जिस्म के साथा हर जगह हाज़िर हो सकते हैं और आप अपनी आंखों से सब कुछ देख रहे हैं यानी नाज़िर है। अर्श से फ़र्श तक आप हर जगह हाज़िर व नाज़िर है। हाज़िर व नाज़िर के सुबूत में मौलाना मुह़म्मद फ़ैज़ अह़मद उवैसी की किताब "हाज़िर व नाज़िर" देखें

8. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम की महब्बत और शफ़ाअत :-

बिला शक व शुबह हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम अपने हर उम्मती से यानी हमसे इतनी महब्बत फ़रमाते हैं जितनी हम अपने आप से नहीं करते। वक़्ते पैदाइश आप हमें याद कर रहे हैं, ग़ारे हिरा में रातों को उम्मत की याद में आंसू बहा रहें, शबे मेराज उम्मत की आसानी के लिए अल्लाह से अर्ज़ कर रहे हैं। वक़्ते वफ़ात भी हमारी ही याद है। क़ब्र में हमें याद कर रहे हैं हमारी मदद फ़रमा रहे हैं। हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की शफ़ाअत क़ुर्आन व हदीस से पूरी तरह साबित है यह हर गुनहगार उम्मती जानता है क्यूँकि अपने मतलब की बातें सब ढूंढ लेते हैं। शफ़ाअत सिर्फ़ उनके लिए नहीं जो शफ़ाअत का इन्कार करें। यहाँ तवालत की वजह से हदीसें नक़ल नहीं कर रहे जिसे शफ़ाअत की हदीसें देखना हो वह आलाहज़रत का रिसाला "चालीस अहादीसे शफ़ाअत" पढ़े जो हिन्दी में भी छप चुका है। हमें भी चाहिए कि हम हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम से ख़ूब महब्बत करें यह उनका हक़ और अल्लाह का फ़रमान है।

9. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के मोजिज़ात :-

वह काम जो अक़्ल की सोंच से बाहर हो और किसी नबी

से ज़ाहिर हो उसे मोजिज़ा कहते हैं। औलिया अल्लाह से ज़ाहिर होने वाली ख़िलाफ़े आदत बात को करामत कहते हैं। शैतान या काफ़िर की तरफ़ से ज़ाहिर ऐसी बात को इस्तिदराज कहते हैं। बाज़ नातों में हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के मोजिज़ात का ज़िक्र होता है अगर हम उन मोजिज़ात से वाक़िफ़ न हों तो वह शेर हमारी समझ में नहीं आएगा जिसमें मोजिज़ा का ज़िक्र होगा। हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के सारे मोजिज़ात का लिखना नामुमकिन है और अगर ढूंढ कर मोजिज़ात लिखे भी जायें तो एक ज़ख़ीम किताब तैयार हो जाएगी। यहाँ पर हम मोजिज़ात के सिर्फ़ उनवान (हैडिंग) दे रहे हैं सीरत की किताबों से मोजिज़ात की तफ़सील पढ़ें।

1. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का मेराज को जाना।
2. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का चाँद को दो टुकड़े करना और बचपन में चाँद से खिलौने की तरह खेलना।
3. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का डूबे हुए सूरज को फेरना।
4. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का पेड़ों से अपनी रिसालत की गवाही दिलाना।
5. पत्थरों का आपको सलाम करना।
6. पेड़ों का आपको सजदा करना।
7. जानवरों का आपको सजदा करना।
8. कंकरियों से काफ़िर की बन्द मुट्ठी में कलिमा पढ़वाना।
9. सत्तर सहाबा को एक ही प्याले से दूध पिलाना।
10. लाठी को रौशन कर देना।
11. पेड़ की टहनी को तलवार बना देना।
12. बादल का आप पर साया करना।
13. इल्मे ग़ैब का होना।
14. हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने जो पेशीनगोइयाँ की उनका क़ियामत तक सच होते रहना।
15. पहाड़ों का आपको सलाम करना।
16. हिलते पहाड़ का आपकी ठोकर से रूक जाना।
17. काफ़िरों की तरफ़ मुट्ठी भर ख़ाक फेंक कर साफ़ बच कर निकल जाना।
18. बे दूध की बकरी का दूध देना।
19. दूध पीते बच्चे का आपकी रिसालत की गवाही देना।
20. हड्डियों से बकरी ज़िन्दा करना।

21. गोह (एक जानवर का नाम) का आपके हुक्म से आपकी नुबुव्वत की गवाही देना।
22. हज़रते उम्मे सलमा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हा की रोटियों में बरकत।
23. हज़रते जाबिर रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की खजूरों में बरकत से उनका क़र्ज़ का अदा होना।
24. हज़रते अबू हुरैरह रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की थैली में बरकत होना।
25. हज़रते अबू हुरैरह रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की क़ुव्वते हाफ़िज़ा का ऐसा बढ़ जाना कि आपको सबसे ज़्यादा हदीसें याद होना।
26. थोड़े खाने को सैकड़ों लोगों को खिलाना।
27. आंखों की बीमारी और ज़हर का लुआबे दहन से सही करना।
28. टूटी हड्डी हाथ फेर कर दुरुस्त कर देना।
29. दम कर के तलवार का ज़ख़्म ठीक करना।
30. अंधे को ठीक करना।
31. गूंगे को ठीक करना।
32. जुनून ठीक करना।
33. हज़रते क़तादह रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की जंग में बाहर निकल आई आँख को फिर से ठीक कर देना।
34. जला हुआ ठीक करना।
35. भूल की बीमारी दुरुस्त करना।
36. आपका साया न होना।
37. आपका अर्श से लेकर ज़मीन की तहों तक देखना।
38. आपके कानों का बारीक आवाज़ को सुनना बल्कि बादे विसाल भी सुनना।
39. उंगलियों से पानी जारी हो जाना।
40. अंधेरे में मुस्कुरा कर अपने मुबारक दांतों से रोशनी पैदा कर देना।
41. आपके पसीने में मुश्क से भी बेहतर ख़ुशबू होना।
42. आपका कुर्ता कभी मैला न होना।
43. आपकी फ़साहत व बलाग़त से लोगों का हैरान हो जाना।
44. मुर्दे ज़िन्दा फ़रमाना और मुर्दा दिल ज़िन्दा फ़रमाना।
45. जिन्न का इसलाम क़बूल करना।
46. जिन्नों का सलाम व पैग़ाम।

47. जिन्न का आपके पास सांप की शक्ल में आना।
48. जिन्न का आपके लिए दूसरे जिन्न का क़त्ल करना।
49. जंगे ख़न्दक़ में आंधी के ज़रिये मदद आ जाना।
50. आग का आपके हुक्म से न जलाना।
51. दुआओं का क़बूल होना भी आपके मोजिज़ात से है मसलन क़ुरैश पर क़हत का अज़ाब, क़ुरैश के सरदारों की हलाकत, आपकी दुआ से पानी बरसना, मदीने की आब व हवा अच्छी हो जाना, बूढ़े का जवान हो जाना, औलाद में बरकत, लड़की का क़ब्र से निकलना, पकी हुई बकरी ज़िन्दा होना वग़ैरह वग़ैरह --- और आज भी आप जिसके लिए दुआ फ़रमा दें वह ज़रूर क़बूल होती है।
52. यूँ तो हज़ारों मोजिज़ात है जिनकी तादाद अल्लाह ही जाने आख़िर में यह बताना भी ज़रूरी है कि क़ुर्आन भी एक मोजिज़ा है हमारे आक़ा का जो हमेशा महफ़ूज़ व तहरीफ़ से पाक है और हमेशा रहेगा।

आक़ाए दो आलम स़ल्लल्लाहु तअ़ाला अ़लैहि वसल्लम के चन्द ख़साइसे कुबरा

चन्द ख़ुसूसियात आपकी और पेश की जाती हैं हांलाकि इनमें से कुछ ऊपर गुज़र भी चुकीं लेकिन एक बार फिर ज़हननशीन कर लें।

1. आपका पैदाइश के एतबार से 'अव्वलुल अम्बिया' यानी सबसे पहले नबी होना जैसा कि हदीस शरीफ़ म हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तअ़ाला अ़लैहि वसल्लम को उस वक़्त नुबुव्वत मिल चुकी थी जबकि हज़रते आदम अ़लैहिस्सलाम जिस्म व रूह की मन्ज़िलों से गुज़र रहे थे।
2. आपका आख़िरी नबी होना।
3. तमाम मख़्लूक़ आपके लिए पैदा हुई।
4. आपका मुक़द्दस नाम अर्श और जन्नत की पेशानियों पर तहरीर किया गया।
5. तमाम आसमानी किताबों में आपकी बशारत दी गई।
6. आपकी विलादत के वक़्त तमाम बुत औंधे होकर गिर पड़े।
7. आपका शक़्क़े सदर हुआ यानी जीब्रीले अमीन ने आपका सीनए मुबारक चीर दिया और दिल निकाल कर उसको ज़मज़म शरीफ़ से धोकर फिर दुरुस्त कर दिया।
8. आपको मेराज का शरफ़ अता किया गया और आपकी सवारी के लिए बुराक़ पैदा किया गया।

9. आप पर नाज़िल होने वाली किताब तब्दील व तहरीफ़ से महफ़ूज़ कर दी गई यानी क़ुर्आने पाक में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। क़ियामत तक क़ुर्आन की बक़ा व हिफ़ाज़त की ज़िम्मेदारी अल्लाह तआ़ला ने अपने ज़िम्मे करम पर ली।

10. अपको आयतुल कुर्सी अता की गई।

11. आपको तमाम ज़मीनी ख़ज़ानों की कुंजियाँ अता कर दी गई यानी आपको अल्लाह तआ़ला ने मालिक बना दिया।

12. आपको जामेउल कलिम के मोजिज़े से सरफ़राज़ किया गया यानी आप छोटे जुमलों में वह बात कह देते जो कोई दूसरा नहीं कह सकता और अक़्ल की समझ से यह बात बाहर होती कि ऐसी बात कैसे कह दी।

13. आपको रिसालते आम्मा के शरफ़ से मुमताज़ किया गया यानी आप नबियों, फ़िरिश्तों, इन्सानों और जिन्नों सभी के रसूल हैं।

14. आपकी सच्चाई को साबित करने के लिए आपको चाँद के दो टुकड़े करने का मोजिज़ा अल्लाह तआ़ला ने अता फ़रमाया।

15. आपके लिए माले ग़नीमत को अल्लाह तआ़ला ने हलाल कर दिया।

16. आपके लिए अल्लाह तआ़ला ने तमाम ज़मीन को मस्जिद बना दिया यानी हर पाक जगह पर आदमी नमाज़ पढ़ सकता है और उससे पाकी हासिल कर सकता है यानी तयम्मुम करना मिट्टी से जाइज़ किया गया।

17. आपके बाज़ मोजिज़ात मसलन क़ुर्आन मजीद क़ियामत तक बाक़ी रहेंगे।

18. अल्लाह तआ़ला ने तमाम अम्बिया को उनका नाम लेकर पुकारा मगर आपको अच्छे अच्छे अल्क़ाब से पुकारा।

19. अल्लाह तआ़ला ने आपका सर 'हबीबुल्लाह' के लक़ब से बलन्द फ़रमाया।

20. अल्लाह तआ़ला ने क़ुर्आने पाक में आपकी रिसालत, आपकी हयात, आपके शहर आपके ज़माने की क़सम याद फ़रमाई।

21. आप तमाम औलादे आदम के सरदार हैं।

22. आप अल्लाह तआ़ला के दरबार में अकरमुल ख़ल्क़ हैं यानी तमाम मख़्लूक़ में सबसे ज़्यादा इज़्ज़त वाले हैं।

23. क़ब्र में आपकी ज़ात के बारे में मुन्कर नकीर सवाल करेंगे।

24. आपके बाद आपकी बीवियों के साथ निकाह करना हराम ठहराया गया।

25. हर नमाज़ी पर वाजिब कर दिया गया कि नमाज़ की हालत में "अस्सलामुअ़लैका या अय्युहन्नबिय्यु" कह कर आपको सलाम करे।

26. अगर किसी नमाज़ी को नमाज़ की हालत में हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम पुकारें तो वह नमाज़ छोड़ कर आपकी पुकार पर दौड़ पड़े। यह उस पर वाजिब है और ऐसा करने से उसकी नमाज़ टूटेगी भी नहीं यानी जब हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम से बात कर ले तो फिर वहीं से नमाज़ पढ़े जहाँ से छोड़ी थी।

27. अल्लाह तआ़ला ने अपनी शरीअत का आपको मुख़्तार बना दिया है। आप जिसके लिए जो चाहें हलाल फ़रमा दें और जिसके लिए जो चाहें हराम फ़रमा दें। मसलन हज़रते सुराक़ा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के लिए आपने सोने के कंगन पहनना हलाल कर दिए, एक आराबी के लिए तीन ही वक़्त की नमाज़ फ़र्ज़ फ़रमा दी, मौला अ़ली रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के लिए हज़रते फ़ातिमा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हा के होते दूसरा निकाह हराम फ़रमा दिया। ऐसे और भी वाक़ियात हैं।

28. आपके मिम्बर और क़ब्रे अनवर के दरमियान की ज़मीन जन्नत के बाग़ों में से एक बाग़ है।

29. सूर फूंकने पर सबसे पहले आप अपनी क़ब्रे मुनव्वर से बाहर तशरीफ़ लायेंगे।

30. आपको मक़ामे महमूद अता किया गया।

31. आपको शफ़ाअते कुबरा जैसी इज़्ज़त से नवाज़ा गया।

32. आपको क़ियामत के दिन लिवाउल ह़म्द अता किया गया। लिवाउल ह़म्द एक झंडा है जो रोज़े क़ियामत आपको अता होगा।

33. आप सबसे पहले जन्नत में दाख़िल होंगे।

34. आपको हौज़े कौसर अता किया गया।

35. क़ियामत के दिन हर शख़्स का नसब व तअल्लुक़ मुन्क़ता हो जाएगा मगर आपका नसब व तअल्लुक़ मुन्क़ता न होगा।

36. आपके सिवा किसी नबी के पास हज़रते इस्राफ़ील अ़लैहिस्सलाम नहीं उतरे।

37. आपके दरबार में बलन्द आवाज़ से बोलने वाले के नेक आमाल बरबाद कर दिए जाते हैं।

38. आपको हुजरों के बाहर से पुकराना हराम कर दिया गया।

39. आपकी अदना सी गुस्ताख़ी करने वाले की सज़ा क़त्ल है।

40. आपको तमाम अम्बिया अलैहिमुस्सलाम से ज़्यादा मोजिज़ात अता किए गए।

आख़िर में वही कहना है कि नातों को समझने के लिए सरकार की सीरत को समझना होगा जितना ज़्यादा आप उनके बारे

में पढ़ेंगे उतना ही ज़्यादा नातिया कलाम समझ में आता जाएगा। और मनक़बत को समझने के लिए उन बुज़ुर्ग जिनकी शान में मनक़बत लिखी गई हो उनके बारे में मालूमात होने ही से मनक़बत पढ़ने और समझने में मदद मिलती है मसलन हुज़ूर ग़ौसे आज़म रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की मनक़बत समझने से पहले उनकी सीरत पर कोई किताब ज़रूर पढ़ें, हिन्दी वाले हमारी किताब 'हमारे ग़ौसे आज़म' पढ़ सकते हैं जो कि 300 पेज की है। अल्लाह व रसूल आपकी मदद फ़रमायें, मेरे लिए भी दुआ करें के मुझे भी उनकी नातें समझने की अक़्ल अता हो और नेक अमल की तौफ़ीक़ मिले और ईमान पर ख़ात्मा हो।

मुहम्मद अहमद
सफ़र 1427

गुज़ारिश

इस किताब से नाते रसूल पढ़ने व सुनने वालों से एक गुज़ारिश यह है कि जब भी इस किताब से नाते सुनें तो हो सके तो हर शेर पर दुरूदे पाक पढ़ें चाहे वह छोटा ही दुरूद क्यूँ न हो। यह न हो सके तो थोड़ी थोड़ी देर के बाद दुरूद पढ़ें और जब कोई शेर बहुत ही ज़्यादा पसन्द आये तो 11 मरतबा दुरूद पढ़ें और इसका सवाब दिल ही दिल में तमाम मुसलमानों को बख़्श दें और मुझ नाचीज़ को भी ज़रूर याद रखें।

بسم الله الرحمن الرحيم

صَلَّ اللّٰهُ عَلٰى نَبِيِّ الْاُمِّيِّ وَ اٰلِهٖ صَلَّ اللّٰهُ عَلَيْهِ

وَسَلَّمَ صَلَاةً وَّ سَلَامًا عَلَيْکَ يَا رَسُوْلَ اللّٰه ٥

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

ज़रियए क़ादिरीया (हि. 1305)

अल्हम्दुलिल्लाहि रब्बिल आलमीन वस्सलातु वस्सलामु अला सय्यिदिल आलमीना व आलिही वबनिही वहिज़बिही अजमईन

वाह क्या जूद ो करम है शहे बतहा तेरा

वाह क्या जूद ो करम है शहे बतहा तेरा
'नहीं' सुनता ही नहीं मांगने वाला तेरा
धारे चलते हैं अता के वो है क़तरा तेरा
तारे खिलते हैं सख़ा के वो है ज़र्रा तेरा
फ़ैज़ है या शहे तसनीम निराला तेरा
आप प्यासों के तजस्सुस में है दरिया तेरा
अग़निया पलते हैं दर से वो है बाड़ा तेरा
अस्फ़िया चलते हैं सर से वो है रस्ता तेरा
फ़र्श वाले तेरी शौकत का उलू क्या जानें
ख़ुसरवा अर्श पे उड़ता है फरैरा तेरा
आसमाँ ख़्वान ज़मीं ख़्वान ज़माना मेहमान
साहिबेख़ाना लक़ब किसका है तेरा तेरा
मैं तो मालिक ही कहूँगा के हो मालिक के हबीब
यानी महबूब ो मुहिब में नहीं मेरा तेरा
तेरे क़दमों में जो हैं ग़ैर का मुँह क्या देखें
कौन नज़रों में चढ़े देख के तलवा तेरा
बहरे साइल का हूँ साइल न कुएं का प्यासा
ख़ुद बुझा जाए कलेजा मेरा छींटा तेरा
चोर हाकिम से छुपा करते हैं याँ इसके ख़िलाफ़
तेरे दामन में छुपे चोर अनोखा तेरा

आंखें ठंडी हों जिगर ताज़े हों जानें सैराब
सच्चे सूरज वह दिल आरा है उजाला तेरा
दिल अबस ख़ौफ़ से पत्ता सा उड़ा जाता है
पल्ला हलका सही भारी है भरोसा तेरा
एक मैं क्या मेरे इस्याँ की हक़ीक़त कितनी
मुझसे सौ लाख को काफ़ी है इशारा तेरा
मुफ़्त पाला था कभी काम की आदत न पड़ी
अब अमल पूछते हैं हाए निकम्मा तेरा
तेरे टुकड़ों से पले ग़ैर की ठोकर पे न डाल
झिड़कियाँ खायें कहाँ छोड़ के सदक़ा तेरा
ख़्वार ो बीमार ो ख़ताकार ो सियाहकार हूँ मैं
राफ़ेओ नाफ़ेओ शाफ़ेअ लक़ब आक़ा तेरा
मेरी तक़दीर बुरी हो तो भली कर दे के है
महवो इसबात के दफ़्तर पे कड़ोड़ा तेरा
तू जो चाहे तो अभी मैल मेरे दिल के धुलें
के ख़ुदा दिल नहीं करता कभी मैला तेरा
किसका मुँह तकिए कहाँ जाइये किससे कहिए
तेरे ही क़दमों पे मिट जाए ये पाला तेरा
तूने इसलाम दिया तूने जमाअत में लिया
तो करीम अब कोई फिरता है अतिय्या तेरा
मौत सुनता हूँ सितम तल्ख़ है ज़हर-आबए नाब
कौन ला दे मुझे तलवों का .ग़ुसाला तेरा
दूर क्या जानिये बदकार पे कैसी गुज़रे
तेरे ही दर पे मरे बेकस ो तन्हा तेरा
तेरे सदक़े मुझे इक बूंद बहुत है तेरी
जिस दिन अच्छों को मिले जाम छलकता तेरा
ह-रमो तैबा अ ो बग़दाद जिधर कीजिए निगाह
जोत पड़ती है तेरी नूर है छनता तेरा
तेरी सरकार में लाता है **"रज़ा"** उसको शफ़ीअ़
जो मेरा ग़ौस है और लाडला बेटा तेरा

वस्ले दोम दर मनक़बते आक़ाए अकरम हुज़ूर ग़ौसे आज़म रदियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु

वाह क्या मरतब ऐ ग़ौस है बाला तेरा

वाह क्या मरतबा ऐ ग़ौस है बाला तेरा
ऊँचे ऊँचों के सरों से क़दम आला तेरा
सर भला क्या कोई जाने के है कैसा तेरा
औलिया मलते हैं आंखें वह है तलवा तेरा
क्या दबे जिस पे हिमायत का हो पंजा तेरा
शेर को ख़तरे में लाता नहीं कुत्ता तेरा
तू हुसैनी हसनी क्यूँ न मुहियुद्दीं हो
ऐ ख़िज़्र मजमए बहरैन है चश्मा तेरा
क़समें दे दे के खिलाता है पिलाता है तुझे
प्यारा अल्लाह तेरा चाहने वाला तेरा
मुस्तफ़ा के तने बे साए का साया देखा
जिसने देखा मेरी जाँ जलवए ज़ेबा तेरा
इब्ने ज़हरा को मुबारक हो अ़रूसे क़ुदरत
क़ादिरी पायें तसद्दुक़ मेरे दूल्हा तेरा
क्यूँ न क़ासिम हो के तू इब्ने अबिल क़ासिम है
क्यूँ न क़ादिर हो के मुख़्तार है बाबा तेरा
न-बवी मेंह अ-लवी फ़स्ल बतूली गुलशन
हसनी फूल हुसैनी है महकना तेरा
न-बवी ज़िल्ल अ-लवी बुर्ज बतूली मंज़िल
हसनी चाँद हुसैनी है उजाला तेरा
न-बवी ख़ुर अ-लवी कोह बतूली मादन
हसनी लाल हुसैनी है तजल्ला तेरा
बहर-ो बर शहर-ो क़ुरा सहल-ो हज़न दश्त-ो चमन
कौन से चक पे पहुँचता नहीं दावा तेरा
हुस्ने निय्यत हो ख़ता फिर कभी करता ही नहीं
आज़माया है यगाना है दोगाना तेरा
अर्ज़े अहवाल की प्यासों में कहाँ ताब मगर
आंखें ऐ अब्रे करम तकती हैं रस्ता तेरा
मौत नज़दीक, गुनाहों की तहें, मैल के ख़ोल
आ बरस जा के नहा धो ले ये प्यासा तेरा

आब आमद वो कहे और मैं तयम्मुम बरख़ास्त
मुश्ते ख़ाक अपनी हो और नूर का अहला तेरा
जान तो जाते ही जाएगी क़यामत ये है
के यहाँ मरने पे ठहरा है नज़ारा तेरा
तुझ से दर, दर से सग और सग से है मुझको निसबत
मेरी गर्दन में भी है दूर का डोरा तेरा
इस निशानी के जो सग हैं नहीं मारे जाते
हश्र तक मेरे गले में रहे पट्टा तेरा
मेरी क़िस्मत की क़सम खायें सगाने बग़दाद
हिन्द में भी हूँ तो देता रहूँ पहरा तेरा
तेरी इज़्ज़त के निसार ऐ मेरे ग़ैरत वाले
आह सद आह के यूँ ख़्वार हो बर्दा तेरा
बद सही चोर सही मुजरिम ो नाकारा सही
ऐ वह कैसा ही सही है तो करीमा तेरा
मुझको रुसवा भी अगर कोई कहेगा तो यूंही
के वही न वो **"रज़ा"** बन्दए रुसवा तेरा
हैं **"रज़ा"** यूँ न बिलक तू नहीं जय्यिद तो न हो
सय्यिदे जय्यिदे हर दहर है मौला तेरा
फ़ख्रे आक़ा में **"रज़ा"** और भी एक नज़्मे रफ़ीअ
चल लिखा लायें सनाख़्वानों में चेहरा तेरा

वस्ले सोम दर हुस्ने मुफ़ाख़रत अज़ सरकारे क़ादिरिय्यत रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु

तू है वो ग़ौस के हर ग़ौस है शैदा तेरा
तू है वो ग़ैस के हर ग़ैस है प्यासा तेरा
सूरज अगलों के चमकते थे चमक कर डूबे
उफ़ुक़े नूर पे है मेहर हमेशा तेरा
मुर्ग़ सब बोलते हैं बोल के चुप रहते हैं
हाँ असील एक नवा-संज रहेगा तेरा
जो वली क़ब्ल थे या बाद हुए या होंगे
सब अदब रखते हैं दिल में मेरे आक़ा तेरा
ब-क़सम कहते हैं शाहाने सरीफ़ैन ो ह़रीम
कि हुआ है न वली हो कोई हमता तेरा

तुझसे और दहर के अक़्ताब से निसबत कैसी
क़ुतुब ख़ुद कौन है ख़ादिम तिरा चेला तेरा
सारे अक़्ताबे जहाँ करते हैं काबे का तवाफ़
काबा करता है तवाफ़े दरे वाला तेरा
और परवाने हैं जो होते हैं काबे पे निसार
शमअ् इक तू है कि परवाना है काबा तेरा
श–जरे सर्व सही किसके उगाए तेरे
मारिफ़त फूल सही किसका खिलाया तेरा
तू है नौशाह बराती है ये सारा गुलज़ार
लाई है फ़स्ले समन गूंध के सेहरा तेरा
डालियाँ झूमती हैं रक़्से ख़ुशी जोश पे है
बुलबुलें झूलतीं हैं गाती हैं सेहरा तेरा
गीत कलियों की चटक ग़ज़लें हज़ारों की चहक
बाग़ के साज़ों में बजता है तराना तेरा
सफ़े हर शजरा में होती है सालामी तेरी
शाख़ें झुक झुक के बजा लाती हैं मुजरा तेरा
किस गुलिस्ताँ को नहीं फ़स्ले बहारी से नियाज़
कौन से सिलसिले में फ़ैज़ न आया तेरा
नहीं किस चाँद की मन्ज़िल में तिरा जल्वए नूर
नहीं किस आइने के घर में उजाला तेरा
राज किस शहर में करते नहीं तेरे ख़ुद्दाम
बाज किस नहर से लेता नहीं दरिया तेरा
मज़रअे चिश्त ो बुख़ारा ओ इराक़ ो अजमेर
कौन सी किश्त पे बरसा नहीं झाला तेरा
और महबूब हैं हाँ पर सभी यकसाँ तो नहीं
यूँ तो महबूब है हर चाहने वाला तेरा
उस को सौ फ़र्द सरापा ब–फ़राग़त ओढ़ें
तंग हो कर जो उतरने को हो नीमा तेरा
गर्दनें झुक गईं सर बिछ गए दिल लोट गए
कश्फ़े साक़ आज कहाँ ये तो क़दम था तेरा
ताजे फ़र्क़ उरफ़ा किस के क़दम को कहिए
सर जिसे बाज दें वो पाँव है किसका तेरा
सुक्र के जोश में जो हैं वो तुझे क्या जानें
ख़िज़्र के होश से पूछे कोई रुतबा तेरा

आदमी अपने ही अहवाल पे करता है क़यास
नशे वालों ने भला सुक्र निकाला तेरा
वो तो छोटा ही कहा चाहें कि हैं ज़ेरे ह़ज़ीज़
और हर औज से ऊँचा है सितारा तेरा
दिले अअदा को **'रज़ा'** तेज़ नमक की धुन है
इक ज़रा और छिड़कता रहे ख़ामा तेरा

वस्ले चहारुम दर मुनाफ़हते अअदा ओ इस्तिआनत अज़ आक़ा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु

अल अमाँ क़हर है ऐ ग़ौस वो तीखा तेरा
मर के भी चैन से सोता नहीं मारा तेरा
बादलों से कहीं रुकती है कड़कती बिजली
ढालें छट जाती हैं उठता है जो तेग़ा तेरा
अक्स का देख के मुँह और बिफर जाता है
चार आईने के बल का नहीं नेज़ा तेरा
कोहे सर मुख हो तो इक बार में दो पर काले
हाथ पड़ता ही नहीं भूल के ओछा तेरा
उस पे ये क़हर कि अब चन्द मुख़ालिफ़ तेरे
चाहते हैं कि घटा दें कहीं पाया तेरा
अक़्ल होती तो ख़ुदा से न लड़ाई लेते
ये घटायें उसे मन्ज़ूर बढ़ाना तेरा
व-र-फ़अ-ना ल-का ज़िकरक का है साया तुझ पर
बोल बाला है तेरा ज़िक्र है ऊँचा तेरा
मिट गए मिटते हैं मिट जायेंगे अअदा तेरे
न मिटा है न मिटेगा कभी चर्चा तेरा
तू घटाए से किसी के न घटा है न घटे
जब बढ़ाए तुझे अल्लाह तआ़ला तेरा
सम्मे क़ातिल है ख़ुदा की क़सम इन का इन्कार
मुन्किरे फ़ज़्ले हुज़ूर आह ये लिक्खा तेरा
मेरे सय्याफ़ के ख़न्जर से तुझे बाक नहीं
चीर कर देखे कोई आह कलेजा तेरा
इब्ने ज़हरा से तेरे दिल में हैं ये ज़हर भरे
बल बे ओ मुन्किरे बेबाक ये ज़हरा तेरा

बाज़े अशहब की ग़ुलामी से ये आँखें फिरनी
देख उड़ जाएगा ईमान का तोता तेरा
शाख़ पे बैठ के जड़ काटने की फ़िक्र में है
कहीं नीचा न दिखाए तुझे शजरा तेरा
हक़ से बद हो के ज़माने का भला बनता है
अरे मैं ख़ूब समझता हूँ मुअम्मा तेरा
सगे दर क़हर से देखे तो बिखरता है अभी
बन्द बन्दे बदन ऐ रू-बहे दुनिया तेरा
ग़रज़ आक़ा से करूँ अर्ज़ कि तेरी है पनाह
बन्दा मजबूर है ख़ातिर पे है क़ब्ज़ा तेरा
हुक्म नाफ़िज़ है तेरा ख़ामा तेरा सैफ़ तेरी
दम में जो चाहे करे दौर है शाहा तेरा
जिसको ललकार दे आता हो तो उल्टा फिर जाए
जिसको चुमकार ले हिर फिर के वो तेरा तेरा
कुंजियाँ दिल की ख़ुदा ने तुझे दीं ऐसी कर
कि ये सीना हो महब्बत का ख़ज़ीना तेरा
दिल पे कन्दा हो तेरा नाम कि वो दुज़्दे रजीम
उल्टे ही पाँव फिरे देख के तुग़रा तेरा
नज़अ में, गोर में, मीज़ाँ पे सरे पुल पे कहीं
न छुटे हाथ से दामाने मुअल्ला तेरा
धूप महशर की तो जाँ सोज़ क़ियामत है मगर
मुतमइन हूँ कि मेरे सर पे है पल्ला तेरा
बहजत उन सिर की है जो 'बहजतुल असरार' में है
कि फ़लक वार मुरीदों पे है साया तेरा
ऐ **'रज़ा'** चीस्त ग़म अर जुमला जहाँ दुश्मने तुस्त
कर्दा अम मा मने ख़ुद क़िबलए हाजा तेरा

हम ख़ाक हैं और ख़ाक ही मावा है हमारा

हम ख़ाक हैं और ख़ाक ही मावा है हमारा
ख़ाकी तो वह आदम जदे आला है हमारा
अल्लाह हमें ख़ाक करे अपनी तलब में
ये ख़ाक तो सरकार से तमग़ा है हमारा
जिस ख़ाक पे रखते थे क़दम सय्यदे आलम
उस ख़ाक पे क़ुरबाँ दिले शैदा है हमारा

ख़म हो गई पुश्ते फ़लक इस ताने ज़मीं से
सुन हम पे मदीना है वह रुतबा है हमारा
उसने लक़बे ख़ाक शहंशाह से पाया
जो हैदरे कर्रार कि मौला है हमारा
ऐ मुद्दईयो ख़ाक को तुम ख़ाक न समझे
इस ख़ाक में मदफूँ शहे बतहा है हमारा
है ख़ाक से तामीर मज़ारे शहे कौनैन
मअमूर इसी ख़ाक से क़िबला है हमारा
हम ख़ाक उड़ाएंगे जो वह ख़ाक न पाई
आबाद **"रज़ा"** जिस पे मदीना है हमारा

ग़म हो गए बेशुमार आक़ा

ग़म हो गए बेशुमार आक़ा
बन्दा तेरे निसार आक़ा
बिगड़ा जाता है खेल मेरा
आक़ा आक़ा संवार आक़ा
मंजधार पे आ के नाव डूबी
दे हाथ कि हूँ मैं पार आक़ा
टूटी जाती है पीठ मेरी
लिल्लाह ये बोझ उतार आक़ा
हल्का है अगर हमारा पल्ला
भारी है तेरा वक़ार आक़ा
मजबूर हैं हम तो फ़िक्र क्या है
तुम को तो है इख़्तियार आक़ा
मैं दूर हूँ तुम तो हो मेरे पास
सुन लो मेरी पुकार आक़ा
मुझ सा कोई ग़मज़दा न होगा
तुम सा नहीं ग़मगुसार आक़ा
गिर्दाब में पड़ गई है कश्ती
डूबा, डूबा उतार आक़ा
तुम वो कि करम को नाज़ तुम से
मैं वो कि बदी को आर आक़ा
फिर मुँह न पड़े कभी ख़िज़ाँ का
दे दे ऐसी बहार आक़ा

जिसकी मर्ज़ी ख़ुदा न टाले
मेरा है वो नामदार आक़ा
है मिल्के ख़ुदा पे जिसका क़ब्ज़ा
मेरा है वो कामगार आक़ा
सोया किए नाबकार बन्दे
रोया किए ज़ार ज़ार आक़ा
क्या भूल है उनके होते कहलायें
दुनिया के ये ताजदार आक़ा
उनके अदना गदा पे मिट जायें
ऐसे ऐसे हज़ार आक़ा
बे अब्रे करम के मेरे धब्बे
ला तग़सिलुहल बिहार आक़ा
इतनी रहमत **'रज़ा'** पे कर लो
ला यक़रबुहुल बवार आक़ा

मुहम्मद मज़हरे कामिल है हक़ की शाने इज़्ज़त का

मुहम्मद मज़हरे कामिल है हक़ की शाने इज़्ज़त का
नज़र आता है इस कसरत में कुछ अन्दाज़ वहदत का
यही है अस्ले आलम माद्दा ईजादे ख़लक़त का
यहाँ वहदत में बरपा है अजब हंगामा कसरत का
गदा भी मुन्तज़िर है ख़ुल्द में नेकों की दावत का
ख़ुदा दिन ख़ैर से लाए सख़ी के घर ज़ियाफ़त का
गुनह मग़फ़ूर, दिल रौशन, ख़ुनक आँखे, जिगर ठंडा
तआलल्लाह माहे तैबा आलम तेरी तलअत का
न रक्खी गुल के जोशे हुस्न ने गुलशन में जा बाक़ी
चटकता फिर कहाँ ग़ुंचा कोई बाग़े रिसालत का
बढ़ा ये सिलसिला रहमत का दौरे ज़ुल्फ़ वाला में
तसलसुल काले कोसों रह गया इस्याँ की ज़ुलमत का
सफ़े मातम उठे ख़ाली हो ज़िन्दाँ टूटें ज़ंजीरें
गुनहगारो चलो मौला ने दर खोला है जन्नत का
सिखाया है ये किस गुस्ताख़ ने आईना को या रब
नज़ारा रूए जानाँ का बहाना कर के हैरत का
इधर उम्मत की हसरत पर उधर ख़ालिक़ की रहमत पर

निराला तौर होगा गर्दिशे चश्मे शफ़ाअत का
बढ़ीं इस दर्जा मौजें कसरते अफ़ज़ाले वाला की
किनारा मिल गया इस नहर से दरियाए वह्दत का
ख़मे ज़ुल्फ़े नबी साजिद है मेहराबे दो अबरू में
कि या रब तू ही वाली है सियहकाराने उम्मत का
मदद ऐ जोशिशे गिरया बहा दे कोह और सहरा
नज़र आ जाए जलवा बे हिजाब उस पाक तुरबत का
हुए कमख़्वाबीए हिजराँ में सातों पर्दे कमख़्वाबी
तसव्वुर ख़ूब बांधा आँखों ने असतारे तुरबत का
यक़ीं है वक़्ते जलवा लग़ज़िशें पाए निगह पाए
मिले जोशे सफ़ाए जिस्म से पा बोस हज़रत का
यहाँ छिड़का नमक वाँ मरहमे काफ़ूर हाथ आया
दिले ज़ख़्मी नमक परवर्दा है किस की मलाहत का
इलाही मुन्तज़िर हूँ वो ख़िरामे नाज़ फ़रमायें
बिछा रखा है फ़र्श आँखों ने कमख़्वाबे बसारत का
न हो आक़ा को सजदा आदम ो यूसुफ़ को सजदा हो
मगर सद्दे ज़राएअ दाब है अपनी शरीअत का
ज़बाने ख़ार किस किस दर्द से उनको सुनाती है
तड़पना दश्ते तैबा में जिगर अफ़गारे फ़ुरक़त का
सरहाने उनके बिस्मिल के ये बेताबी का मातम है
शहे कौसर तरहहुम तिश्ना जाता है ज़ियारत का
जिन्हें मरक़द में ता हश्र उम्मती कह कर पुकारोगे
हमें भी याद कर लो उनमें सदक़ा अपनी रहमत का
वो चमकीं बिजलियाँ या रब तजल्ली–हाए जानाँ से
कि चश्मे तूर का सुर्मा हो दिल मुश्ताक़ रूयत का
'रज़ा'–ए ख़स्ता जोशे बहरे इस्याँ से न घबराना
कभी तो हाथ आ जाएगा दामन उनकी रहमत का

लुत्फ़ उनका आम हो ही जाएगा

लुत्फ़ उनका आम हो ही जाएगा
शाद हर नाकाम हो ही जाएगा

जान दे दो वादए दीदार पर
नक़्द अपना दाम हो ही जाएगा

शाद है फ़िरदौस यानी एक दिन
क़िस्मते ख़ुद्दाम हो ही जाएगा

याद रह जायेंगी ये बेबाकियाँ
नफ़्स तू तो राम हो ही जाएगा

बे निशानों का निशाँ मिटता नहीं
मिटते मिटते नाम हो ही जाएगा

यादे गेसू ज़िक्रे हक़ है आह कर
दिल में पैदा लाम हो ही जाएगा

एक दिन आवाज़ बदलेंगे ये साज़
चहचहा कोहराम हो ही जाएगा

साइलो दामन सख़ी का थाम लो
कुछ न कुछ इनआम हो ही जाएगा

याद अबरू करके तड़पो बुलबुलो
टुकड़े टुकड़े दाम हो ही जाएगा

मुफ़लिसो उनकी गली में जा पड़ो
बाग़े ख़ुल्द इकराम हो ही जाएगा

गर यूँही रहमत की तावीलें रहीं
मद्ह हर इल्ज़ाम हो ही जाएगा

बादाख़्वारी का समाँ बंधने तो दो
शैख़ दुर्द आशाम हो ही जाएगा

ग़म तो उनको भूल कर लिपटा है यूँ
जैसे अपना काम हो ही जाएगा

मिट कि गर यूँ ही रहा क़र्ज़े हयात
जान का नीलाम हो ही जाएगा

आक़िलो उनकी नज़र सीधी रहे
बौरों का भी काम हो ही जाएगा

अब तो लाई है शफ़ाअत अफ़्व पर
बढ़ते बढ़ते आम हो ही जाएगा

ऐ **"रज़ा"** हर काम का इक वक़्त है
दिल को भी आराम हो ही जाएगा

लमयाति नज़ीरु कफ़ी न-ज़-रिन

लम याति नज़ीरु-क फ़ी न-ज़-रिन मिस्ले तो न शुद पैदा जाना
जग राज को ताज तुरे सर सोहे तुझको शहे दोसरा जाना
अल बहरु अला वल मौजु तग़ा मन बेकस ो तूफ़ाँ होश रुबा
मंजधार में हूँ बिगड़ी है हवा मोरी नय्या पार लगा जाना

या शुम्सो नज़रति इला लैली चूँ-ब-तैबा रसी अर्ज़े बु-कुनी
तोरी जोत की झलझल जग में रची मेरी शब ने न दिन होना जाना
लका बदरुन फिल वजहिल अजमल ख़त हालए मह जुल्फ़ अब्रे अजल
तोरे चन्दन चन्द्र परो कुन्डल रहमत की भरन बरसा जाना
अना फ़ी अ-त-शियूँ व सख़ा-क अतम ऐ गेसूए पाक ऐ अब्रे करम
बरसन हारे रिमझिम रिमझिम दो बूंद इधर भी गिरा जाना
या काफ़ि-लती ज़ीदी अ-ज-लक रहमे बर हसरते तिशना लबक
मोरा जि-य-रा लरजे दरक दरक तैबा से अभी न सुना जाना
वा हन लिसुवैआतिन ज़-हबत आँ अहदे हुज़ूरे बार गहत
जब याद आवत मोहे करना परत दर्दा वह मदीने का जाना
अलक़ल्बु शजूँ वल हम्मु शजूँ दिल ज़ार चुनाँ जाँ ज़ेरे चुनूँ
पत अपनी बिपत में का से कहूँ मेरा कौन है तेरे सिवा जाना
अर्रूहु फ़िदा-क फ़ज़िद हरक़ा यक शोला दिगर बर ज़न इशक़ा
मोरा तन मन धन सब फूंक दिया यह जान भी प्यारे जला जाना
बस ख़ामए ख़ाम नवाए **"रज़ा"** न ये तर्ज़ मेरी न ये रंग मेरा
इरशादे अहिब्बा नातिक़ था नाचार इस राह पड़ा जाना

न आसमान को यूँ सर कशीदा होना था

न आसमान को यूँ सर कशीदा होना था
हुज़ूरे ख़ाके मदीना ख़मीदा होना था
अगर गुलों को ख़िज़ाँ ना-रसीदा होना था
किनारे ख़ारे मदीना दमीदा होना था
हुज़ूर उनके ख़िलाफ़े अदब थी बेताबी
मेरी उमीद तुझे आरमीदा होना था
नज़ारा ख़ाके मदीना का और तेरी आँख
न इस क़दर भी क़मर शोख़ दीदा होना था
किनारे ख़ाके मदीना में राहते मिलतीं
दिले हज़ीं तुझे अश्के चकीदा होना था
पनाहे दामने दश्ते हरम में चैन आता
न सब्रे दिल को ग़िज़ाले रमीदा होना था
ये कैसे खुलता कि उन के सिवा शफ़ीअ नहीं
अबस न औरों के आगे तपीदा होना था
हिलाल कैसे न बनता कि माहे कामिल को
सलामे अबरुए शह में ख़मीदा होना था

ल–अम ल अन–न जहन्नम था वादए अ–ज़ली
न मुन्किरों को अबस बदअक़ीदा होना था
नसीम क्यूँ न शमीम उनकी तैबा से लाती
कि सुबहे गुल को गिरेबाँ दरीदा होना था
टपकता रंगे जुनूँ इश्क़े शह में हर गुल से
रगे बहार को नश्तर रसीदा होना था
बजा था अर्श पे ख़ाके मज़ारे पाक को नाज़
कि तुझसा अर्श नशीं आफ़रीदा होना था
गुज़रते जान से एक शोरे 'या ह़बीब' के साथ
.फुग़ाँ को नालए हल्क़े बुरीदा होना था
मेरे करीम गुनह ज़हर है मगर आख़िर
कोई तो शहदे शफ़ाअत चशीदा होना था
जो संगे दर पे जबीं साइयों में था मिटना
तो मेरी जान शरारे जहीदा होना था
तेरी क़बा के न क्यूँ नीचे नीचे दामन हों
कि ख़ाकसारों से याँ कब कशीदा होना था
'रज़ा' जो दिल को बनाना था जलवागाहे ह़बीब
तो प्यारे क़ैदे ख़ुदी से रहीदा होना था

शोरे महे नौ सुनकर तुझ तक मैं दवाँ आया

शोरे महे नौ सुनकर तुझ तक मैं दवाँ आया
साक़ी मैं तेरे सदक़े मय दे र–मज़ाँ आया
इस गुल के सिवा हर फूल बागोशे गिराँ आया
दखे ही गी ऐ बुलबुल जब वक़्ते फ़ुग़ाँ आया
जब बामे तजल्ली पर वो नय्यरे जाँ आया
सर था जो गिरा झुक कर दिल था जो तपाँ आया
जन्नत को हरम समझा आते तो यहाँ आया
अब तक के हर एक का मुँह कहता हूँ कहाँ आया
तैबा के सिवा सब बाग़ पामाले फ़ना होंगे
देखोगे चमन वालो जब अहदे ख़िज़ाँ आया
सर और वो संगे दर आँख और वो बज़्मे नूर
ज़ालिम को वतन का ध्यान आया तो कहाँ आया

कुछ नात के तबक़े का आलम ही निराला है
सकते में पड़ी है अक़्ल चक्कर में गुमाँ आया
जलती थी ज़मीं कैसी थी धूप कड़ी कैसी
लो वो क़दे बे साया अब साया कुनाँ आया
तैबा से हम आते हैं कहिए तो जिनाँ वालो
क्या देख के जीता है जो वाँ से यहाँ आया
ले तौक़े अलम से अब आज़ाद हो ऐ क़ुमरी
चिट्ठी लिए बख़्शिश की वो सरवे रवाँ आया
नामे से **'रज़ा'** के अब मिट जाओ बुरे कामो
देखो मेरे पल्ले पर वो अच्छे मियाँ आया
बदकार **'रज़ा'** ख़ुश हो बद काम भले होंगे
वो अच्छे मियाँ प्यारा अच्छों का मियाँ आया

ख़राब हाल किया दिल को पुर मलाल किया

ख़राब हाल किया दिल को पुर मलाल किया
तुम्हारे कूचे से रुख़सत किया निहाल किया
न रू-ए गुल अभी देखा न बू-ए गुल सूंघी
क़ज़ा ने लाके क़फ़स में शिकस्ता बाल किया
वो दिल कि ख़ूँ-शुदा अरमाँ थे जिसमें मल डाला
फ़ुग़ाँ कि गोरे शहीदाँ को पाएमाल किया
ये राए क्या थी वहाँ से पलटने की ऐ नफ़्स
सितमगर उल्टी छुरी से हमें हलाल किया
ये कब की मुझसे अदावत थी तुझको ऐ ज़ालिम
छुड़ा के संगे दरे पाक सर वबाल किया
चमन से फेंक दिया आशियानए बुलबुल
उजाड़ा ख़ानए बेकस बड़ा कमाल किया
तेरा सितम-ज़दा आँखों ने क्या बिगाड़ा था
ये क्या समाई कि दूर इनसे वो जमाल किया
हुज़ूर उनके ख़्याले वतन मिटाना था
हम आप मिट गए अच्छा फ़राग़े बाल किया
न घर का रखा न इस दर का हाय नाकामी
हमारी बेबसी पर भी न कुछ ख़्याल आया

जो दिल ने मर के जलाया था मिन्नतों का चराग़
सितम कि अर्ज़ों रहे सरसरे ज़वाल किया
मदीना छोड़ के वीराना हिंद का भाया
ये कैसा हाए हवासों ने इख़्तेलाल किया
तू जिसके वास्ते छोड़ आया तैबा सा महबूब
बता तो इस सितम आरा ने क्या निहाल किया
अभी अभी तो चमन में थे चहचहे नागाह
ये दर्द कैसा उठा जिसने जी निढाल किया
इलाही सुन ले **'रज़ा'** जीते जी कि मौला ने
सगाने कूचा में चेहरा मेरा बहाल किया

बन्दा मिलने को क़रीबे हज़रते क़ादिर गया

बन्दा मिलने को क़रीबे हज़रते क़ादिर गया
लमअए बातिन मे गुमने जलवए ज़ाहिर गया
तेरी मर्ज़ी पा गया सूरज फिरा उल्टे क़दम
तेरी उगंली उठ गई मह का कलेजा चिर गया
बढ़ चली तेरी ज़िया अंधेर आलम से घटा
खुल गया गेसू तेरा रहमत का बादल घिर गया
बंध गई तेरी हवा सावा में ख़ाक उड़ने लगी
बढ़ चली तेरी ज़िया आतिश पे पानी फिर गया
तेरी रहमत से सफ़ीउल्लाह का बेड़ा पार था
तेरे सदक़े से नजीउल्लाह का बजरा तिर गया
तेरी आमद थी कि बैतुल्लाह मुजरे को झुका
तेरी हैबत थी कि हर बुत थर थरा कर गिर गया
मोमिन उनका क्या हुआ अल्लाह उसका हो गया
काफ़िर उनसे क्या फिरा अल्लाह ही से फिर गया
वो कि उस दर का हुआ ख़ल्क़े ख़ुदा उसकी हुई
वो कि उस दर से फिरा अल्लाह उससे फिर गया
मुझको दीवाना बताते हो मैं वो हुश्यार हूँ
पाँव जब तौफ़े हरम में थक गए सर फिर गया
रहतुल लिल आलमीं आफ़त में हूँ कैसी करूँ
मेरे मौला मैं तो इस दिल से बला में घिर गया

मैं तेरे हाथों के सदक़े कैसी कंकरियाँ थीं वो
जिनसे इतने काफ़िरों का दफ़अतन मुँह फिर गया
क्यूँ जनाबे बू हुरैरा था वो कैसा जामे शीर
जिससे सत्तर साहिबों का दूध से मुँह फिर गया
वास्ता प्यारे का ऐसा हो कि जो सुन्नी मरे
यूँ न फ़रमायें तेरे शाहिद कि वो फ़ाजिर गया
अर्श पर धूमें मचें वो मोमिने स़ालेह मिला
फ़र्श से मातम उठे वो तय्यिब ो ताहिर गया
अल्लाह अल्लाह ये उलूए ख़ासे अब्दीय्यत **'रज़ा'**
बन्दा मिलने को क़रीबे हज़रते क़ादिर गया
ठोकरें खाते फिरोगे उनके दर पर पड़ रहो
क़ाफ़िला तो ऐ **'रज़ा'** अव्वल गया आख़िर गया

नेमतें बांटता जिस सम्त वह ज़ीशान गया

नेमतें बांटता जिस सम्त वह ज़ीशान गया
साथ ही मुंशीए रह़मत का क़लमदान गया
ले ख़बर जल्द कि ग़ैरों की तरफ़ ध्यान गया
मेरे मौला मेरे आक़ा तेरे .कुरबान गया
आह वह आँख कि नाकामे तमन्ना ही रही
हाय वह दिल जो तेरे दर से पुर अरमान गया
दिल है वह दिल जो तेरी याद से मामूर रहा
सर है वह सर जो तेरे क़दमों पे क़ुरबान गया
उन्हें जाना उन्हें माना न रखा ग़ैर से काम
लिल्लाहिलहम्द में दुनिया से मुसलमान गया
और तुम पर मेरे आक़ा की इनायत न सही
नज्दियो कलिमा पढ़ाने का भी एहसान गया
आज ले उनकी पनाह आज मदद मांग उनसे
फिर न मानेंगे क़यामत में अगर मान गया
उफ़ रे मुन्किर ये बढ़ा जोशे तअस्सुब आख़िर
भीड़ में हाथ से कमबख़्त के ईमान गया
जानो दिल होशो ख़िरद सब तो मदीने पहँचे
तुम नहीं चलते **"रज़ा"** सारा तो सामान गया

ताबे मिर्आते सहर गर्द बयाबाने अरब

ताबे मिर्आते सहर गर्द बयाबाने अरब
ग़ाज़ए रू-ए क़मर दूदे चराग़ाने अरब

अल्लाह अल्लाह बहारे चमन्स्ताने अरब
पाक हैं लौसे ख़िज़ाँ से गुल ो रैहाने अरब

जोशिशे अब्र से ख़ूने गुले फ़िरदौस गिरे
छेड़ दे रग को अगर ख़ारे बयाबाने अरब

तश्नए नहरे जिनाँ हर अ-रबीयों अ-जमी
लबे हर नहरे जिनाँ तश्नए नीसाने अरब

तौक़े ग़म आप हवाए परे क़ुमरी से गिरे
अगर आज़ाद करे सर्वे ख़िरामाने अरब

मेहर मीज़ाँ में छुपा हो तो हमल में चमके
डाले एक बूंद शबे दे में जो बाराने अरब

अर्श से मुज़्दए बिलक़ीसे शफ़ाअत लाया
ताइरे सिदरा नशीं मुर्ग़े सुलैमाने अरब

हुस्ने यूसुफ़ पे कटीं मिस्र में अंगुश्ते ज़नाँ
सर कटाते हैं तेरे नाम पे मर्दाने अरब

कूचे कूचे में महकती है यहाँ बूए क़मीस
यूसुफ़िस्ताँ है हर एक गोशए कनआने अरब

बज़्मे क़ुदसी में है यादे लबे जाँ बख़्शे हुज़ूर
आलमे नूर में है चश्मए हैवाने अरब

पाए जिबरील ने सरकार से क्या क्या अलक़ाब
ख़ुसरवे ख़ैले मलक ख़ादिमे सुलताने अरब

बुलबुलो नीलपरो कबक बनो परवानो
मह ो ख़ुर्शीद पे हंसते हैं चराग़ाने अरब

हूर से क्या कहें मूसा से मगर अर्ज़ करें
कि है ख़ुद हुस्ने अजल तालिबे जानाने अरब

क-रमे नात के नज़दीक तो कुछ दूर नहीं
कि **'रज़ाए'** अ-जमी हो सगे हस्साने अरब

फिर उठा वलवलए यादे मुग़ीलाने अरब

फिर उठा वलवलए यादे मुग़ीलाने अरब
फिर खिंचा दामने दिल सूए बयाबाने अरब
बाग़े फ़िरदौस को जाते हैं हज़ाराने अरब
हाय सहराए अरब हाय बयाबाने अरब
मीठीं बातें तेरी दीने अजम ईमाने अरब
न-मकीं हुस्न तेरा जाने अजम शाने अरब
अब तो है गिर्यए ख़ूँ गौहरे दामाने अरब
जिस में दो लअल थे ज़हरा के वो थी काने अरब
दिल वही दिल है जो आँखों से हो हैराने अरब
आँखें वो आँखें हैं जो दिल से हों क़ुर्बाने अरब
हाए किस वक़्त लगी फांस अलम की दिल में
कि बहुत दूर रहे ख़ारे मुग़ीलाने अरब
फ़स्ले गुल लाख न हो वस्ल की रख आस हज़ार
फूलते फलते हैं बेफ़स्ल गुलिस्ताने अरब
सद्क़े होने को चले आते हैं लाखों गुलज़ार
कुछ अजब रंग से फूला है गुलिस्ताने अरब
अन्दलीबी पे झगड़ते हैं कटे मरते हैं
गुलो बुलबुल को लड़ाता है गुलिस्ताने अरब
सदक़े रह़मत के कहाँ फूला कहाँ ख़ार का काम
ख़ुद है दामन कशे बुलबुल गुले ख़न्दाने अरब
शादीए हश्र है सदक़े में छूटेंगे क़ैदी
अर्श पर धूम से है दावते मेहमाने अरब
चर्चे होते हैं ये कुम्हलाए हुए फूलों में
क्यूँ ये दिन देखते पाते जो बयाबाने अरब
तेरे बे दाम के बन्दे हैं रईसाने अजम
तेरे बेदाम के बन्दी हैं हज़ाराने अरब
हश्त ख़ुल्द आयें वहाँ कस्बे लताफ़त को **'रज़ा'**
चार दिन बरसे जहाँ अब्रे बहाराने अरब

जोबनों पर है बहारे चमन आराइए दोस्त

जोबनों पर है बहारे चमन आराइए दोस्त
ख़ुल्द का नाम न ले बुलबुले शैदाइए दोस्त
थक के बैठे तो दरे दिल पे तमन्नाइए दोस्त
कौन से घर का उजाला नहीं ज़ेबाइए दोस्त
अर्सए हश्र कुजा? मौक़िफ़े महमूद कुजा?
साज़ हंगामों से रखती नहीं यकताइए दोस्त
मेहर किस मुँह से जिलो दरिए जाँना करता
साए के नाम से बेज़ार है यकताइए दोस्त
मरने वालों को यहाँ मिलती है उम्रे जावेद
ज़िन्दा छोड़ेगी किसी को न मसीहाइए दोस्त
उनको यकता किया और ख़ल्क़ बनाई यानी
अंजुमन करके तमाशा करे तन्हाइए दोस्त
काबा ओ अर्श में कोहराम है नाकामी का
आह किस बज़्म में है जलवए यकताइए दोस्त
हुस्ने बे पर्दा के पर्दे ने मिटा रखा है
ढूंढने जायें कहाँ जलवए हरजाइए दोस्त
शौक़ रोके न रुके पाँऊ उठाए न उठे
कैसी मुश्किल में हैं अल्लाह तमन्नाइए दोस्त
शर्म से झुकती है मेहराब कि साजिद हैं हुज़ूर
सजदा करवाती है काबे से जबीं साइए दोस्त
ताज वालों का यहाँ ख़ाक पे माथा देखा
सारे दाराओं की दारा हुई दाराइए दोस्त
तूर पर कोई कोई चर्ख़ पे ये अर्श से पार
सारे बालाओं पे बाला रही बालाइए दोस्त
अन–त फ़ीहिम ने अदू को भी लिया दामन में
ऐशे जावेद मुबारक तुझे शैदाइए दोस्त
रंजे अअदा का **'रज़ा'** चारा ही क्या है जब उन्हें
आप गुस्ताख़ रखे हिल्म ो शकेबाइए दोस्त

तूबा में जो सबसे ऊँची नाज़ुक सीधी निकली शाख़

तूबा में जो सबसे ऊँची नाज़ुक सीधी निकली शाख़
मांगू नाते नबी लिखने को रूहे क़ुदुस से ऐसी शाख़
मौला गुलबन रह़मत ज़हरा सिबतैन इसकी कलियाँ फूल
सिद्दीक़ ो फ़ारूक़ ो उस्माँ हैदर हर एक उसकी शाख़
शाख़े क़ामते शह में ज़ुल्फ़ ो चश्म ो रुख़सार ो लब हैं
सुंबुल नर्गिस गुल पंखड़ियाँ क़ुदरत की क्या फूली शाख़
अपने इन बाग़ों का सदक़ा वो रह़मत का पानी दे
जिससे नख़्ले दिल में हो पैदा प्यारे तेरी विला की शाख़
यादे रुख़ में आहें करके बन में मैं रोया आई बहार
झूमीं नसीमें नीसाँ बरसा कलियाँ चटकीं महकी शाख़
ज़ाहिर ो बातिन अव्वल ो आख़िर जैबे फ़ुरू ओ ज़ैने उसूल
बाग़े रिसालत में है तू ही गुल ग़ुंचा जड़ पत्ती शाख़
आले अह़मद ख़ुज़ बेयदी या सय्यिदी हम्ज़ा कुन म–ददी
वक़्ते ख़िज़ाने उम्रे **'रज़ा'** हो बरगे हुदा से न आरी शाख़

ज़हे इज़्ज़तो एतेलाए मुह़म्मद

ज़हे इज़्ज़त ो एतेलाए मुह़म्मद
कि है अर्शे हक़ ज़ेरे पाए मुह़म्मद
मकाँ अर्श उनका फ़लक फ़र्श उनका
मलक ख़ादिमाने सराए मुह़म्मद
ख़ुदा की रज़ा चाहते हैं दो आलम
ख़ुदा चाहता है रज़ाए मुह़म्मद
अजब क्या अगर रह़म फ़रमाए हम पर
ख़ुदाए मुह़म्मद बराए मुह़म्मद
मुह़म्मद बराए जनाबे इलाही
जनाबे इलाही बराए मुह़म्मद
बसी इत्रे महबूबिए किबरिया से
अबाए मुह़म्मद क़बाए मुह़म्मद
बहम अहद बांधे हैं वसले अबद का
रज़ाए ख़ुदा और रज़ाए मुह़म्मद

दमे नज़्अ जारी हो मेरी ज़बाँ पर
मुह़म्मद मुह़म्मद .ख़ुदाए मुह़म्मद

असाए कलीम अज़्दहाए ग़ज़ब था
गिरों का सहारा असाए मुह़म्मद

मैं क़ुरबान क्या प्यारी प्यारी है निसबत
ये आने ख़ुदा वह ख़ुदाए मुह़म्मद

मुह़म्मद का दम ख़ास बहरे ख़ुदा है
सिवाए मुह़म्मद बराए मुह़म्मद

ख़ुदा उनको किस प्यार से देखता है
जो आँखें हैं महवे लिक़ाए मुह़म्मद

जिलो में इजाबत ख़वासी में रह़मत
बढ़ी किस तुज़ुक से दुआए मुह़म्मद

इजाबत ने झुक कर गले से लगाया
बढ़ी नाज़ से जब दुआए मुह़म्मद

इजाबत का सेहरा इनायत का जोड़ा
दुल्हन बन के निकली दुआए मुह़म्मद

"रज़ा" पुल से अब वज्द करते गुज़रिए
के है रब्बे सल्लिम सदाए मुह़म्मद

ऐ शाफ़ेए उमम शहे ज़ी जाह ले ख़बर

ऐ शाफ़ेए उमम शहे ज़ी जाह ले ख़बर
लिल्लाह ले ख़बर मिरी लिल्लाह ले ख़बर

दरिया का जोश, नाव, न बेड़ा, न नाख़ुदा
मैं डूबा तू कहाँ है मिरे शाह ले ख़बर

मंज़िल कड़ी है रात अंधेरी मैं ना बलद
ऐ ख़िज़्र ले ख़बर मेरी ऐ माह ले ख़बर

पहुँचे पहुँचने वाले तो मंज़िल मगर शहा
उनकी जो थक के बैठे सरे राह ले ख़बर

जंगल दरिन्दों का है मैं बे यार शब क़रीब
घेरे हैं चार सम्त से बदख़्वाह ले ख़बर

मंज़िल नई अज़ीज़ जुदा लोग ना शनास
टूटा है कोहे ग़म मैं परे काह ले ख़बर

वो सख़्तियाँ सवाल की वो सूरतें मुहीब

ऐ ग़मज़दों के हाल से आगाह ले ख़बर
मुजरिम को बारगाहे अदालत में लाए हैं
तकता है बेकसी में तेरी राह ले ख़बर
अहले अमल को उनके अमल काम आयेंगे
मेरा है कौन तेरे सिवा आह ले ख़बर
पुर-ख़ार राह बरहना पा तिश्ना आब दूर
मौला पड़ी है आफ़ते जाँकाह ले ख़बर
बाहर ज़बानें प्यास से हैं आफ़ताब गर्म
कौसर के शाह कस्स-रहुल्लाह ले ख़बर
माना कि सख़्त मुजरिम ो नाकारा है **'रज़ा'**
तेरा ही तो है बन्दए दरगाह ले ख़बर

दर मनक़बते हुज़ूर ग़ौसे आज़म (रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु)

बन्दा क़ादिर का भी क़ादिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

बन्दा क़ादिर का भी क़ादिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
सिर्रे बातिन भी है ज़ाहिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
मुफ़्तिए शरअ भी है क़ाज़ि-ए मिल्लत भी है
इल्मे असरार से माहिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
मम्बए फ़ैज़ भी है मजमअे अफ़ज़ाल भी है
मेहरे इरफ़ाँ का मुनव्विर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
क़ुतब अब्दाल भी है मिहवरे इर्शाद भी है
मरकज़े दाएरए सिर्र भी है अ़ब्दुल क़ादिर
सिल्के इर्फ़ां की ज़िया है यही दुर्रे मुख़्तार
फ़ख़्रे अश्बाह ो नज़ाइर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
इसके फ़रमान हैं सब शारेहे हुक्मे शारेअ़
मज़हरे नाहियो आमिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
ज़ी तसर्रुफ़ भी है माज़ून भी मुख़्तार भी है
कारे आलम का मुदब्बिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
रश्के बुलबुल है **'रज़ा'** लालए सद दाग़ भी हैं
आप का वासिफ़ ो ज़ाकिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

गुज़रे जिस राह से वो सय्यदे बाला होकर

गुज़रे जिस राह से वो सय्यदे वाला हो कर
रह गई सारी ज़मीं अम्बर सारा हो कर
रुख़े अनवर की तजल्ली जो क़मर ने देखी
रह गया बोसा दहे नक़्शे कफ़े पा हो कर
वाय महरूमीए क़िस्मत कि मैं फिर अब की बरस
रह गया हमरहे ज़ुव्वारे मदीना हो कर
च–मने तयबा है वो बाग़ कि मुर्ग़े सिदरह
बरसों चहके हैं जहाँ बुलबुले शैदा हो कर
सर सरे दश्ते मदीना का मगर आया ख़याल
रश्के गुलशन जो बना ग़ुन्चए दिल वा हो कर
गोशे शह कहते हैं फ़रयाद–रसी को हम हैं
वादए चश्म है बख़्शायेंगे गोया हो कर
पाए शह पर गिरे या रब तपिशे मेहर से जब
दिले बेताब उड़े हश्र में पारा हो कर
है ये उम्मीद **'रज़ा'** को तेरी रहमत से शहा
न हो ज़िन्दानिए दोज़ख़ तेरा बन्दा हो कर

नारे दोज़ख़ को चमन कर दे बहारे आरिज़

नारे दोज़ख़ को चमन कर दे बहारे आरिज़
महे नौ – नया चाँद ★★★ दवाँ – दौड़ा हुआ ★★★ साक़ी – पिलाने वाला ★★★ मय – शराब ★★★ रमज़ाँ – रमज़ान का महीना ★★★ गुल – फूल ★★★ बागोश गिराँ – बहरा ★★★ .फ़ुग़ाँ – फ़रयाद ★★★ बाम – छत ★★★ तजल्ली – रोशनी ★★★ नय्यर – सूरज ★★★ तपाँ – तड़पता हुआ, बेक़रार ★★★ पामाल – रौंदा हुआ ★★★ फ़ना – मिटा हुआ, बरबाद ★★★ अहदे ख़िज़ाँ – यहाँ मुराद वह दिन है जब सूर फूंका जाएगा और सब चीज़ें फ़ना हो जायेंगी ★★★ बज़्मे नूर – नूरानी महफ़िल ★★★ क़दे बेसाया – जिस जिस्म का साया न हो ★★★ साया कुनाँ – साया डालने वाला ★★★ जिनाँ – जननत ★★★ तौक़े अलम – ग़म का फंदा ★★★ .कुमरी – फ़ाख़्ता की तरह एक परिन्दा ★★★ सर्वे रवाँ – चलने वाला यहाँ मुराद मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम हैं। ★★★ नामा – दफ़्तर ★★★ अच्छे मियाँ ★★★ हुज़ूर आले अहमद मारहरवी रदि़यल्लाहु तआला अन्हु का उर्फ़ी नाम है।

ख़राब हाल किया दिल को पुर मलाल किया

पुर मलाल - रंज से भरा हुआ *** निहाल - ख़ुश *** रुए गुल - फूल जैसा चेहरा *** क़ज़ा - तक़दीर *** क़फ़स - पिंजरा *** शिकस्ता बाल - पर कटा हुआ *** ख़ूँ-शुदा - ख़ून बना हुआ *** .फ़ुग़ाँ - फ़रयाद *** गोरे शहीदाँ - शहीदों की क़ब्र *** पाएमाल - कुचला हुआ *** सितमगर - ज़ालिम *** चमन - बाग़ यहाँ मुराद मदीनए पाक *** आशयाना - घोंसला *** ख़ानए बेकस - मजबूर का घर *** सितमज़दा - मज़लूम, जिस पर ज़ुल्म हुआ हो *** फ़राग़ बाल - बेकारी *** सर सरे ज़वाल - फ़ना की तेज़ आंधी *** हवासों - जमा हवास की यानी देखने, सुनने, सूंघने, चखने और पकड़ने की ताक़त *** इख़्तेलाल - ख़लल पैदा करना *** नागाह - अचानक *** सगाने कूचा - गली के कुत्ते *** चेहरा मेरा बहाल किया - यानी मुझे पहचान लिया कि मैं आप के दर का .ग़ुलाम हूँ

बन्दा मिलने को क़रीबे हज़रते क़ादिर गया

हज़रते क़ादिर - अल्लाह के दरबार में *** लमअ - चमक *** बातिन - पोशीदा, छुपा हुआ *** गुमने - फ़ना होने *** जलवए ज़ाहिर - वह नूर जो ज़ाहिर हुआ *** मह - चाँद *** ज़िया - रोशनी, नूर *** गेसू - बाल *** सावा - एक दरया का नाम *** आतिश - यहाँ वह आग मुराद है जो फ़ारस के पूजाघरों में जलती रहती थी और जब हमारे आक़ा इस दुनिया में तशरीफ़ लाए तो वह बुझ गई *** सफ़ी उल्लाह - लक़ब हज़रते आदम अ़लैहिस्सलाम का *** नजी उल्लाह - लक़ब हज़रते नूह अ़लैहिस्सलाम का *** बजरा - एक क़िस्म की कश्ती *** तिर गया - पार हो गया *** आमद - तशरीफ़ आवरी *** बैतुल्लाह मुजरे को झुका - यानी जब हमारे आक़ा पैदा हुए तो काबा शरीफ़ सजदे को झुक गया *** तौफ़े ह़रम - ह़रम का तवाफ़ यानी चक्कर *** रह़मतुल्लिल आलमीं - तमाम आलम के लिए रह़मत, यह लक़ब है हमारे आक़ा मुह़म्मदुर्रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्ल्म का *** दफ़अतन - अचानक *** बूहुरैरह - मशहूर सहाबी हज़रते अबू हुरैरह रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु *** जामे शीर - दूध का प्याला *** फ़ाजिर - गुनहगार *** सालेह - नेक आदमी *** तय्यब ो ताहिर - पाक साफ़ *** उलूए ख़ास - ख़ास बलन्दी *** अबदियत - बन्दगी।

नेमतें बांटता जिस सम्त वह ज़ीशान गया

सम्त – तरफ़ ★★★ ज़ीशान – शान वाला ★★★ मुंशी – लिखने वाला ★★★ रहमत – मेहरबानी ★★★ मौला – सरदार, आक़ा, मालिक ★★★ पुर अरमान – अरमान से भरा हुआ ★★★ मामूर – आबाद, भरा हुआ ★★★ लिल्लाहिल ह़म्द – अल्लाह का शुक्र अदा करते वक़्त पढ़ते हैं ★★★ नजदियो – नज्द का रहने वाला यहाँ मुराद वहाबी लोग हैं ★★★ मुन्किर – इन्कार करने वाला ★★★ तअस्सुब – अदावत, दुश्मनी ★★★ कमबख़्त – कम क़िस्मत वाला ★★★ ख़िरद – अक़्ल

ताबे मिर्आते सहर गर्द बयाबाने अरब

ताब – चमक ★★★ मिरात – आइने ★★★ सहर – सुबह ★★★ बयाबान – जंगल ★★★ ग़ाज़ा – पाउडर ★★★ रू–ए क़मर – चाँद का चेहरा ★★★ दूद – धुआँ ★★★ चराग़ाने अरब – अरब के चराग़ ★★★ चमनिस्तान – बाग़ ★★★ लौस – आलूदगी, ऐब ★★★ ख़िज़ाँ – पतझड़ ★★★ रैहान – फूल ★★★ जोशिशे अब्र – बादल का ज़ोर ★★★ ख़ूने गुल – फूल का ख़ून ★★★ फ़िरदौस – जन्नत का आला मक़ाम ★★★ ख़ार – कांटा ★★★ बयाबान – जंगल ★★★ तश्ना – प्यासा ★★★ नहरे जिनाँ – जन्नत की नहर ★★★ अ–जमी – जो अरब का रहने वाला न हो ★★★ नीसाने अरब – अरब की बारिश ★★★ तौक़े ग़म – ग़म का हार ★★★ सर्वे ख़िरामाने अरब – यहाँ मुराद हुज़ूर का क़द है ★★★ मेहर – सूरज ★★★ मीज़ान – एक बुर्ज का नाम ★★★ हमल – एक बुर्ज का नाम ★★★ शब – रात ★★★ बाराने अरब – अरब की बारिश ★★★ मुज़दा – ख़ुशख़बरी ★★★ बिलक़ीसे शफ़ाअत – शफ़ाअत की मलका ★★★ ताइर – चिड़िया ★★★ सिदरा नशीं – सिदरा पर क़याम करने वाला मराद हज़रते जिब्रील अलैहिस्सलाम ★★★ मुर्ग़ – एक परिन्दा ★★★ सुलैमाने अरब – यहाँ हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम मुराद हैं ★★★ अंगुश्ते ज़नाँ – औरतों की उंगलियाँ ★★★ गोशा – कनारा ★★★ कनआन – हज़रते यूसुफ़ अ़लैहिस्सलाम का वतन, कूचा, गली ★★★ बूए कमीस – क़मीज़ की महक ★★★ यूसुफ़िस्ताँ – यूसुफ़ अलैहिस्सलाम की तरफ़ मन्सूब बस्ती ★★★ बज़्मे .क़ुदसी – फ़िरिश्तों की महफ़िल ★★★ लब – होंट ★★★ जाँ बख़्श – जान अता करने वाला ★★★ चश्मए हैवान – आबे हयात का चश्मा, अमृत ★★★ अलक़ाब – लक़ब की जमा, एज़ाज़ी नाम ★★★ ख़ुसरो – बादशाह ★★★ ख़ैल –

जमाअत *** मलक – फ़िरिश्ते *** नील पर – नीलकठ *** कुबक – चकोर *** मह – चाँद *** ख़ुर्शीद – सूरज *** हुस्ने अज़ल – मुराद अल्लाह तआ़ला है *** जानान – महबूब *** करमे नात – नात की बख़्शिश, इनायत *** सग – कुत्ते *** हस्सान – एक सहाबीए रसूल हैं जो सरकार के दरबार के शायर थे *** सगे हस्सान – हस्सान के दरबार का कुत्ता।

फिर उठा वल्वलए यादे मुग़ीलाने अरब

वलवलए याद – याद का जोश *** मुग़ीलाने अरब – अरब का कांटेदार जंगल *** सूए बयाबान अरब – अरब के जंगल की तरफ़ *** बाग़े फ़िरदौस – जन्नत का बाग़ *** हज़ाराने अरब – अरब की बुलबुलें *** सहराए अरब – अरब का जंगल *** अजम – अरब के अलावा दुनिया का हिस्सा *** गिरयए ख़ूँ – ख़ून के आंसू *** ज़हरा – हज़रते फ़ातिमा रद़ियल्लाह तआ़ला अ़न्हा *** कान – खान *** वस्ल – मुलाक़ात *** आस – उम्मीद *** गुलिस्तान – बाग़ *** गुलज़ार – बाग़ *** अन्दलीबी – आशिक़ होना *** दामन कश – दामन खींचने वाला *** गुले ख़न्दाँ – खिला हुआ फूल *** शादी – ख़ुशी *** बेदाम – मुफ़्त के, बग़ैर जाल के *** हज़ाराने – अरब की बुलबुल *** हश्त ख़ुल्द – आठों जन्नतें *** कसब – कमाना, हासिल करना *** लताफ़त – पाकीज़गी *** अब्र – बादल।

जोबनों पर है बहारे चमनआराई दोस्त

जोबनों – ख़ूबसूरतियाँ *** चमनआराई – बाग़ को संवारना *** ख़ुल्द – जन्नत *** शैदाई – आशिक़ *** ज़ेबाई – ख़ूबसूरती *** अर्सए हश्र – हश्र का मैदान *** मौक़िफ़ – ठहरने की जगह *** मौक़िफ़ महमूद – मक़ामे महमूद जो हुज़ूर को रोज़े क़ियामत अता होगा *** साज़ – मुवाफ़्क़त *** जिलोदारी – साथ चलना *** उम्रे जावेद – हमेशा की ज़िन्दगी *** मसीहाई – मुर्दे जिलाना *** यकता – बेमिस्ल *** ख़ल्क़ – मख़लूक़ *** अन्जुमन – महफ़िल *** जबीं साई – पेशानी रगड़ना *** दारा – नाम एक बादशाह का जो बहुत बहादुर था *** चर्ख़ – आसमान *** अन–त फ़ीहिम – इशारा है इस आयत की तरफ़ जिसमें फ़रमाया गया कि आप जब तक उनमें रहेंगे अल्लाह उन पर अज़ाब न भेजेगा *** अदू – दुश्मन *** ऐशे जावेद – हमेशा की ज़िन्दगी *** आदा – बहुत से दुश्मन *** हिल्म – नर्मी, बर्दाश्त *** शकेबाई – सब्र।

तूबा में जो सबसे ऊँची नाज़ुक सीधी निकली शाख़

तूबा – जन्नत का एक दरख़्त ★★★ रुहुल .कुदुस – हज़रते जिब्रील अ़लैहिस्सलाम ★★★ गुलबने रह़मत – रह़मत का पौधा ★★★ ज़हरा – हज़रते फ़ातिमा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हा ★★★ सिबतैन – दो नवासे यानी इमामे हसन व हुसैन रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा ★★★ हैदर – मौला अ़ली रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु का लक़ब ★★★ क़ामत – क़द ★★★ ज़ुल्फ़ – बाल ★★★ चश्म – आँख ★★★ रुख़्सार – गाल ★★★ लब – होंट ★★★ सुम्बुल – एक क़िस्म की घास है, बालछड़ जो बहुत ख़ुशबूदार होती है ★★★ नरगिस – एक फूल का नाम ★★★ नख़्ल – खजूर का दरख़्त, बाग़ ★★★ विला – महब्बत ★★★ यादे रुख़ – चेहरे की याद ★★★ नसीमें – सुबह की ठंडी हवायें ★★★ नीसाँ – बारिश ★★★ ज़ाहिर – खुला हुआ ★★★ बातिन – छुपा हुआ ★★★ ज़ैब व ज़ैन – सजावट, सिंगार ★★★ .फुरूअ – शाख़ें, औलाद ★★★ उसूल – अस्ल की जमा जड़, आबा ओ अजदाद ★★★ आले अह़मद – मारहरा शरीफ़ के एक बहुत बड़े बुज़ुर्ग का नाम जो आलाहज़रत के पीरों में हैं ★★★ ख़ुज़ – पकड़ ले ★★★ बेयदी – मेरे हाथ को ★★★ ह़म्ज़ा – मारहरा शरीफ़ के एक बहुत बड़े बुज़ुर्ग का नाम जो आलाहज़रत के पीरों में हैं ★★★ कुन – कीजिए ★★★ म–ददी – मदद ★★★ वक़्ते ख़िज़ाने उम्र – बुढ़ापे का वक़्त ★★★ बर्गे हुदा – हिदायत का पत्ता ★★★ आरी – ख़ाली।

ज़हे इज़्ज़तो एतेलाए मुह़म्मद

ज़हे – वाह वाह ★★★ ऐतला – बलन्दी, ऊँचाई ★★★ ज़ेरे पा – पांव के नीचे ★★★ फ़लक – आसमान ★★★ मलक – फ़रिश्ते ★★★ ख़ादमान – ख़िदमत करने वाले ★★★ सराए – घर, मकान ★★★ रज़ा – ख़ुशी ★★★ अजब – तअज्जुब ★★★ बराए मुह़म्मद – मुह़म्मद स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम के वास्ते ★★★ किबरिया – अल्लाह का नाम ★★★ अबा – मशहूर लिबास ★★★ .कबा – जुब्बा ★★★ बहम – आपस में ★★★ अहद – वादा ★★★ वस्ल – मिलना ★★★ अबद – हमेशा ★★★ दमे नज़अ – मौत का वक़्त जब रूह क़ब्ज़ की जाती है ★★★ असा – लाठी ★★★ कलीम – मूसा अलैहिस्सलाम का लक़ब ★★★ आन – इज़्ज़त ★★★ दम – जान ★★★ बहर – वास्ते ★★★ महव – मसरूफ़ ★★★ लिक़ा – दीदार, देखना, मिलना ★★★ जिलो – हमराह, साथ ★★★ इजाबत – दुआ का क़बूल होना ★★★ ख़वासी – ख़िदमतगारी ★★★ तुज़ुक – शान व शौकत ★★★ रब्बे सल्लिम –

या रब सलामती से गुज़ार। पुलसिरात पर से अपनी उम्मत के गुज़रते वक़्त हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अल्लाह तआला से यही दुआ करेंगे यानी रब्बे सल्लिम।

ऐ शाफ़ेए उमम शहे ज़ी जाह ले ख़बर

शफ़ेए उमम – उम्मतों की सिफ़ारिश कराने वाले ★★★ शहे ज़ी जाह – मरतबे वाले बादशाह ★★★ लिल्लाह – अल्लाह के वास्ते ★★★ नाख़ुदा – कश्ती चलाने वाला ★★★ नाबलद – अन्जान, नावाक़िफ़ ★★★ ख़िज़्र – रहनुमा ★★★ सरे राह –रास्ते में ★★★ बेयार – जिसका कोई मददगार न हो ★★★ चार सम्त – चारों तरफ़ ★★★ बदख़्वाह – बुरा चाहने वाला, दुश्मन ★★★ अज़ीज़ – क़रीबी लोग ★★★ नाशनास – न पहचानने वाले ★★★ कोहे ग़म – रंज का पहाड़ ★★★ परे काह – घास का तिनका, हक़ीर ★★★ मुहीब – डरावना ★★★ ग़मज़दों – ग़म के मारे हुए लोग ★★★ पुरख़ार राह – कांटों से भरा रास्ता ★★★ बरहना पा – नंगे पांव ★★★ तश्ना – प्यासा ★★★ आब – पानी ★★★ जाँकाह – जान को घटा देने वाला रंज ★★★ आफ़ताब – सूरज ★★★ कौसर – जन्नत की मशहूर नहर का नाम ★★★ शहे कौसर – कौसर के मालिक।

मनक़बते हुज़ूरे ग़ौसे पाक

बन्दा क़ादिर का भी क़ादिर भी है अब्दुल क़ादिर

क़ादिर – अल्लाह तआला का नाम ★★★ क़ादिर – जिसे क़ुदरत व इख़्तेयार दिया गया हो ★★★ अब्दुल क़ादिर – क़ादिर का बन्दा, यह ग़ौसे आज़म रद़ियल्लाहु तआला अन्हु का नाम है ★★★ सिर्रे बातिन – छुपा हुआ राज़ ★★★ मुफ़्तीए शरा – शरीअत का फ़तवा देने वाला ★★★ क़ाज़ी – हाकिम, इस्लामी क़ानून से फ़ैसला करने वाला ★★★ असरार – राज़ ★★★ मम्बा – चश्मा ★★★ अफ़ज़ाल – जमा फ़ज़्ल की, बख़्शिश, बुज़ुर्गी ★★★ मेहर – सूरज ★★★ इरफ़ाँ – ख़ुदा की मारिफ़त ★★★ मुनव्विर – रौशन करने वाला ★★★ .क़ुतुब – औलिया अल्लाह का एक मरतबा ★★★ अबदाल – औलिया अल्लाह ★★★ मिहवर – घूमने या लौटने की जगह ★★★ मरकज़े दायरा – गोले का केन्द्र ★★★ सिर्र – राज़ ★★★ सिल्के इरफ़ाँ – मारिफ़त की लड़ी या डोरी ★★★ ज़िया – रोशनी ★★★ दुर्रे मुख़्तार – उम्दा मोती ★★★ शारेह – तफ़सील से बताने वाला ★★★ मज़हर – ज़ाहिर होने की जगह ★★★ नाही – मना करने वाला ★★★ आमिर – हुक्म देने वाला। यहाँ आमिर व नाही से

मुराद हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम हैं *** ज़ी तसर्रुफ़ – क़ब्ज़े वाला, इख़्तेयार वाला *** माज़ून – जिसे इजाज़त दी गई हो *** मुख़्तार – जिसे इख़्तेयार दिया गया हो *** कारे आलम – दुनिया का कारोबार *** मुदब्बिर – तदबीर करने वाला, इन्तेज़ाम करने वाला *** लाला – एक सुर्ख़ फूल जिसमें स्याह दाग़ होता है *** वासिफ़ – तारीफ़ करने वाला।

गुज़रे जिस राह से वह सय्यदे वाला होकर

अम्बर – समन्दर की एक क़िस्म की सूखी झाग जिसे जलाने से ख़ुशबू पैदा होती है *** रुख़े अनवर – ख़ूबसूरत चेहरा *** क़मर – चाँद *** बोसा दहे – चूमने वाला *** नक़्शे कफ़े पा – पावों के तलवों का निशान *** वाए – अफ़सोस के वक़्त बोला जाता है *** महरूमीए क़िस्मत – तक़दीर की नाकामी *** हमराह – साथी *** ज़ुव्वारे मदीना – मदीने की ज़्यारत करने वाले *** सरसरे दश्त – जंगल की तेज़ आंधी *** गोशे शह – बादशाह के कान, हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के कान मुराद हैं *** फ़रयादरसी – फ़रयाद सुनना *** गोया – बोलने वाला *** पाए शह – बादशाह के पांव, हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के पांव मुराद हैं *** मेहर – सूरज *** पारा – दुनिया का सबसे भारी द्रव यानी बहने वाली चीज़ *** ज़िन्दानिए दोज़ख़ – जहन्नम का क़ैदी।

नारे दोज़ख़ को चमन कर दे बहारे आरिज़

नारे दोज़ख़ – दोज़ख़ की आग *** आरिज़ – गाल, रुख़्सार *** ज़ुलमत – तारीकी, अंधेरा *** हश्र – क़ियामत का दिन *** नहार – दिन *** साहिबे .क़ुरआँ – .क़ुर्आन वाला यानी अल्लाह तआ़ला *** मुस्हफ़ – .क़ुर्आने पाक *** विर्द – वज़ीफ़ा *** गुले महबूबी – महबूबियत का फूल *** वक़ार – इज़्ज़त *** मदहनिगार – तारीफ़ लिखने वाला *** तूर – उस पहाड़ का नाम जहाँ हज़रते मूसा अ़लैहिस्सलाम को अल्लाह तआ़ला की तजल्ली का दीदार हुआ और तजल्ली ने उस पहाड़ को जला दिया था *** तुर्फ़ा आलम – अजीब बात, अनोखा हाल *** ख़ुद आइनए ज़ात – मज़हरे ज़ाते ख़ास *** निसार – .क़ुर्बान *** मुश्क बू – मुश्क की ख़ुश्बू *** ज़ुल्फ़ – गेसू, बाल *** शुआअ – चमक, किरन *** हलब – एक जगह का नाम जहाँ का आइना मशहूर है *** ततार – एक जगह का नाम जहाँ का मुश्क मशहूर है *** गदायों – मांगने वाले लोग *** बेमाएगी – कोई सामान न होना, मुफ़लिसी *** बहर – वास्ते।

तुम्हारे ज़र्रे के परतौ सिताराहाए फ़लक

परतौ – अक्स, परछाई *** फ़लक – आसमान *** नाक़िस – कमतर *** मसल – मिसाल *** ज़िया – रोशनी *** तलब – तलाश *** पाए फ़लक – आसमान के पांव *** आसताँ – चौखट *** इब्तिदा – शुरू *** इन्तिहा – आख़िर *** रविश – रफ़्तार *** नक़्शे पा – पांव का निशान *** सौत – आवाज़ *** नसीम – सुबह की ठंडी हवा *** दीदाहाए फ़लक – आसमान की आंखें यहाँ मुराद तारे हैं *** अहले बक़ीअ – बक़ीअ वाले, बक़ीअ मदीने शरीफ़ के क़ब्रस्तान का नाम है जहाँ बहुत से सहाबए किराम दफ़न हैं *** सदाए पाए फ़लक – आसमान के पैरों की आवाज़ *** गर्मियाँ – तेज़ियाँ *** शबे असरा – मेराज की रात *** चर्ख़ – आसमान *** नुक़रा – चांदी *** तिला – सोना *** ग़नी – मालदार *** कासा – प्याला *** मह – चाँद *** शब – रात *** गदाए फ़लक – मांगने वाला आसमान *** क़ानिअे – क़नाअत करने वाला, जो मिले उस पर सब्र करने वाला *** नाने सोख़्ता – जली हुई रोटी यहाँ सूरज मुराद है *** काने गुहर – मोतियों की खान, सितारे मुराद हैं *** जज़ा – बदला *** तजम्मुले शबे असरा – मेराज की रात का हुस्न व जमाल *** कोतल – उस घोड़े को कहते हैं जो अमीरों की सवारी के आगे सिर्फ़ शान के लिए सजावट के तौर पर ख़ाली चला करता है *** सब्ज़ाहा– ए बहुत सफ़ेद घोड़ा *** ख़िताबे हक़ – फ़रमाने इलाही *** दर – में *** मिन अज–लिक – आपकी ख़ातिर *** अहले बैत – हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआला अ़लैहि वसल्लम के घर वाले *** रवाँ – चलने वाला *** बेमददे दस्त – बिना हाथ की मदद से *** असियाए फ़लक – आसमान की चक्की *** समा – बलन्द, आसमान

क्या ठीक हो रुख़े नबवी पर मिसाले गुल

रुख़ – चेहरा *** नबवी – नबी से निसबत रखने वाला *** पामाल – रोंदा हुआ *** कफ़े पा – पांव का तलवा *** जमाल – ख़ूबसूरती *** गुल – फूल *** जोया – तलाश करने वाला *** सिल्अए ग़ाली – बहुत क़ीमती सामान *** जिनाँ – जन्नत *** वल्लाह – अल्लाह की क़सम *** जाह – मरतबा *** जलाल – बुज़ुर्गी *** ख़ूँ फ़शाँ – ख़ून बहाने वाला *** मुज़दा – ख़ुशख़बरी *** फ़ाले गुल – शगुन, पेशीनगोई *** ग़मे फ़ानी – मिट जाने वाला ग़म *** ग़मगीं – रंजीदा *** गन्ज –

अदा *** ग़ाज़ए ख़ाके मदीना – मदीने पाक की ख़ाक का पाउडर *** शबनम – ओस *** फ़सले गुल – फूलों का मौसम *** जूद – बख़्शिश जो बिन मांगे अता हो *** नवाल – एहसान *** अब्र – बादल *** विला – महब्बत *** मुज़दा – ख़ुशख़बरी *** आशयाना – घोंसला, झोपड़ा *** बर्क़ – बिजली *** दाग़े जिगर – जिगर का दाग़ *** माह – महीना *** माहे बहार – बहार का महीना *** रंगे मिज़ह – पलकों का रंग *** ख़जिल – शर्मिन्दा *** अनादिल – बुलबुलें *** हुजूम – भीड़ *** अश्क – आंसू *** लाला – सुर्ख़ रंग का फूल *** एहतेमाल – शक व शुबा *** लबे गुलगूँ – फूल जैसे होंट *** बदर –– चौदवीं का चाँद *** शफ़क़ – सुर्ख़ी या सफ़ेदी जो सूरज डूबने के बाद आसमान में दिखाई देती है *** हिलाल – शुरू के दिनों का चाँद *** मुतरन्निम – गुनगुनाने वाला *** अयाँ – ज़ाहिर *** वज्द – बेअन्दाज़ा ख़ुशी में नाचना *** फ़ना – मिट जाना *** मआल – अन्जाम, नतीजा *** शैख़ैन – हज़रते अबूबक्र सिद्दीक़ और हज़रते उमरे फ़ारूक़े आज़म रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा *** ग़नी – हज़रते उसमाने ग़नी रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु *** यमीन – दहना *** शिमाल – बायाँ *** ख़ुल्द – जन्नत *** नामए दिल पुर ख़ूँ – ख़ून से भरे हुए दिल के नाम में *** ख़ारे अलम – रंज का कांटा *** ख़्याल – याद *** उन दो का सद्क़ा – यहाँ उन दो से मुराद हज़रते इमामे हसन व हुसैन रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा हैं *** ख़न्दाँ – हंसने वाला *** मिसाले गुल – फूल की तरह।

सर ता ब–क़दम है तने सुलताने ज़मन फूल

सर ता ब–क़दम – सर से पांव तक *** तन – बदन *** सुलताने ज़मन – ज़माने के बादशाह, हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम मुराद हैं *** दहन – मुँह *** ज़क़न – थोड़ी, ठुड्डी *** सदक़े – तुफ़ैल, वास्ते *** बन – जंगल *** ग़ुन्चा – कली *** ईमा – इशारा *** कोहे मिहन – ग़म का पहाड़ *** वल्लाह – ख़ुदा की क़सम *** गुल – फूल, महबूब *** दिल बस्ता – जिसका दिल घुटा हुआ हो *** ख़ूँ गश्ता – जो ख़ून हो गया हो *** लताफ़त – नाज़ुकी *** शबनम – ओस *** दमे सुबह – सुबह के वक़्त *** शोख़ान – जमा शोख़ की, हसीन *** बहारी – बहार वाले *** जड़ाऊ – जवाहारात से जड़ा हुआ *** करन फूल – कान में पहनने का एक ज़ेवर *** दनदान – दांत ***

लब – होंट *** ज़ुल्फ़ – सर के बाल *** रुख़ – चेहरा *** शह – बादशाह *** बारे गुनाह – गुनाह का बोझ *** ख़जिल – शर्मिन्दा *** दोशे अज़ीज़ाँ – अज़ीज़ों का कांधा *** लिल्लाह – अल्लाह के वास्ते *** नअश – लाश *** जाने चमन – बाग़ की रूह *** शैदा – क़ुर्बान होने वाला *** नाख़ुने पा – पैर का नाख़ुन *** महे नौ – नया चाँद *** चर्ख़े कुहन – आसमान *** फूल – हल्का फुलका *** ग़ाज़ह – सुफ़ूफ़, पाउडर *** साक़ी – पिलाने वाला *** सहबा – शराब *** लबन – दूध *** गिरया करना – रोना धोना *** भरन – ज़ोरों की बारिश *** ख़िरमन – खलयान *** चमनिस्ताने करम – करम का बाग़ *** ज़हरा – हज़रते फ़ातिमा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हा।

है कलामे इलाही मे शम्सो दुहा

कलामे इलाही – अल्लाह तआ़ला का कलाम यानी क़ुरआन शरीफ़ *** शम्स – सूरज *** दुहा – चाश्त का वक़्त यहाँ शम्सुद्दुहा से सूरह वश्शम्स और सूरह वद्दुहा मुराद है *** नूर फ़ज़ा – नूर बढ़ाने वाला *** शबे तार – अंधेरी रात *** हबीब – दोस्त यानी हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम *** ज़ुल्फ़े दुता – घुंगराले बाल *** ख़ुल्क़ – आदत *** अज़ीम – बड़ा *** ख़ल्क़ – तख़लीक़ *** जमील – ख़ूबसूरत *** ख़ालिक़े हुस्नो अदा की क़सम – आपकी अदा और हुस्न को पैदा करने वाला यानी अल्लाह तआ़ला की क़सम *** बक़ा – ज़िन्दगी *** मसनद – तकिया लगा कर बैठने की जगह *** मेहरम – वाक़िफ़ *** राज़ – भेद *** रूहे अमीं – लक़ब हज़रते जिब्रील का *** सरवर – सरदार *** अर्ज़ – गुज़ारिश (जब ऐन से लिखा जाए) ज़मीन (जब अलिफ़ से लिखा जाए) *** समा – आसमान *** जवार – क़रीब *** ख़ुल्द – जन्नत *** सफ़ा – पाकी *** लुत्फ़ – मेहरबानी *** इज़्ज़ – इज़्ज़त *** उला – बलन्दी *** गरचे – अगर चे *** रजा – उम्मीद *** बुलबुले बाग़े जिनाँ – जन्नत के बाग़ की बुलबुल *** सहर बयाँ – जिसके कलाम में जादू सा असर हो *** वासिफ़ – तारीफ़ करने वाला *** शाहे हुदा – हिदायत के बादशाह *** शोख़ी – तेज़ी *** तबअ – तबीयत।

पाट वो कुछ धार ये कुछ ज़ार हम

पाट – दरिया की चौड़ाई, पट *** ज़ार – कमज़ोर *** मय – शराब *** सरशार – मस्त व बेख़ुद *** मुश्तरी – ख़रीदार *** जिन्स – सामान, सौदा *** नामक़बूल – जो अच्छी

न मानी जाए ★★★ ख़ार – कांटा ★★★ लग़ज़िशे पा – पांव का फिसलना, बहकना ★★★ ना–हंजार – बदचलन ★★★ पिन्दार – .गुरूर ★★★ दम क़दम की ख़ैर – जान की सलामती ★★★ जाने मसीह – हज़रते ईसा अ़लैहिस्सलाम की जान, हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम मुराद हैं ★★★ ख़ुदाई–ख़्वार – ज़माने भर में ज़लील ★★★ सैर – तमाशा ★★★ तूर – उस पहाड़ का नाम जिस पर हज़रते मूसा अ़लैहिस्सलाम को अल्लाह तआ़ला की तजल्ली का दीदार हुआ था ★★★ नार – आग, दोज़ख़ ★★★ ज़ुअफ़ – कमज़ोरी ★★★ बा–अता – अता करने वाले ★★★ शाह़ – बादशाह ★★★ मुख़्तार – जिसे इख़्तयार दिया गया ★★★ बेनवा – फ़क़ीर ★★★ आज़ार – तकलीफ़ ★★★ सत्तारी – ऐब छुपाना, पर्दापोशी ★★★ बरसरे दरबार – दरबार में ★★★ अफ़्व – माफ़ी ★★★ इस्याँ – गुनाह ★★★ बे–यार – जिसका कोई मददगार न हो ★★★ निसार – .क़ुर्बान ★★★ ज़ुन्नार – जनेऊ ★★★ तेग़े इश्क़ – इश्क़ की तलवार ★★★ ज़ख़्मे दामनदार – बहुत बड़ा ज़ख़्म ★★★ नातवानी – कमज़ोरी ★★★ नक़्श पाए – पांव का निशान ★★★ तालिबाने यार – महबूब की तलाश करने वाले ★★★ नज़्रे हाज़िर – जो नज़राना उस वक़्त मयस्सर हो ★★★ सगाने कूचा – गली के कुत्ते ★★★ दिलदार – महबूब ★★★ सौर – उस ग़ार का नाम जहाँ हिजरत के वक़्त हुज़ूर रहे थे ★★★ हिरा – उस ग़ार का नाम जहाँ हुज़ूर इबादत किया करते थे ★★★ चश्मपोशी – माफ़ करना ★★★ शाने शुमा – आपकी शान ★★★ कारेमा – हमारा काम ★★★ इसरार – कोई ग़लती बार बार करना ★★★ फ़स्ले गुल – मौसमे बहार ★★★ सब्ज़ा – हरियाली ★★★ सबा – सुबह की हवा ★★★ शबाब – जवानी ★★★ ख़म्मार – शराब देने वाला ★★★ मयकदा – शराबख़ाना ★★★ साक़िया – ऐ साक़ी ★★★ साग़र – प्याला ★★★ साक़िए तसनीम – जन्नत की नहर तसनीम से पिलाने वाले ★★★ स्याह मस्ती – बदमस्ती ★★★ नाज़िशें – जमा नाज़िश की बमअना फ़ख़्र ★★★ मलक – फ़िरिश्ते ★★★ शहे अबरार – नेकों के बादशाह ★★★ ख़ुदरफ़्तगी – अपने को भूल जाना

आरिज़े शम्स ो क़मर से भी हैं अनवर एड़ियाँ

शम्स – सूरज ★★★ क़मर – चाँद ★★★ अनवर – ज़्यादा रोशन ★★★ आंखों का तारा – मुहावरा है मतलब बहुत प्यारा होना ★★★ ख़ुश्तर – बहुत ख़ूबसूरत ★★★ जा–ब–जा – जगह जगह ★★★ परतौ फ़िगन – अक्स डालने वाला ★★★ ख़ुर्शीद – सूरज ★★★ माह – चाँद ★★★ अख़्तर

– सितारे *** नज्म गरदूँ – आसमान के तारे *** लाग़र – नाज़ुक *** ज़ेरे पा – पांव के नीचे *** कफ़े पा – पांव का तलवा *** मुनइम – दौलतमन्द *** ख़ुर – सूरज *** हिलाल – शुरू के दिनों का चाँद *** अतहर – पाक *** ताजे रूहुल क़ुदुस – हज़रते जिब्रील अ़लैहिस्सलाम का ताज *** वल्लाह – ख़ुदा की क़सम *** गौहर – मोती *** उहुद – मदीना शरीफ़ के पास के एक पहाड़ का नाम *** वक़ार – इज़्ज़त *** चर्ख़ – आसमान *** चांदी में स्याही – मुहावरा है मतलब धुंधला पड़ना, चलन ख़त्म होना *** बदर – चौद्यवी रात का चाँद *** टकसाल – सिक्के ढालने की जगह *** तलातुम – पानी का मौज मारना *** शाद – ख़ुश

इश्क़े मौला में हों ख़ूँबार कनारे दामन

ख़ूँबार *** ख़ून की बारिश करने वाला *** ख़ुल्द – जन्नत *** अश्क – आंसू *** तारे नज़र – नज़र की रोशनी *** दो सिह – दो तीन *** कूचए जानाँ – महबूब की गली *** नसीम – ठंडी हवा *** बुख़ारे दामन – दामन की हरारत *** दिल शुदों – जिसका दिल महबूब के पास हो यानी दीवाना *** अतहर – पाक *** मुश्क सा – मुश्क जैसा *** नूर फ़शा – नूर बिखेरने वाला *** रूए हुज़ूर – हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम का चेहराए मुबारक *** हलब – एक शहर जहाँ का शीशा मशहूर है *** ततार – एक मुल्क जहाँ की ख़ुशबू मशहूर है *** जैब – गरेबान *** सितमदीदा – रंज व ग़म झेलने वाला *** दश्ते हिरमाँ– महरूमियों का मैदान *** ख़ार – कांटा *** अक्स अफ़गन – झलक मारने वाला *** हिलाल लबे शह – हुज़ूर के हिलाल जैसे होंट मुबारक *** मेहरे आरिज़ – सूरज जैसा चेहरा *** शैदाई – आशिक़ *** जैबे गुल – महबूब का गरेबान।

रश्के क़मर हूँ रंगे रुख़े आफ़ताब हूँ

रश्के क़मर – चाँद जिस पर रश्क करे *** रंगे रुख़े आफ़ताब – सूरज के लिए ज़ीनत *** शहे गरदूँ जनाब – ऊँची बारगाह वाले बादशाह *** दुर – मोती *** नजफ़ – वह जगह जहाँ मौला अली का मज़ारे पाक है *** गौहर – मोती *** ख़ूशाब – आबदार, रंगदार *** तुराब – मिट्टी *** बूतुराब – लक़ब मौला अली का *** अब्र – बादल *** चश्म – आँख *** आब – पानी *** बर्क़ – बिजली *** पुर इज़्तिराब – बेचैन *** ताइरे बे आशयाँ – चिड़िया जिसका घोंसला न हो ***

रंगे परीदए रुख़े गुल – वह फूल जिसका रंग उड़ गया हो यानी कुम्हला गया हो *** बेअस्ल – जिसकी जड़ मज़बूत न हो *** बेसबात – जिसकी बुनयाद पायदार न हो *** बहरे करम – मेहरबानी के समन्दर *** परवरदए – पला हुआ *** किनार – गोद *** सराब – वह रेत जो पानी सा दिखाई देता है *** हुबाब – बुलबुला *** इबरत फ़ज़ा – नसीहत पैदा करने वाला *** सुकूत – ख़ामोशी *** लब – कनारा *** ख़ामोश लहद – सन्नाटे वाली जगह क़ब्र *** नाला – फ़रयाद *** सोज़ – गर्मी *** ख़ून दिल पियूँ – मुहावरा है मतलब रंज करना *** दिल–बस्ता – घुटन *** अश्कबार – आंसू बरसाने वाला *** . गुन्चा – कली जो खिली न हो *** गुल – फूल *** बर्क़े तपाँ – कौंदने वाली बिजली *** सहाब – बादल *** दावा – हक़ *** बेश्तर – बहुत ज़्यादा *** आसियों – गुनहगार लोग *** इन्तेख़ाब – चुना हुआ *** अश्क – आंसू *** मिज़ह – पलक *** चश्म – आँख *** अश्के मिज़ह रसीदा चश्मे कबाब – वह आंसू रूपी बूंद जो भुनते हुए कबाब से टपकती है *** ख़ुदी – अना, अंह *** दर्दा – हाए अफ़सोस *** हिजाब – पर्दा *** नार – आग, दोज़ख़ *** मुख़लसी – रिहाई *** आतिशे गुल – फूल का हुस्न *** क़ालिब – जिस्म *** तिही – ख़ाली *** हमा आग़ोश – सरापा गोद बन जाना *** हिलाल – शुरू के दिनों का चाँद *** शहसवारे तैबा – मुराद हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम *** रकाब – पांव रखने की जगह *** नाज़ – फ़ख़्र *** क़स्र – महल *** सक़र – जहन्नम *** आबे अबस – बेकार पानी *** चकीदा – टपका हुआ *** बन्दा – .गुलाम।

पूछते क्या हो अर्श पर यूँ गए मुस्त़फ़ा कि यूँ

कैफ़ – मस्ती, सुरूर, नशा *** क़स्रे दना – दना का महल दना से सुम्म दना फ़तदल्ला आयत की तरफ़ इशारा है इसकी तफ़सीर किसी आलिम से समझें *** रूहे .क़ुदुस – हज़रत जिब्रील अ़लैहिस्सलाम *** जलवए अस्ल – नूरे इलाही की तजल्ली *** नूरे महर – सूरज का नूर *** ज़ोक़े बेख़ुदी – बेख़ुदी का शौक़ *** नूर ो दाग़ – नूर और इश्क़ का दाग़ *** दो नीम – दो टुकड़े *** शक़्क़े माह – चाँद के दो टुकड़े हो जाना ये मोजज़ा है हुज़ूर का *** शुक्रे वस्ल – मुलाक़ात पर अल्लाह का शुक्र *** हिज्र – जुदाई, फ़िराक़ *** ख़ैर – अच्छा *** ज़मज़मा रज़ा – रज़ा का नग़मा

जो कहे शेर ओ पास शरा दोनों का हुस्न क्यूँकर आए
ला उसे पेश जलवए ज़मज़मा रज़ा के यूँ

जो यह कि शेर की फ़साहत व बलाग़त शरीअत की पाबन्दी दोनों कैफ़ियतें एक जगह शेर में कैसे जमा हो सकती हैं तो उसके सामने अहमद रज़ा का शेर पढ़ कर सुना।

फिर के गली गली तबाह ठोकरें सब की खायें क्यूँ

बार – बोझ *** फ़ज़ूँ – ज़्यादा *** दिल फ़िगार – ज़ख़्मी दिल *** दाम – जाल *** जलाल – ग़ज़ब *** क़मर – चाँद *** ग़नी – मालदार *** सग – कुत्ता *** लुक़मए तर – तर निवाल *** संगे दरे हुज़ूर – हुज़ूर के दर का पत्थर यानी चौखट *** सोज़े ग़म – ग़म की सोज़िश *** साज़े तरब – ख़ुशी का बाजा।

यादे वतन सितम किया दश्ते हरम से लाई क्यूँ

दश्ते हरम – हरम शरीफ़ के जंगल *** आहे सर्द – ठंडी आह *** सर्वे नाज़ – सर्व का नया पौधा *** .कुमरी – फ़ाख़्ता की तरह की एक चिड़िया *** जाने ग़मज़दा – ग़मगीन, दुखी जान, रंजीदा *** नसीमे ख़ुल्द – जन्नत की ठंडी हवा *** सोज़े ग़म – ग़म की तेज़ी *** हया – शर्म *** नरगिस – एक ख़ूबसूरत फूल अन्दर से ज़र्द बाहर से सफ़ेद *** तबीब – हकीम, डाक्टर *** आतिशे सीना – सीने की आग *** फ़िक्रे मआश – रोज़ी रोटी की फ़िक्र *** हौले मुआद – आख़िरत की फ़िक्र *** जाँ गुज़ा – जान को बहुत से ख़तरे *** हूरे जिनाँ – जन्नत की हूर *** पर्दाए हिजाज़ – अरबी नग़मा *** ग़फ़लते शैख़ ो शबाब – बूढ़ो और जवानों की ग़फ़लतें *** तिफ़्ले शीरख़्वार – दूध पीते बच्चे *** अबस – बेकार *** बहाई – एक रूह का नाम है जो बच्चों को सोते में हंसाती व रुलाती है *** हसरते नौ का सान्हा – नए अरमानों के ख़ून होने को सुनते ही यानी बुरे हादिसे को सुनते ही *** मर्गे जवाँ – जवानी की मौत।

अहले सिरात रूहे अमीं को ख़बर करें

अहले सिरात – पुलसिरात पर मुक़र्रर फ़िरिश्ते *** रूहे अमीं – हज़रते जिब्रील अलैहिस्सलाम *** उम्मते नबवी – हुज़ूर की उम्मत *** फ़र्शे पर – पंख का फ़र्श करना यानी अपने पंख को बिछा के फ़र्श बना दें ताकि उस पर से ये गुनहगार उम्मत आसानी से गुज़र जाय हज़रते जिब्रील ही ने यह ख़्वाहिश की थी *** फ़ितना हाए हश्र

– हश्र का हंगामा *** हज़र – परहेज़ *** नाज़ो के पाले – यानी हुज़ूर के उम्मती *** रह से गुज़र करें – राह से हट जायें *** अतवार – तौर तरीक़े *** ख़ार – कांटे *** कशीदा – खिंचे हुए *** लिल्लाह – अल्लाह के वास्ते *** मुश्किल कुशाई – मुश्किल दूर करना *** शाने तबस्सुम – मुस्कुराहट की शान *** तड़के – बहुत सुबह *** किलके रज़ा – रज़ा का क़लम *** ख़ूँख़्वार – ख़ून पीने वाला *** बर्क़ बार – बिजली गिराने वाला *** अअदा – दुश्मन *** शर – शरारत, शैतानी।

वो सूए लालाज़ार फिरते हैं

लालाज़ार – हरियाली *** वह सूए लाला ज़ार फिरते हैं – वह हरियाली की तरफ़ जाते हैं *** तेरे दिन ऐ बहार फिरते हैं – ऐ बहार तेरे दिन अब बदलते हैं यानी और बेहतर होते हैं *** ख़्वार – ज़लील ओ ख़्वार *** उनके ईमा से – उनके इशारे से *** ख़ैले लैल ो नहार – दिन और रात के घोड़े *** क़ुदसी – फ़रिश्ते *** गदा – मांगने वाला *** ताजदार – बादशाह *** अदू – दुश्मन *** दश्ते तैबा – मदीने का जंगल *** ख़ार – कांटे *** वर्दियाँ बोलते हैं हरकारे –– सिपाहियों का नौबत बजाना, मुख़बिर ख़बर देने वाले *** ख़ानाज़ाद – ग़ुलाम बच्चा, घर के पले हुए *** राह मार – डाकू।

उनकी महक ने दिल के ग़ुनचे खिला दिए हैं

महक – ख़ुशबू *** कूचे – गलियाँ *** बसा दिए – महका दिए *** जोशे रहमत – जज़बए रहमत का बढ़ जाना *** आज़ार – तकलीफ़ *** निसार – क़ुर्बान *** असरा – मेराज का सफ़र *** क़ुदसी – फ़रिश्ते *** परचम – झंडा *** पुर ख़ार – कांटों से भरा *** बादिये – जंगल *** सर्द – ठंडा *** करीम – मेहरबान *** दुर – मोती *** बेबहा – बहुत क़ीमती *** मुल्के सुख़न की शाही – शायरी के फ़न की सलतनत की बादशाहत *** मुसल्लम – मानी हुई बात *** सिक्के बिठा देना – क़ब्ज़ा कर लेना।

है लबे ईसा से जाँ बख़्शी निराली हाथ में

लबे ईसा – हज़रते ईसा अ़लैहिस्सलाम के होंट *** जान बख़्शी – जिन्दा कर देना, ज़िन्दगी देना (यहाँ हज़रते ईसा अ़लैहिस्सलाम के मोजज़े की तरफ़ इशारा है कि आप मुर्दे ज़िन्दा फ़रमा देते थे और आप मिट्टी का परिन्दा बनाते और छोड़ते तो वह उड़ने लगता) *** संगरेज़े – कंकरियाँ *** शीरीं मक़ाली – उम्दा अन्दाज़ में गुफ़्तगू

करना (यहाँ हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम के उस मोजज़े की तरफ़ इशारा है कि आपके हुक्म से कंकरियों ने कलिमा पढ़ा) ★★★ बेनवाओं – मोहताज लोग ★★★ तहरीरे दस्त – हाथ की लकीरें ★★★ जूदे लायज़ाली – हमेशा की बख़्शिश ★★★ यदुल्लाह – अल्लाह का हाथ ★★★ ख़त्ते सिरो आसा – एक क़िस्म का अन्दाज़े तहरीर जिसमें सिर्फ़ लकीरों वग़ैरह खींच कर बात समझाई जाती है ★★★ शहे कौसर – जन्नत की एक नहर कौसर के बादशाह ★★★ जोया – ढूंढने वाला ★★★ अब्र – बादल ★★★ नीसाँ – बारिश या बारिश का महीना ★★★ तेग़े उरयाँ – नंगी तलवार ★★★ जमाली – जमाल वाली ★★★ जलाली – जलाल वाली ★★★ मालिके कौनैन – दोनों जहान के मालिक ★★★ साया फ़िगन – साया करने वाला ★★★ परचम – झंडा ★★★ लिवाउल ह़म्द – उस झंडे का नाम जो क़ियामत के दिन हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम को अता होगा ★★★ वाली – आक़ा, मालिक ★★★ ख़ते कफ़ – हाथ की लकीर ★★★ दस्त बैज़ाए कलीम – हज़रते मूसा अ़लैहिस्सलाम का सफ़ेद रौशन हाथ ★★★ मोजज़न – मौज मारने वाला ★★★ गिराँ संगी – पत्थर का भारी होना ★★★ मिस – तांबा ★★★ अरज़ानिए जूद – बख़्शिश का आम कर देना ★★★ नौइया – तरज़ ★★★ संग – पत्थर ★★★ लआली – मोतियाँ ★★★ दस्तगीर – मददगार ★★★ सिबतैन – हज़रते इमाम हसन व हुसैन रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा ★★★ अंगुश्त – उंगली ★★★ संगे दर – चौखट का पत्थर ★★★ जबीं – पेशानी, माथा ★★★ बैअत – मुरीद होना ★★★ नक़्शे तस्ख़ीर – किसी को तावीज़ के ज़रिए अपना बना लेना यानी अपने से महब्बत करने वाला बना लेना ★★★ लबे कौसर – हौज़े कौसर के कनारे ★★★ वारफ़्ता होश – आपे से बाहर होने की हालत ★★★ ज़ैले आली – ऊँचा दामन ★★★ महव – खोया हुआ, मसरूफ़, ख़्याल में गुम ★★★ दीदार – नज़ारा ★★★ पुर जोश – मस्ती से भरा हुआ ★★★ वज्द – बहुत ज़्यादा ख़ुशी इतनी कि आदमी नाचने तक लगे ★★★ साक़ी – पिलाने वाला ★★★ वारफ़्तगी – बेख़ुदी ★★★ लोट जाना – बेक़रार हो जाना, निहायत ख़ुश होना।

राहे इरफ़ाँ से जो हम नादीदा रू महरम नहीं

राहे इरफ़ाँ – अल्लाह तआ़ला की मारफ़त, ख़ुदाशनासी का रास्ता ★★★ नादीदा रू – जो चेहरा कभी न देखा हो ★★★ महरम – राज़दार, हमराज़ ★★★ मस्नदे इरशाद – रहनुमाई करने वाले का तख़्त ★★★ नाक़िस – बेकार, जो पूरा न हो ★★★ कामिल –

मुकम्मल ईमान वाले लोग ★★★ माहिय्यत – हक़ीक़त ★★★ यम – दरिया ★★★ नम – तरी ★★★ .गुन्चे – कलियाँ ★★★ मा औहा – इशारा है सूरह नज्म की आयत "फ़ औहा इला अ़बदेही मा औहा" की तरफ़ यानी अल्लाह तआ़ला ने अपने महबूब पर जो वही फ़रमाई ★★★ दना – इशारा है सूरह नज्म की आयत "सुम–म दना फ़–तदल्ला" की तरफ़ जब मेराज में अल्लाह तआ़ला ने हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम को अपने क़रीब बुलाया ★★★ बुलबुले सिदरा – मुराद हज़रते जिब्रील अ़लैहिस्सलाम ★★★ ज़मज़म – कुआँ है मक्का शरीफ़ में जिसका पानी बड़ा बाबरकत है मअना इसका ठहर ठहर ★★★ जम जम – बहुत ज़्यादा ★★★ बेश – ज़्यादा ★★★ कसरते कौसर – कौसर का ज़्यादा होना ★★★ मेहरे अरब – अरब का सूरज ★★★ ख़ुर्शीद – सूरज ★★★ उम्मी – जिसका कोई उस्ताज़ नहीं जिसे किसी ने नहीं पढ़ाया। यह लक़ब है हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम का और यह आपकी ख़ूबी भी है कि आपको किसी ने सिखाया या पढ़ाया नहीं बल्कि आपको आपके रब ने ही सब कुछ सिखाया ★★★ मिन्नत कशे उस्ताद – उस्ताद का एहसान उठाने वाला ★★★ किफ़ायत – काफ़ी होना ★★★ इक़रा रब्बुकल अकरम – तेरे बुज़ुर्ग रब ने तुझे पढ़ाया ★★★ ओस पड़ जाना – मुहावरा है मतलब बुझ जाना ★★★ गुले ख़न्दाँ – खिला हुआ फूल मुराद हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम ★★★ गिरया – रोना ★★★ शबनम – ओस ★★★ दम क़दम – ज़िन्दगी, वजूद, सलामती ★★★ दैहीम – ताजे शाही ★★★ क़ैसर – रूम के बादशाह का लक़ब ★★★ जम – ईरान के बादशाह जमशेद का उप नाम।

वो कमाले हुस्ने हुज़ूर है कि गुमाने नक़्से जहाँ नहीं

कमाले हुस्न – मुकम्मल हुस्न ★★★ नक़्स – कमी, ऐब ★★★ ख़ार – कांटा ★★★ शमा – चराग ★★★ अमानीए दिल ओ जाँ – दिल और जान की आरज़ूयें ★★★ निसार – .क़ुर्बान ★★★ सुख़न – इस नात में पहले सुख़न के मअना बात और दूसरे के मअना ऐतराज़ ★★★ बख़ुदा – ख़ुदा की क़सम ★★★ मफ़र – भागने की जगह ★★★ मक़र – चैन की जगह ★★★ इहानतें – तौहीन ★★★ खुले बन्दों – खुल्लम खुल्ला ★★★ फ़ुसहा – ज़बान के माहिर लोग ★★★ शरफ़ – बुज़ुर्गी ★★★ क़ता – ख़त्म, अलग ★★★ यास – नाउम्मीदी ★★★ ख़ुल्द – जन्नत ★★★ निको – अच्छी, ख़ूबसूरत ★★★ निकोई – ख़ूबसूरती ★★★ आबरू – इ़ज़्ज़त ★★★ समाँ – मौसम ★★★ अयाँ – ज़ाहिर ★★★ निहाँ – छुपा हुआ ★★★ ताबिश – चमक ★★★ मेहर

– सूरज *** पेशे मेहर – सूरज के सामने *** नूरे हक़ – ख़ुदा का नूर *** ज़िल्ले रब – ज़िल्ले इलाही *** मिल्क – मालिक होना *** ज़माँ – ज़माना *** ला मकाँ – जो मकान होने से पाक हो *** मकीं – मकान में रहने वाला *** सरे अर्श – अर्श पर *** तख़्तनशीं – तख़्त पर बैठने वाला *** मलाकूत ो मुल्क – फ़रिश्तों का आलम *** शय चीज़ *** अयाँ – ज़ाहिर *** नादिर – अनोखा *** दहर – ज़माना *** गुल – फूल *** सरवे चमाँ – चमन का सर्व यानी सीध दरख़्त *** रंग – अन्दाज़, रूप *** मदह – तारीफ़ *** अहले दुवल – दौलत वाले लोग *** गदा – फ़क़ीर, मंगता *** पारा – टुकड़ा *** नान – रोटी

मशहूर है कि आलाहज़रत से किसी ने नानपारा के नवाब की शान में क़सीदा लिखने की फ़रमाइश की थी। इस नात के मक़ते में इसी तरफ़ इशारा है कि मैं रोटी की ख़ातिर किसी की शान में लिखने वाला नहीं, मेरा दीन व मज़हब रोटी का टुकड़ा नहीं बल्कि मैं तो अपने आक़ा मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का .गुलाम हूँ। यहाँ आपने नानपारा को उलट कर पारए नाँ भी लिख दिया और अपनी बात भी कह दी।

रूख़ दिन है या मेहरे समा ये भी नहीं वो भी नहीं

रुख़ – चेहरा *** मेहर – सूरज *** समा – आसमान *** शब – रात *** ज़ुल्फ़ – गेसू, बाल *** मुश्क – कस्तूरी *** ख़ुता – एक शहर का नाम जहाँ का मुश्क मशहूर होता है *** मुमकिन – जो फ़ना हो सके *** क़ुदरत – ताक़त *** वाजिब – जो हमेशा से हो और हमेशा रहे *** अबदियत – बन्दा होना *** हक़ – सच *** अब्दे इलाह – अल्लाह का बन्दा *** आलमे इम्काँ – मुमकिनात का आलम *** बरज़ख़ – आड़, पर्दा *** सिर्रे ख़ुदा – अल्लाह का राज़ *** गुल – फूल *** क़ुमरी – एक बहुत अच्छी आवाज़ वाला परिन्दा *** सरवे जाँफ़िज़ा – दिल ख़ुश करने वाला सर्व दरख़्त जो सीधा होता है *** ख़ुर्शीद – सूरज *** क़मर – चाँद *** बेपर्दा – बेनक़ाब *** रुख़ – चेहरा *** इसयाँ – गुनाह *** रोज़े जज़ा – क़ियामत का दिन *** नाज़ाँ – फ़ख़्र करने वाला *** ज़ुहद – परहेज़गारी *** हुस्ने तौबा – ख़ूबिए तौबा *** सिपर – ढाल *** फ़क़त – सिर्फ़ *** लहव – खेल कूद *** तर्से सज़ा – सज़ा का डर *** रंगीं – दिल को पसन्द आने वाला *** नग़मा सरा – गाने वाला *** वासिफ़ – तारीफ़ करने वाला।

वस्फ़े रुख़ उनका किया करते हैं

वस्फ़े रुख़ – सरकार के चेहरे मुबारक की तारीफ़ *** शरह – खोल कर बयान करना यानी एक्सप्लेन करना *** वश्शम्सुदुहा – यहाँ कुर्आन पाक की दो सूरतें शम्स और दुहा मुराद हैं *** मदह – तारीफ़ *** सना – तारीफ़ *** महमूद – सय्यदे आलम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का वस्फ़ है जिसका मतलब है जिसकी तारीफ़ की जाए *** माहे शक़ गश्ता की सूरत – टुकड़े किए हुए चाँद की सूरत। हुज़ूर ने चाँद के दो टुकड़े अपनी उंगली के इशारे से कर दिए। यहाँ यही कहा गया है कि चाँद के टुकड़े हो जाना देखो *** मेहर की रजअत – सूरज का पलटना, सूरज को पलटाना भी हमारे आक़ा का मोजज़ा था *** .कुदरत – ताक़त *** एजाज़ – मोजज़ा होना *** ख़ुर्शीदे रिसालत – रिसालत का सूरज *** ज़िया – रोशनी, चमक *** अम्बिया – नबी की जमा *** माह पारे – चाँद के टुकड़े *** बेख़िर्दीए – बेअक़्ली, नासमझी *** दरकार – ज़रूरत *** संग – पत्थर *** रिफ़अत – बलन्दी *** मुर्ग़े फ़िरदौस – जन्नत की चिड़िया *** पस अज़ ह़म्दे ख़ुदा – ख़ुदा की तारीफ़ के बाद *** मदह – तारीफ़ *** सना – तारीफ़ *** ग़मख़्वारी – मुसीबत मे किसी का साथ देना *** तश्ना – प्यासा *** सैराब – पेट भरा हुआ *** दाद – इन्साफ़ *** शुतरान – ऊँट, शुतर की जमा *** नाशाद – दुखी *** गिला – शिकायत *** रंजो अना – दुख व मेहनत *** सबा – हवा *** तैबा – मदीनए मुनव्वरा *** रुख़े रंगी की सना – सरकार के चेहरए मुबारक की तारीफ़ *** बादशाहे कौन ों मकाँ – दोनों जहाँ के बादशाह *** मलक हफ़्त फ़लक – सातों आसमानों के फ़रिश्ते *** हर आँ – हर घड़ी *** शहे अर्श ऐवाँ – ऐसा बादशाह कि अर्श जिसका महल हो *** उहुद – मदीने शरीफ़ के एक पहाड़ का नाम *** ताबाँ – चमकदार *** मअदन – खान *** दिले संगीं – पत्थर जैसा दिल *** जिला – रोशन करना *** ज़ेबा – लाइक़ *** ताजवरी – बादशाही *** जलवागरी – शान ो शौकत *** मलक – फ़रिश्ते *** यावर – मददगार *** पुर अरमाँ – आरज़ू से भरा हुआ *** लब – होंट *** नायाब – न हासिल होने वाला *** ग़मे उलफ़त – महब्बत की तकलीफ़ *** अलम – रंज *** कफ़े पा – तलवा *** लौ लगाना – उम्मीद बांधना *** चारए दर्दे रज़ा – रज़ा के दर्द की दवा।

मनक़बत

बरतर क़यास से है मक़ामे अबुल हुसैन

बरतर – बलन्द, अफ़ज़ल ★★★ क़यास – सोच ★★★ मक़ाम – मरतबा ★★★ सिदरा – वह मक़ाम जहाँ से आगे जिब्रील अ़लैहिस्सलाम भी न जा सके ★★★ रिफ़अत – बलन्दी ★★★ बाम– छत ★★★ अबुल हुसैन – आलाहज़रत के पीरज़ादे हैं बहुत बड़े बुज़ुर्ग हैं, अबुल हुसैन अह़मदे नूरी रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु ★★★ वारस्ता – छुटकारा पाया हुआ ★★★ पाए बस्ता – जिसके पांव को बांध दिया गया हो यानी क़ैदी ★★★ दाम – जाल ★★★ नार – दोज़ख़ ★★★ ख़ते स्याह – काली तहरीर मुराद दाढ़ी ★★★ नूरे इलाही – अल्लाह का नूर ★★★ ताबिशें – चमक ★★★ नूरे बार – नूर बरसाने वाला ★★★ साक़ी – पिलाने वाला ★★★ शीशए बग़दाद – बग़दाद की शीशी ★★★ टपक – पानी के क़तरे की लगातार गिरने की आवाज़ ★★★ मुदाम – शराब ★★★ बूए कबाब सोख़्ता – जले हुए कबाब की बू ★★★ मयकशो – शराब पीने वाले लोग ★★★ चिश्त – नाम एक जगह का ★★★ जाम – प्याला ★★★ गुलगूँ – गुलाब की तरह सुर्ख़ रंग वाला ★★★ सहर – बड़े हे से लिखा जाए तो सुबह और छोटे हे से लिखा जाए तो बेदारी या जागना यानी नींद न आना ★★★ सुहरवर्द – ईरान में एक जगह यहाँ हज़रते शैख़ शहाबुद्दीन रहते थे इसी लिए आपके मुरीदों को सोहरवर्दी कहते हैं ★★★ कुर्सी नशीन – दरबार में कुर्सी पर बैठने वाला ★★★ नक़्शे मुराद – मुराद पूरी करने वाला तावीज़ ★★★ नक़्शबन्द – लक़ब हज़रते ख़्वाजा बहा उद्दीन रह़मतुल्लाहि तआ़ला अ़लैह का, इनके मुरीदों को नक़्शबंदी कहते हैं ★★★ नख़्ल – खजूर का दरख़्त ★★★ छियालीस डालियाँ – इशारा इस तरफ़ है कि हुज़ूर शाह अबुल हुसैन नूरी मियाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु का सिलसिलए तरीक़त में छियालीसवाँ नम्बर है ★★★ मस्तों – मतवाले लोग ★★★ ख़ुमार – नशा ★★★ ता – तक ★★★ दौरे हश्र – क़ियामत का आना ★★★ दौरए जाम – प्याले की गर्दिश ★★★ ज़माना बाद – ज़माना रहे ★★★ बकाम – मक़सद में ★★★ शाने मसीहा – हज़रते ईसा अ़लैहिस्सलाम की शान व शौकत ★★★ दीद – नज़ारा ★★★ ख़िराम – नाज़ो अदा की चाल ★★★ सरगश्ता – परेशान व हैरान ★★★ मेहर – सूरज ★★★ माह – चाँद ★★★ चर्ख़ – आसमान ★★★ माहे तमाम – पूरा चाँद, चौद्यवीं रात का चाँद ★★★ चर्ख़े चम्बरी – गोल आसमान ★★★ हफ़्त – सात ★★★ पाया – सीढ़ी, क़दमचा ★★★ बाम – छत ★★★ ज़र्रा को महर – छोटे से रेत के कण को

सूरज ★★★ क़तरा को दरिया – पानी के एक क़तरे को दरिया ★★★ जोश ज़न – ज़्यादती पर आ जाए ★★★ बख़्शिशे आम – ऐसा इनाम जो सबको दिया जाए ★★★ यहया – नाम एक पैग़म्बर का ★★★ वारिस – जाएज़ हक़दार ★★★ इक़बालमन्द – ख़ुश क़िस्मत ★★★ सज्जादा – पीर या बुज़ुर्ग की गद्दी ★★★ शुयूख़ – शैख़ की जमा ★★★ बहारे जिनाँ – जन्नत की बहार ★★★ तहनियत – मुबारकबाद ★★★ नख़्ल – खजूर का दरख़्त ★★★ मराम – मक़सद ★★★ गुले मुराद – मुराद का फूल ★★★ मशाम – दिमाग़ ★★★ सुथरे मियाँ – मारहरा शरीफ़ के एक बुज़ुर्ग ★★★ फ़लक – आसमान ★★★ इज़्ज़ – इज़्ज़त ★★★ जाह – मरतबा ★★★ गाम बगाम – क़दम क़दम पर ★★★ हिलाल – शुरू के दिनों का बारीक चाँद ★★★ सिपहर – आसमान ★★★ तलातुम – मौज ★★★ कुनाँ – करने वाला ★★★ बहरे फ़ना – फ़ना का दरिया ★★★ दवाम – हमेश ★★★ चाशनी – ज़ाएक़ा ★★★ शक्करीं – मिठास वाला ★★★ लब – होंट ★★★ काम – फ़ारसी में हलक़ को कहते हैं ★★★ तालअे – क़िस्मत ★★★ यावरी – मुवाफ़िक़ होना, मदद करना ★★★ बन्दा – ग़ुलाम ★★★ जुदूद – जमा जद की बमअना दादा ★★★ किराम – जमा करीम की बमअना शरीफ़ लोग।

ज़ाइरो पासे अदब रखो हवस जाने दो

ज़ाइरो – ज़्यारत करने वाले लोग ★★★ पासे अदब – अदब का लिहाज़ ★★★ हवस – शौक़, ख़्वाहिश ★★★ ग़ुरबा – ग़रीब लोग ★★★ लक्कए रहमत – रहमत का बादल ★★★ वज्द – बेअन्दाज़ा ख़ुशी इतनी कि आदमी नाच उठे ★★★ जाने शीरीं – प्यारी जान ★★★ क़ुम – वह कलिमा जो मुर्दे को ज़िन्दा करने के लिए कहा जाता है ★★★ तोशा – वह ज़रूरत का सामान जो मुसाफ़िर साथ ले जाए ★★★ दीदे गुल – महबूब की ज़्यारत ★★★ हमसफ़ीरो – जमा हमसफ़ीर की वह परिन्दे जो एक तरह की बोली बोलते हैं ★★★ सूए क़फ़स – पिंजरे की तरफ़ ★★★ आतिशे दिल – दिल की आग ★★★ अदब दाँ – अदब जानने वाले ★★★ नालो – जमा नाला की यानी फ़रयाद ★★★ ज़ब्ते – बर्दाश्त ★★★ तने ज़ार – कमज़ोर जिस्म ★★★ दर पै होना – मुहावरा है मतलब पीछे पड़ जाना ★★★शेवा – तरीक़ा ★★★ ख़ाना बरअन्दाज़िए – घर बार उजाड़ देने की आदत ★★★ ख़स – सूखी घास ★★★ सहल कटें – आसानी से गुज़र जायें।

चमने तैबा में सुम्बुल

चमन – बाग़ ★★★ सुम्बुल – एक क़िस्म की ख़ुशबूदार घास

जिससे बालो को तशबीह दी जाती है, बालछड़ ★★★ गेसू – बाल, ज़ुल्फ़ ★★★ शिकने नाज़ – सिलवट ★★★ वारे – क़ुर्बान करना ★★★ जारूबकशी – झाड़ू लगाना ★★★ शब – रात ★★★ शबनम – ओस ★★★ तबर्रुक – जिससे बरकत हो ★★★ स्याहकारों – गुनाहगारों ★★★ तपिशे महशर – हश्र की धूप ★★★ साया फ़िगन – साया किए हुए ★★★ बुराक़ – वह जन्नती जानवर जो शबे मेराज को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सवारी बना ★★★ सुम्बुल – एक फूल का नाम ★★★ ख़ुल्द – जन्नत ★★★ आख़िर हज – मुराद हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आख़िरी हज ★★★ तीराबख़्त – ख़राब क़िस्मत वाले ★★★ गोश – कान ★★★ ता दोश – कांधे तक ★★★ ख़ानाबदोशों – आवारा लोग, जिसका कोई मुस्तक़िल घर बार न हो ★★★ सूखे धानों – यहाँ वह अमल मुराद हैं जो अल्लाह की बारगाह में क़बूल होने के लाएक़ नहीं ★★★ काबए जान – रूह का काबा ★★★ मुश्कीं – मुश्क की तरह ख़ुशबूदार ★★★ अबरू – भव ★★★ सजदए शुक्र – शुक्राने के तौर पर सजदा ★★★ मुश्कबू – मुश्क से बसा हुआ ★★★ हुरियो – हूर की जमा ★★★ अम्बरे सारा – ख़ालिस अम्बर, बग़ैर मिलावट वाला ★★★ शबे क़द्र – लैलतुल क़द्र, रमज़ान के महीने की एक निहायत बाबरकत रात ★★★ मतलए फ़ज्र – आसमान में वह जगह जहाँ पर सुबह की रोशनी पहले पहल ज़ाहिर हो ★★★ आरिज़ – रुख़सार ★★★ शाना – कंघी ★★★ दम भर – थोड़ी सी देर के लिए ★★★ सीना चाकों – जिनका सीना चिर गया हो मतलब बहुत दुखी लोग ★★★ उहुद – मदीने शरीफ़ के एक पहाड़ का नाम ★★★ शब – रात ★★★ मुज़दा – ख़ुशख़बरी ★★★ क़िब्ला – काबा ★★★ अबरू – भव ★★★सुबह आरिज़ – आरिज़ (रुख़सार) की सुबह।

ज़माना हज का है

जलवा दिया है – संवारा है ★★★ शाहिदे – महबूब माशूक़ ★★★ ताक़ते परवाज़ – उड़ने की ताक़त ★★★ पर हाए बुलबुल – बुलबुल के परों का ★★★ जोबन – रौनक़ ★★★ अब्रे रहमत – रहमत का बादल ★★★ लबे मुश्ताक़ – आशिक़ का होंट ★★★ साक़या – ऐ पिलाने वाल ★★★ मुल – शराब ★★★ लब – होंट ★★★ मुश्की मोहर वाले – वह बर्तन जिसका मुँह मुश्क की मोहर से बन्द किया गया हा ★★★ दम में दम आना – मुहावरा है मतलब जान में जान आना ★★★ टपक – पानी के क़तरे की गिरने की आवाज़ ★★★ क़ुमे ईसा – ईसा अलैहिस्सलाम का क़ुम कह कर मुर्दे

ज़िन्दा करना ★★★ क़ुल क़ुल – शीशी या सुराही के दहाने या शराब गिरने की आवाज़ ★★★ मुद्दआ – मक़सद, मतलब ★★★ क़स्द – इरादा ★★★ बे–तअम्मुल – बे सोचे समझ ★★★ बख़्ते ख़ुफ़्ता – सोई हुई क़िस्मत ★★★ हंगामे इजाबत – दुआ क़बूल होने का वक़्त ★★★ शबहाए – रातें ★★★ काकुल – ज़ुल्फ़, गेसू, बाल ★★★ फ़लसफ़ी – फ़लसफ़ा (साइंस) जानने वाल ★★★ ख़र्क़ इलतियाम – फटना फिर मिल जाना ★★★ असरा – रात में ले जाना शबे मेराज मुराद है (साइंसदानो का एतराज़ कि शबे मेराज को जाते वक़्त आसमान कैसे फट गया फिर मिल गया इसी की तरफ़ यहाँ इशारा है) ★★★ यक साअत – एक लम्हा, एक घड़ी ★★★ तसल्सुल – लगातार होना ★★★ दोशम्बा – पीर का दिन यानी इस दिन हुज़ूर अ़लैस्सिलाम पैदा हुए ★★★ जुमए आदम – आदम अ़लैहिस्सलाम का जुमा यानी आप इस दिन पैदा हुए ★★★ ख़ूए तअम्मुल – ग़ौर और फ़िक्र करने की आदत ★★★ वुफ़ूर – ज़्यादती ★★★ सबब – वजह ★★★ जुरअत – दिलेरी, हौसला ★★★ बहरे ख़ुदा – अल्लाह के वास्ते ★★★ अर्ज़े बे तअम्मुल – बेसोचे समझे की गुज़ारिश ★★★ सद चाक – टुकड़े टुकड़े ★★★ इजाबत – दुआ क़बूल होना ★★★ शाना – कंघी ★★★ गेसू – ज़ुल्फ़, बाल ★★★ तवस्सुल – वसीला ढूंढना ★★★ सब्ज़ा गरदूँ – नीला आसमान ★★★ कोतल – वह घोड़ा जो अमीरों की सवारी के आगे आगे महज़ सजावट के लिए सजा संवरा चलता है ★★★ मोकिब – सवारी ★★★ तजम्मुल – शान ो शौकत।

याद में जिसकी नहीं होशे तनो जाँ हमको

रुख़ – चेहरा ★★★ मेहरे फ़रोज़ाँ – चमकदार सूरज ★★★ आप में आना न मिलना – मुहावरा है मतलब होश व हवास का ख़त्म हो जाना ★★★ ख़ुदरफ़्ता – बेख़ुद, बेहोश ★★★ जलवए जानाँ – महबूब का जलवा ★★★ तबस्सुम – मुस्कुराहट ★★★ गुलिस्ताँ – बाग़ ★★★ गुले ख़न्दाँ – खिला हुआ फूल ★★★ आवेज़ा – लटकाया हुआ ★★★ क़िन्दील – फ़ानूस ★★★ सोज़िश – जलन ★★★ चराग़ाँ – रोशनी करना ★★★ रश्के चराग़ाँ – जिस पर रोशनी नाज़ करे ★★★ ख़ूबीए रफ़्तार – उम्दा चाल ★★★ पामाल – रौंदा हुआ ★★★ ख़िरामा – धीरे धीरे चलते हुए ★★★ शरर – चिंगारी ★★★ आतिशे पिन्हाँ – छुपी हुई आग मतलब इश्क़ ★★★ समा ख़राशीए – शोर मचा कर कान खाना ★★★ सगे तैबा – मदीने शरीफ़ का कुत्ता ★★★ नाल ओ अफ़ग़ाँ – शोर व फ़रयाद ★★★ बे–सरो सामाँ

– बिना माल व सामान के ★★★ ख़ारे सहराए मदीना – मदीने शरीफ़ के जंगल का कांटा ★★★ वहशत – घबराहट ★★★ कोह ो बियाबाँ – पहाड़ व मैदान ★★★ तपे सीनए सोज़ाँ – जलने वाले सीने की गर्मी ★★★ ग़िरबाल – छलनी ★★★ जुनूँ – दीवानापन ★★★ रुख़सत – इजाज़त ★★★ ज़िन्दाँ – जेलख़ाना ★★★ सदा – आवाज़ ★★★ मलीह – नमकीन, मुराद महबूब ★★★ नमकदाँ – नमक रखने का बर्तन ★★★ सैर गुलशन – बाग़ की सैर ★★★ असीरान – क़ैदी ★★★ चमन – बाग़ ★★★ क़फ़स – पिंजरा ★★★ बुस्ताँ – बाग़ ★★★ ख़िज़ाँ – पतझड़ ★★★ गुलिसताँ – बाग़ ★★★ लब – होंट ★★★ जोशिशे इस्याँ – गुनाहों की ज़्यादती ★★★ नय्यरे हश्र – क़ियामत का सूरज ★★★ सायए दामाँ – हुज़ूर के दामन का सायए रहमत ★★★ ताब – ताक़त या बर्दाश्त ★★★ ताबकै – कब तक ★★★ ग़मे हिज्राँ – जुदाई का ग़म ★★★ चाक दामाँ – जिसका दामन फटा हो ★★★ दश्त – जंगल ★★★ जुनूँ – दीवानगी ★★★ पुर्ज़े करना – टुकड़े टुकड़े करना ★★★ चेहरए अनवर – रोशनी बिखेरने वाला चेहरा ★★★ महे ताबाँ – चमकता चाँद ★★★ वस्फ़े रुख़े पाक – सरकार के चेहरे की तारीफ़ ★★★ नज़र देना – तोहफ़ा पेश करना ★★★ ग़ज़लख़्वाँ – ग़ज़ल पढ़ने वाला।

हाजियो आओ शहंशाह का रौज़ा देखो

शहंशाह : बादशाहों का बादशाह यानी हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ★★★ रौज़ा – वह मक़बरा जिस पर गुम्बद बना हो यहाँ मुराद गुम्बदे ख़ज़रा है जिसमें हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का मज़ार शरीफ़ है ★★★ रुक्न – कोना ★★★ रुक्ने शामी – काबे शरीफ़ के कोनों में से एक कोना ★★★ वहशत – घबराहट ★★★ शामे ग़ुरबत – परदेस की शाम ★★★ दिल आरा – दिल को संवारने वाली ★★★ जूद – वह करम जो बिन मांगे अता हो ★★★ शहे कौसर – हौज़े कौसर के मालिक ★★★ मीज़ाब – काबे शरीफ़ के परनाले को मीज़ाब कहते हैं ★★★ ज़ेरे मीज़ाब – मीज़ाब के नीचे ★★★ अब्रे रहमत – रहमत का बादल ★★★ क़स्रे महबूब – महबूब का महल ★★★ मुतीअ – फ़रमाँबरदार ★★★ सियाहकार – गुनाहगार ★★★ अव्वलीं – सबसे से पहले ★★★ ख़ानए हक़ – अल्लाह का घर यानी काबए मुअज़्ज़मा ★★★ ज़ियायें – रोशनियाँ ★★★ बैत – घर ★★★ तजल्ला – चमक, रोशनी ★★★ ज़ीनत – ख़ूबसूरती ★★★ उरूस – दुल्हन ★★★ कौनैन – दोनों जहान ★★★ ऐमन – मुबारक, दायाँ ★★★ तूर – उस

पहाड़ का नाम जहाँ हज़रते मूसा अ़लैहिस्सलाम को अल्लाह तआ़ला की तजल्ली का दीदार हुआ ★★★ रुक्ने यमानी – काबे शरीफ़ का एक रुक्न जो दाहनी तरफ़ है ★★★ फ़रोग़ – रोशनी ★★★ शोलए तूर – वह नूर जो हज़रते मूसा अ़लैहिस्सलाम को तूर पर दिखाई दिया ★★★ अन्जुमन आरा – महफ़िल सजाने वाला ★★★ मेहरे मादर – माँ की महब्बत ★★★ आग़ोश – गोद ★★★ हतीम – काबे शरीफ़ की उत्तर की तरफ़ काबे से थोड़ी दूर कमान की तरह एक छोटी सी दीवार है पहले यह हिस्सा काबे में शामिल था मगर पैसे की कमी की वजह से इस हिस्से को छोड़ दिया गया। काबे शरीफ़ से इस दीवार तक के हिस्से को हतीम कहते हैं ★★★ कफ़ीले हुज्जाज – हाजियों का ज़ामिन ★★★ दादरसी – फ़रियाद का सुनना ★★★ ज़ुल्मते दिल – दिल की सियाही ★★★ बोसए संगे असवद – संगे असवद का चूमना। काबे शरीफ़ के एक कोने पर जन्नत का एक पत्थर लगा है जिसे हाजी चूमते हैं उसे हज्रे असवद या संगे असवद कहते हैं ★★★ ख़ाक बोसीए मदीना – मदीने शरीफ़ की ख़ाक या ज़मीन का चूमना ★★★ रुतबा – दर्जा ★★★ रिफ़अते काबा – काबे शरीफ़ की बलन्दी ★★★ परवाज़ – उड़ान ★★★ मुल्तज़िम – काबे शरीफ़ मे रुक्ने यमानी के सामने एक मक़ाम जिससे लिपट कर हाजी दुआ मांगते हैं, यहाँ दुआ क़बूल होती है ★★★ बाहम – आपस में ★★★ मसआ – दौड़ने की जगह (सफ़ा व मरवा – दो पहाड़ियों के नाम जिसके दरमियान हाजी लोग दौड़ते हैं) ★★★ बउम्मीदे सफ़ा – क़ल्ब की सफ़ाई के उम्मीद में ★★★ राहे जानाँ – महबूब का रास्ता ★★★ सफ़ा – क़ल्ब की सफ़ाई ★★★ रक़्स – नाच ★★★ बिस्मिल – जिसकी गर्दन काट दी गई हो और ज़ख़्मी तड़प रहा हो ★★★ मिना – मक्का शरीफ़ में एक जगह का नाम जहाँ हाजी क़ुर्बानी करते हैं ★★★ दिले ख़ूँ नाबा फ़िशाँ – ख़ालिस ख़ून बहाने वाला दिल

पुल से उतारो राह गुज़र को ख़बर न हो

पुल – यानी पुल सिरात जिस पर होकर रोज़े क़यामत हर एक को गुज़रना है जो तलवार से ज़्यादा तेज़ और बाल से ज़्यादा महीन होगा। ★★★ राहगुज़र – रास्ता ★★★ ग़मे रोज़गार – दुनिया का रंज ★★★ हाले ज़ार – बुरा हाल ★★★ ख़ैरे बशर – सबसे बेहतरीन इन्सान यानी हुज़ूर सल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम ★★★ सुबकरवी – तेज़रफ़्तारी ★★★ मुरतज़ा – हज़रते मौला अली रदियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु का लक़ब ★★★ अतीक़ – हज़रते अबूबक्र सिद्दीक़ रदियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु का लक़ब ★★★ गुमा दे – फ़ना कर दे ★★★ पहलू ओ बर – बाज़ू और सीना ★★★ तैरे हरम – हरम की

चिड़िया *** रिश्ता बपा होना – जाल में फंस जाना *** ख़ारे तैबा – मदीने शरीफ़ के कांटे *** दीदए तर – आंसू भरी आंखें *** शौक़े दिल – दिल की ख़्वाहिश *** रवा – जाएज़ *** हामी – मददगार *** पिसर – बेटा *** पिदर – बाप।

मुनाजात

या इलाही हर जगह तेरी अता का साथ हो

मिल्के ख़ास किब्रिया हो – अल्लाह तआ़ला की ख़ास मिल्क (मिल्कियत) यानी आप ख़ुदा की मिल्के ख़ास हैं और ख़ुदाई के मालिक हैं ★★★ मालिके हर मा सिवा हो –– अल्लाह तआ़ला के सिवा हर चीज़ के मालिक हो ★★★ अक़्ले आलम से वरा हो – पूरे आलम की अक़्ल हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के मरतबे को नहीं समझ सकती, आपको नहीं समझ सकती आपको सिर्फ़ आपका मालिक अल्लाह ही जानता है ★★★ कन्ज़े मकतूमे अज़ल में – कन्ज़ मअना ख़ज़ाना मकतूम मअना छुपे हुए यानी

आप छुपे हुए ख़ज़ाने की तरह हैं ★★★ दर्रे मकनूने ख़ुदा हो -- दुर के मअनी मोती और मकनून मअनी छुपा हुआ लिहाज़ा आप छुपा हुआ क़ीमती मोती हैं ★★★ अस्ले मक़्सूदे हुदा - हिदायत का अस्ल मक़सद ★★★ नमाज़े जाँफ़िज़ा - हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम रूह को ज़िन्दा रखने वाली नमाज़ हैं ★★★ सब बशारत की अज़ाँ थे -- मतलब यह है कि हर नबी आपके बारे में बशारत देता हुआ आया ★★★ मुद्दआ - मक़सद, आरज़ू ★★★ मुअख़्ख़र - सबसे आख़िर वाला ★★★ मुब्तदा - सबसे अव्वल वाला ★★★ क़ुर्बे हक़ - अल्लाह तआ़ला से नज़दीकी ★★★ मुन्तहा - आख़िर, अन्त --- सारे नबी अल्लाह के क़ुर्ब की मन्ज़िले थे और आप इस सफ़र या मन्ज़िल का अन्त हैं ★★★ क़ब्ले ज़िक्रे इज़मार किया जब - इसका मतलब किसी अच्छे आलिम से समझें ★★★ रुतबा - मरतबा ★★★ साबिक़ - पहले गुज़रा हुआ वक़्त ★★★ तूरे मूसा - मूसा अ़लैहिस्सलाम का तूर के पहाड़ पर जाना ★★★ चर्ख़े ईसा -- हज़रते ईसा अ़लैहिस्सलाम का आसमान पर उठा लिया जाना ★★★ मासिवा - अलावा ★★★ दना - क़रीब तर ★★★ जिहत - दिशा ★★★ शश जिहत से वरा हो - छः दिशाओं से भी हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम परे हैं ★★★ लामकाँ - वह मकान जहाँ दिशाएं भी नहीं रहतीं ★★★ जाने सफ़ा - साफ़ सुथरी जान ★★★ हुज़ूरे किबरिया - अल्लाह तआ़ला के नज़दीक ★★★ रसाई - पहुँच ★★★ बारगाह तक तुम रसा हो - अल्लाह की बारगाह तक हूज़ूर की पहुँच है ★★★ कज कुलाहो - टेढ़ी टोपी वाले यानी मग़रूर या बेदीन लोग।

ज़मीनो ज़मा तुम्हारे लिए मकीनों मकाँ तुम्हारे लिए

ज़मीनो ज़माँ - ज़मीन और ज़माना ★★★ मकीनों मकाँ - मकान और मकान के रहने वाले ★★★ चुनीं ओ चुनाँ - यह वह इस उस हम तुम सब कुछ ★★★ दो जहाँ - दोनों जहान ★★★ दहन -मुँह ★★★ ख़िदम - .गुलाम ★★★ रसूले हिशम - तमाम रसूल ख़िदमतगार ★★★ तमामे उमम - सब उम्मतें ★★★ .गुलामे करम - करम वाले आक़ा के .गुलाम ★★★ वुजूद - मौजूद होना ★★★ अदम - जो मौजूद न हो ★★★ हुदूस - नई पैदाइश क़िदम का विलोम यानी अल्लाह पाक के सिवा सब कुछ ★★★ क़िदम - जो हमेशा से है यानी अल्लाह तआ़ला ★★★ जहाँ - दुनिया ★★★ अयाँ - ज़ाहिर ★★★ कलीम - लक़ब हज़रते मूसा अ़लैहिस्सलाम का ★★★

नजी – लक़ब हज़रते नूह अ़लैहिस्सलाम का ★★★ मसीह – लक़ब हज़रते ईसा अ़लैहिस्सलाम का ★★★ सफ़ी – लक़ब हज़रते आदम अ़लैहिस्सलाम का ★★★ ख़लील – लक़ब हज़रते इब्राहीम अ़लैहिस्सलाम का ★★★ अतीक़ – हज़रते अबूबक्र रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु ★★★ वसी – हज़रते उमर रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु ★★★ ग़नी – हज़रते उसमान रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु ★★★ सना – तारीफ़ ★★★ इसालते कुल – हर चीज़ की अस्ल यानी हुज़ूर अक़दस स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ★★★ इमामते कुल – तमाम जहान की इमामत ★★★ सियादते कुल – तमाम आलम की सरदारी ★★★ इमाराते कुल – तमाम आलम के अमीर यानी सबसे बड़ी हस्ती ★★★ हुकूमते कुल – तमाम आलम की हुकूमत ★★★ विलायते कुल – तमाम आलम की विलायत ★★★ फ़लक – आसमान ★★★ सिमाक ो समक – समन्दर के तमाम जानवर मुराद है ★★★ सिक्का निशाँ – छाप का निशान ★★★ कन्ज़े निहाँ – छुपा हुआ ख़ज़ाना ★★★ नूरे फ़िशाँ – नूर छिड़कने वाला ★★★ कुन से अयाँ – कुन के मअना हो जा अयाँ मअना ज़ाहिर यानी वह सब चीज़ें जो अल्लाह तआ़ला के कुन फ़रमाने से पैदा हुईं ★★★ बज़्मे फ़काँ – वह सब चीज़ें जो अल्लाह तआ़ला के कुन फ़रमाने से पैदा हुईं ★★★ बाग़े जिनाँ – जन्नत के बाग़ ★★★ ज़ुहूरे निहाँ – छुपी हुई चीज़ का ज़ाहिर होना ★★★ मिहाँ – बड़े लोग सरदार ★★★ शम्स – सूरज ★★★ क़मर – चाँद ★★★ सहर – सुबह ★★★ बर्ग – पत्ते ★★★ शजर – पेड़ ★★★ समर – फल ★★★ तेग़ – तलवार ★★★ सिपर – ढाल ★★★ हुक्मे रवाँ – जारी हुक्म ★★★ जूद – वह जो बिन मांगे अता हो ★★★ अकर मियाँ – इज़्ज़तें, करम, वजाहतें ★★★ सहाबे करम – नवाज़िश ो बख़्शिश का बादल ★★★ आबे निअम – नेमतों का पानी ★★★ सत्रे बदाँ – नंग को छुपाना यानी गुनाहगारों के ऐबों को छुपाना ★★★ नूरे फ़िशाँ – नूर छिड़कने वाला ★★★ मेहर ो शाँ – गुनाहगारों की हमदर्दी करना ★★★ ब–आँ हमा शँ – मरतबों और दर्जों के बावुजूद ★★★ बसाया कशाँ – गर्मी से बचने के लिए साया करना ★★★ मवाकिबे शाँ – शानो शौकत वाली फ़ौज ★★★ जिलाए करब – रंजो ग़म को दूर करना ★★★ बरब्बे जहाँ – दुनिया के रब की क़सम ★★★ ज़ुनूब – गुनाह ★★★ हिबा – गर्द ओ ग़ुबार जो सुराख़ से आती रोशनी में दिखते हैं ★★★ .कुलूब – दिल की जमा ★★★ ख़ुतूबे रवा – ख़ुद कलामी ★★★ कुरूबे सफ़ा – साफ़ दिल ★★★

पए – वास्ते *** बशर – इन्सान *** मलाइका – फ़रिश्ते *** जबीं – माथा, पेशानी *** क़ल्ब – दिल *** सजदा कुनाँ – झुके हुए *** रूहे अमीं – लक़ब हज़रते जिब्रील अ़लैहिस्सलाम का *** अर्शे बरीं – अर्शे आज़म *** लौहे मुबीं – वह लौह या तख़्ती जहाँ सब की तक़दीरें लिखी हुई हैं *** रम्ज़ें खुलीं – राज़ खुले *** अज़ल – हमेशगी यानी वह वक़्त जो सिर्फ़ अल्लाह तआ़ला ही जानता है और कोई नहीं *** निहाँ – खुल जाना *** जिनाँ – जन्नतें *** चमन – बाग़ *** समन – फूल *** फबन – सजावट ख़ूबसूरती *** सराए मिहन – दुनिया जो सराए है मेहनत व मशक़्क़त की जगह, दारुलअमल *** मिनन – ऐहसान *** कमाले मिहाँ – *** जलाले शहाँ – तमाम बादशाहों का जलाल *** जमाले हिसाँ – ख़ूबसूरतों की ख़ूबसूरती *** अयाँ – ज़ाहिर *** रोज़े फ़काँ – जो हो गया *** साँ – मानिन्द, जैसा, तरह *** कुजा – कहाँ, किस गिनती में *** सिपहर – आसमान *** जिहत – दिशा *** विसाल मिला – यानी अल्लाह तआ़ला से मिलना हुआ *** रिफ़अते शाँ – शान की बलन्दी *** ब–फ़ौर सदा – फ़ौरन आवाज़, जल्दी आवाज़ *** सिदरह – सातवें आसमान पर वह मक़ाम जहाँ पर हज़रते जिब्रील अ़लैहिस्सलाम के मक़ाम की इन्तिहा है *** सुफ़ूफ़े समाँ – आसमान की सफ़ें *** मरहमतें – मेहरबानियाँ *** कच्ची मतें – छोटी अक़्ल *** गतें – बुरी हालत कर लेना *** .कुसूर – ख़ता *** .कुसूरे जिनाँ – जन्नत के महल *** फ़ना ब–दरत – मौत तेरे दरवाज़े पर *** बक़ा ब–बरत – ज़िन्दगी आपके तुफ़ैल *** ज़ि–हर दो जिहत – दो दिशाओं से *** बगिर्दे सरत – आपके सर के चारों तरफ़ *** मरकज़ियत तुम्हारी सिफ़त – सबसे ऊँचाई पर केन्द्र होना आप स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की सिफ़त है *** दोनों कमाँ – दोनों कमानों को मिलाकर गोल दाइरा बनता है *** ख़ुर – यानी ख़ुर्शीद यानी सूरज *** गए हुए दिन को अस्र किया – यानी दिन ख़त्म हो गया था सूरज छुप गया था हुज़ूर ने फिर अस्र का वक़्त कर दिया यानी सूरज को पलटा दिया *** ताबो तवाँ – चमक दमक क़ुदरत, बर्दाश्त *** सबा – हवा *** लिवा – लिवाउल ह़म्द – वह झंडा जो रोज़े क़यामत हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम को अता होगा, लिवा तालू को भी कहते हैं *** सना – तारीफ़।

नज़र इक चमन से दो चार है न चमन चमन भी निसार है

चमन – बाग़ ★★★ दोचार – नज़र का मिल जाना ★★★ निसार – .क़ुर्बान ★★★ गुल – फूल ★★★ बहार बुलबुले ज़ार है – बुलबुल भी फ़रयाद कर रही है ★★★ दिले बशर – इन्सान का दिल ★★★ फ़िगार – ज़ख़्म मतलब यहाँ इश्क़ में ज़ख़्मी ★★★ मलक – फ़रिश्ते ★★★ हज़दा हज़ार – अट्ठारह हज़ार ★★★ हज़ार – बुलबुल ★★★ सजदा कुना – अदब से झुका हुआ ★★★ ज़मज़मख़्वाँ – गीत गाने वाला मतलब यहाँ आपकी शान में गाने वाला ★★★ तपाँ – तड़पता हुआ ★★★ निहार – दिन ★★★ जोशिश – तेजी ★★★ झपक पलक की तू ख़ार है -- पलक का झपकना कांटा है ★★★ समन – फूल ★★★ सोसन – एक फूल का नाम ★★★ यासमन – नाम एक फूल का ★★★ सुम्बुल – बनफ़शा एक ख़ुशबूदार घास है ★★★ नसतरन – एक ख़ुशबूदार फूल का नाम ★★★ गुल – फूल ★★★ सर्व – नाम एक दरख़्त का जो बहुत लम्बा होता है और इससे महबूब के क़द की मिसाल दी जाती है ★★★ लाला – ख़शख़ाश का सुर्ख़ फूल ★★★ जलवा हज़ार – हज़ारों जलवे ★★★ सबा – हवा ★★★ सनक – हवा का चलना ★★★ लबे जू झलक – दरिया के किनारों पर रौनक़ ★★★ दहर – ज़माना ★★★ बहर – समन्दर ★★★ फ़ना – बरबाद, ख़त्म ★★★ बक़ा – ज़िन्दगी ★★★ बुन – दरख़्त की जड़ ★★★ बार – फल, नतीजा, रिज़ल्ट ★★★ बेनवा – फ़क़ीर बिना सामान के ★★★ नवा – आवाज़ ★★★ तेज़ रविश – तेज़ चाल ★★★ दियार – वतन, घर, शहर या मुल्क ★★★ महव -- गुम होना ★★★ निसार – क़ुर्बान ★★★ तपाँ – तप रहे, जल रहे ★★★ ख़ूबों – अच्छों हसीनों के ★★★ नहीं चाके जेबे गुलो सहर कि क़मर भी सीना फ़िगार है -- सुबह के फूल ही नहीं खिले बल्कि चाँद ने भी सीना चीर दिया है ★★★ ज़रे निकू – ख़ालिस सोना ★★★ ज़र्द रू – सुर्ख़ चेहरा ★★★ गुले ख़ुल्द – जन्नत का फूल ★★★ ख़िज़ाँ – पतझड़ ★★★ सिफ़त – ख़ूबी, अलामत ★★★ नआल – ख़िराज, टैक्स, नज़राना ★★★ नवाल – मेहरबानी, इनायत, अता ★★★ तजल्लियाँ – नूरानियत, जलवे ★★★ तअल्लियाँ – बरतरी, शेख़ी, ग़ुरूर ★★★ बार दुहार – दोहरी नूर की बारिश ★★★ रुसुल – रसूल की जमा ★★★ मलक – फ़रिश्ते ★★★ शफ़ीअ – सिफ़ारिश करने वाला ★★★ रोज़े शुमार – रोज़े क़ियामत ★★★ हिजाब – पर्दा, शर्म व हया ★★★ चर्ख़ – आसमान घूमने वाला ★★★ मसीह – ज़िन्दा करने वाला, हज़रते ईसा अलैहिस्सलाम का लक़ब है ★★★ कलीम – कलाम करने वाला, हज़रते मूसा

अ़लैहिस्सलाम का लक़ब है ★★★ तूर – उस पहाड़ का नाम है जिस पर हज़रते मूसा अ़लैहिस्सलाम को अल्लाह के नूर की तजल्ली का दीदार हुआ ★★★ निहाँ – छुपा हुआ ★★★ अरब का नाक़ा सवार – मुराद हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम ★★★ तजल्लीए दिल नशीं – दिल में बैठने वाली रोशनी ★★★ महे मुबीं – रोशन चमकदार चांद ★★★ तार – काली, अंधेरी ★★★ ज़ुल्मतें स्याही, अंधेरा ★★★ सितम – ज़ुल्म, तकलीफ़ ★★★ मह – चांद ★★★ महर – सूरज ★★★ शबे दाज – अंधेरी रात ★★★ अफ़ुव्व – माफ़ करने वाला ★★★ ज़िया – रोशनी ★★★ इस्तफ़ा – चुना हुआ ★★★ सक़र – जहन्नम ★★★ ख़ार – कांटा ★★★ ज़बीह – जिसे ज़िबह किया जाए ★★★ लैलाए नज्द – नज्द की लैला (मौलवी इस्माईल देहलवी की तरफ़ इशारा है) ★★★ ज़बीहे तेग़े ख़्यार – नेकों की तलवार से मरा हुआ।

ये है दीं की तक़वियत उसके घर ये है मुस्तक़ीमे सिराते शर
जो शक़ी के दिल में गाव ख़र   तो ज़बाँ पे चूढ़ा चमार है

मौलवी इस्माईल देहलवी की किताब तक़वियतुल ईमान में अल्लाह के नज़दीक हर शय को चूढ़े चमार से बदतर बताया और इस तरह हुज़ूर की भी तौहीन की और सिराते मुस्तक़ीम में इस तरह तौहीन की कि नमाज़ में हुज़ूर के ख़्याल का आ जाना बुरा बताया जब कि गाय या ख़र (गधा) का ख़्याल आ जाना बेहतर बताया। इसी बात को यहाँ आलाहज़रत फ़रमाते हैं कि इनकी तक़वीयतुल ईमान ने ईमान को यही तक़वीयत दी है और इनके यहाँ शर फैलाना ही सिराते मुस्तक़ीम है। इन सख़्त दिलों के दिल में गाय और गधे और मुँह पर चूढ़ा चमार भरा है।

जूद – जो बिना मांगे मिले ★★★ सर बसर – हमेशा ★★★ तपे सक़र – दोज़ख़ की आग ★★★ तेरे दिल में किससे बुख़ार है –– तेरे दिल में किस हस्ती के लिए हसद व जलन है ★★★ रज़ा के नेज़ा की मार – आलाहज़रत के क़लम की मार ★★★ अदू – दुश्मन ★★★ चारा जोई – इस्तिग़ासा करना

ईमान है क़ाले मुस्तफ़ाई

ईमान है क़ाले मुस्तफ़ाई – हुज़ूर का फ़रमान ईमान ★★★ क़ुर्आन है हाले मुस्तफ़ाई – क़ुर्आन मजीद आपकी सीरते तय्यिबा है ★★★ नक़्श तिम्साले मुस्तफ़ाई – हुज़ूर का रुख़े अनवर अल्लाह तआ़ला की क़ुदरते कामिला का नमूना है ★★★ बाला – बड़ा ★★★ रुसुल – बहुत से रसूल ★★★ इजलाल – बुज़ुर्गी, मन्ज़िलत ★★★

जलाल – बुज़ूर्गी ★★★ इदबार – नुहूसत, बदइक़बाल ★★★ इक़बाल – दबदबा ★★★ मुरसल – वो रसूल जिन पर किताब नाज़िल हुई ★★★ मुश्ताक़े हक़ – अल्लाह तआ़ला के चाहने वाले ★★★ मुश्ताक़ – ख़्वाहिशमन्द ★★★ ख़्वाहान – चाहने वाला ★★★ विसाल – मुलाक़ात, मेलजोल ★★★ किबरिया – अल्लाह तआ़ला ★★★ जोयान – ढूंढने वाला ★★★ जमाल – ख़ूबसूरती ★★★ महबूब – जिससे महब्बत की जाए ★★★ मुहिब – महब्बत करने वाला ★★★ कौनैन – दोनों जहान ★★★ दस्ते दिल – दिल रूपी हाथ ★★★ जूद – वह नेमत जो बिन मांगे अता हो ★★★ नवाल – अता, बख़्शिश ★★★ शमे जमाले मुस्तफ़ाई – हुज़ूर के जमाल की शमा ★★★ शबे तार – अंधेरी रात ★★★ क़ज़्ज़ाक़ – डाकू ईमान के ★★★ सर्द – ठंडा ★★★ लौ लगा दे – याद जमा दे ★★★ ग़मज़दा – मुसीबतज़दा ★★★ तारीकी गोर – अंधेरी क़ब्र ★★★ पुर नूर – नूर से भरा ★★★ बज़्मे आलम – तमाम आलम की महफ़िल ★★★ तीरा दिल – स्याह दिल ★★★ लिल्लाह – अल्लाह के वास्ते

ज़र्रे झड़ कर तिरी पैज़ारों के

पैज़ार – जूतियाँ मुबारक ★★★ सय्यार – गर्दिश करने वाला सितारा ★★★ ख़िल्अते ज़र – सोने की पोशाक ★★★ पुश्तार – पीठ पर लदा बोझ ★★★ तौर – आदत ★★★ बेतौर बुरी आदत ★★★ मुजरिमो चश्मे तबस्सुम रखो – गुनाहगारों तबस्सुम की उम्मीद रखो ★★★ बहरे तसलीमे अली मैदाँ में– मौला अ़ली रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की सलामी में मैदाने जंग में ★★★ बन्दा – .गुलाम।

सर सू–ए रौज़ा झुका फिर तुझको क्या

सूए रौज़ा – रौज़े की तरफ़ ★★★ दिल था साजिद – दिल ताज़ीमन झुका हुआ था और बहुत झुका हुआ ताज़ीमन झुकना मना नहीं हाँ ग़ैरे ख़ुदा की तरफ़ इबादत की नियत से सर का झुकना बिला शक ओ शुबा शिर्क व कुफ़्र है ★★★ उनको तमलीके मालीकुल मुल्क से – अल्लाह तआ़ला के हुज़ूर को मालिक बना देने से उन्हें हमने भी मालिक कह दिया। ★★★ मालिके आलम – तमाम आलम के मालिक ★★★ तज दिया – .क़ुर्बान कर दिया ★★★ या इबादी – हदीस में हुज़ूर ने या इबादी यानी हम उम्मतियों को अपना .गुलाम फ़रमाया ★★★ बन्दा – .गुलाम ★★★ देव के बन्दों – यानी देवबन्दियों ★★★ ला यऊ़दून – वो वापस नहीं होंगे ★★★ दाइमा – हमेशा ★★★ दश्ते गिर्दे पेश तैबा का अदब –– मदीने शरीफ़ के आस पास के जंगल का

अदब *** देव – शैतान *** अब्दे मुस्तफ़ा – हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के .गुलाम *** ख़ुल्द – जन्नत।

वही रब है जिसने तुझको हमअतन करम बनाया

हमअतन करम बनाया – सर से पा तक करम बनाया *** आसताँ – दर *** ह़म्द – तारीफ़ *** हाकिमे बराया – नेक व मासूम लोगों के सरदार *** क़ासिमे अताया – नेअमतों के बांटने वाले *** दाफ़ेए बलाया – बलाओं के दफ़ा करने वाले *** शाफ़ेए ख़ताया – ख़ताओं व गुनाहों की माफ़ी की सिफ़रिश करने वाले *** नफ़ख़्ते – मैंने फूंक मारी *** फ़ीह – उसमें *** दम – फूंक *** नफ़ख़्तु फ़ीह का दम -- हज़रते मरयम के फूंक मारी *** निशाने आज़म – अल्लाह की सबसे बड़ी निशानी यानी हुज़ूरे अकरम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम *** आमना का जाया -- हज़रते आमिना रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हा का बेटा *** सिदरा वाले – यानी हज़रते जिब्रील अ़लैहिस्सलाम *** चमने जहाँ के थाले *** तेरे पाए का न पाया – तुझ जैसा न पाया *** तुझे यक ने यक बनाया – अल्लाह तआ़ला ने तुझ जैसा पैदा ही नहीं किया *** फ़इज़ा फ़रग़ता फ़नसब – जब तू फ़ारिग़ हो तो अल्लाह के हुज़ूर खड़ा हो *** मनसब – मरतबा, ओहदा *** जो गदा बना चुके अब उठो वक़्ते बख़्शिश आया – या रसूलल्लाह जब आप अपना .गुलाम बना ही चुके हैं तो उठिये अब बख़्शवाने का वक़्त आ गया *** व इलल लाह फ़रग़ब – अपने रब की तरफ़ रग़बत करो *** शाफ़िए ख़ताया – गुनाहों की सिफ़ारिश कराने वाले *** दरे रौज़ा के मुक़ाबिल – सरकारे दो आलम के रौज़े के दरवाज़े के सामने *** ख़न्दा ज़ेरे लब है – होंटों ही होंटों में मुस्कुराना *** गिरया सारी शब – सारी रात रोना *** तरब – ख़ुशी में *** सरे चर्ख़ – आसमान पर *** ज़ेरे पा – पांव के नीचे *** पेशे दर खड़ा है – .गुलामी के साथ सर झुकाए आक़ा के दर पर खड़ा होना *** तपक – दर्द की गर्मी *** आतिश – आग *** कभी वह टपक के बारिश – बारिश की तरह आंसू बहाना *** हुजूम – भीड़ भाड़ *** नालिश – रोना, दुहाई, फ़रयाद *** जोशिश – ज़ोर शोर वलवला *** गुल – फूल *** चमने जिनाँ – जन्नत का बाग़ *** गुले क़ुद्स – मुक़द्दस फूल *** मरगे नौ का ख़्वाँ – फ़ौरन मौत का ख़्वाहिशमन्द *** वह जिया कि मर्गे क़ुर्बां – वह ज़िन्दगी कि जिसपे मौत क़ुर्बान *** वो मवा कि ज़ीस्त लाया -- यह मौत ऐसी ज़िन्दगी लाई है *** कहे रूह हाँ जिलाया – रूह कहती है कि ज़िन्दा कर

दिया ★★★ गुम – ग़ायब ★★★ अयाँ – ज़ाहिर ★★★ कभी सर्द गह तपाँ है -- कभी बिल्कुल ठंडा कभी बहुत गर्म ★★★ कभी ज़ेरे लब फ़ुग़ाँ है कभी होंटो पर दर्द भरे नाले हैं ★★★ कभी चुप कि दम न थाया -- कभी एक दम ख़ामोशी है ★★★ रुख़े कामे जाँ दिखाया – अपने मक़सद का चेहरा दिखाना ★★★ यह तसव्वुराते बातिल – बेकार ख़्याल ★★★ क़ुदरत – इख़्तेयार ★★★ कामिल – पूर्ण ★★★ इन्हें रास्त कर ख़ुदाया -- ऐ अल्लाह उन्हें सही कर दे ★★★ शफ़ीअ – सिफ़ारिश करने वाला।

लहद में इश्क़े रुख़े शह का दाग़ ले के चले

लहद – क़ब्र ★★★ लहद में इश्क़े रुख़े शह का दाग़ ले के चले --हुज़ूर के चेहरए अनवर की ज़्यारत से जो दिल पर ज़ख़्म लग कर एक निशान बन गया है उसका दाग़ क़ब्र में ले के चले ★★★ जिनाँ – जन्नत ★★★ मुहिब्बाने चार यार – हुज़ूर अ़लैहिस्सलाम के चारों ख़लीफ़ा हज़रते अबूबक्र, हज़रते उमर, हज़रते उसमान और मौला अ़ली रदियल्लाहु तआ़ला अन्हुम से महब्बत करने वाले ★★★ चार बाग़ – इन्हीं चारों ख़लीफ़ाओं की महब्बत के बाग़

गए ज़्यारते दर की सद आह वापस आए
नज़र के अश्क पुछे दिल का दाग़ ले के चले

हुज़ूर के दर की ज़्यारत को गए और आहें भरते हुए वापस आए। नज़र के आंसू तो पुछ गए मगर दिल का दाग़ बड़े काम का है। ★★★ मदीना जाने जिनाँ है – मदीना जन्नत की जान है ★★★ सूए ज़ाग़ – कव्वे की तरफ़ ★★★ तेरे सहाबे सुख़न से नम कि नम से भी कम -- हुज़ूर की सुख़न यानी बातचीत के अन्दाज़ से क़तरा नहीं बल्कि नम और नम से भी कम ★★★ बलीग़ बहरे बलाग़त -- यानी जिन्होंने वह नम लिया वह बड़े बलीग़ बल्कि बलाग़त के समन्दर तक पहुँचे ★★★ हुज़ूरे तैबा – मदीने पाक की हाज़री ★★★ हीले – बहाना ★★★ मक्र – मक्कारी ★★★ फ़राग़ – फ़राग़त, फ़ुरसत ★★★ वस्फ़े जमाल ओ कलाम – ख़ूबसूरती और कलाम की तारीफ़ ★★★ मुहाल – नामुमकिन ★★★ मसाग़ – किसी चीज़ की रवानगी की जगह ★★★ गिला – शिकायत।

गिला नहीं है मुरीदे रशीद शैताँ से
कि उसके वुस्अते इल्मी का लाग़ ले के चले
हर एक अपने बड़े की बड़ाई करता है
हर एक मग़बचा मग का अयाग़ ले के चले

★★★ मुरीद रशीद शैताँ – रशीद अहमद गंगोही का मुरीद

ख़लील अहमद अम्बेठी। ये दोनों मुरतद और मिस्ले शैतान थे और ख़लील अहमद ने अपनी किताब बराहीने क़ातेआ में हुज़ूर के इल्म को शैतान के इल्म से कम बताया और साथ ही यह भी कहा कि हुज़ूर अ़लैहिस्सलाम के इल्मे ग़ैब को मानना शिर्क और शैतान के इल्म के मानने को शिर्क नहीं माना। जब एक के लिए मानना शिर्क है तो दूसरे के लिए मानना शिर्क क्यूँ नहीं होगा।

इस शेर में इसी तरफ़ इशारा है कि वह वुस्अते इल्म का लाग़ ले के चले। हर शख़्स अपने बड़ों की अच्छाई करता है लिहाज़ा ख़लील अहमद ने भी अपने बड़े यानी शैतान की बड़ाई की अब इसलिए उससे क्या गिला किया जाए। लिहाज़ा शैतान के इल्म को मान लेने से उसके अपने कहे के मुताबिक़ वह ख़ुद ही अपने मुँह मुश्रिक हो गया।

मगर ख़ुदा पे जो धब्बा दरोग़ का थोपा
ये किस लईन की .गुलामी का दाग़ ले के चले
वुक़ूए किज़्ब के मअना दुरुस्त और .क़ुद्दूस
हिए की फूटे अजब सब्ज़ बाग़ ले के चले
जहाँ में कोई भी काफ़िर सा काफ़िर ऐसा होगा
कि अपने रब पे सफ़ाहत का दाग़ ले के चले

दरोग़ – झूट *** लईन – शैतान का लक़ब *** वुक़ूए किज़्ब – अल्लाह पाक के झूट बोलने को मुमकिन जानना *** हिए की फूटे –– आँख का अन्धा होना *** सब्ज़ बाग़ – मुहावरा है मअना लम्बी लम्बी झूटी उम्मीदें। सफ़ाहत – बेवक़ूफ़ी, कमीनापन।

वहाबियों का यह अक़ीदा है कि अल्लाह तआ़ला झूट बोल सकता है तो यह तो शैतान लईन की ग़ुलामी हुई। दुनिया में कोई काफ़िर भी ऐसा होगा जो यह कहे कि अल्लाह तआ़ला झूट बोल सकता है।

ज़ाग़ – कव्वा *** कलाग़ – जंगली कव्वा *** ख़बीस – बहुत ही कमीना *** यकसाँ – बराबर ***

अम्बिया को भी अजल आनी है

अजल – मौत *** फ़क़त – बस, सिर्फ़ *** हयात – ज़िन्दगी *** मिस्ले साबिक़ – फिर पहले ही की तरह *** अजसाम – जिस्म की जमा *** सानी – मिस्ल, तरह *** रूह है पाक है नूरानी है –– नबी अगर जिस मिट्टी पर अपना मुबारक पैर रख दे वह जगह पाक है नूरानी है *** अज़्वाज – बीवी *** तर्का – मरने के बाद मरने वाले का जो माल बाटा जाता है *** फ़ानी – ख़त्म होने वाला *** हय्यिए अबदी –– हमेशा की ज़िन्दगी *** सिद्क़ वादा – सच्चा वादा।

रुबाइयात

(1)

अम्बिया – नबी की जमा ★★★ कमा क़ीला लहुम – जैसा कि उनके लिए कहा गया ★★★ वल ख़ातमु ह़क़्क़ुकुम – आपका हक़ है आख़री नबी होना ★★★ ख़ातिम – जिस पर ख़त्म हो ★★★ दफ़तर तन्ज़ील – इल्हामी किताबों की फ़ेहरिस्त का रजिस्टर ★★★ तमाम – ख़त्म ★★★ महर – सूरज ★★★ अकमलतु लकुम – मैंने आपके लिए दीने इसलाम को मुकम्मल कर दिया।

(2)

शबे तैबा – मदीने शरीफ़ की रात ★★★ शारिब – पिलाने वाली, मुंछ ★★★ रुख़े रौशन – चमकता हुआ चेहरा ★★★ गेसू – ज़ुल्फ़, बाल ★★★ शबे क़द्र – रमज़ान के आख़री दस दिनों की एक मुबारक रात ★★★ बराअत – शाबान के महीने की पंनद्रहवीं तारीख़ ★★★ मिज़गाँ – पलक ★★★ अबरू – भवें ★★★ वल फ़ज्र – सुबहे सादिक़, सूरह फ़ज्र की तरफ़ इशारा है ★★★ लयाल अश्र – दस रातें

(3)

★★★ सर ता बक़दम – सर से पैर तक

(4)

बोसा गाहे असहाब – सहाबियों के बोसा लेने की जगह ★★★ महरे सामी – बलन्द महब्बत ★★★ शानए – कंघी करना ★★★ चप – बायाँ ★★★ अम्बर – ख़ुशबूदार चीज़ ★★★ फ़ामी – रंग भरा हुआ ★★★ तुरफ़ा – अजीब बात, चारों तरफ़ ★★★ संगे असवद – काबा शरीफ़ में नसब वह पत्थर जिसे हाजी चूमते हैं ★★★ रुक्ने शामी – काबा शरीफ़ के एक कोने का नाम।

(5)

तुरबते शह – हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के क़ब्र पाक की मिट्टी या क़ब्र ★★★ फ़ाज़िल – फ़ज़ीलत रखने वाली ★★★ मरक़द – क़ब्र, ख़्वाबगाह।

(6)

साअत – घड़ी ★★★ लिल्लाह – अल्लाह के वास्ते ★★★ रुख़े रौशन – चमकदार चेहरा।

(7)

शुबह – शक ★★★ शबीह – तसवीर ★★★ बेमिस्ल – जिस जैसा दूसरा न हो ★★★ तेमसाल – मिसाल, शक्ल सूरत ★★★ मुतअल्लिक़ – तअल्लुक़ रखने वाला ★★★ मुदाम – हमेशा।

(8)

शाह – हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ★★★ तवाज़ो – आजिज़ी, इन्केसारी ★★★ तक़ाज़ा – मांग, तलब, ख़्वाहिश ★★★ गवारा – पसन्द मन्ज़ूर।

(9)

महज़ूज़ – लुत्फ़ उठाने वाला ★★★ अलमुन्तहा लिल्लाह – अल्लाह का एहसान ★★★ महफ़ूज़ – हिफ़ाज़त में ★★★ नात गोई – नात कहना ★★★ मलहूज़ – ख़्याल रखा गया।

(10)

पेशा – रोज़ी हासिल करने का कोई काम ★★★ जम्बा – हिमायत, तरफ़दारी ★★★ सना – तारीफ़ ★★★ लौज़ेबा – बादाम का हल्वा ★★★ सेर – खजूर की गुठली।

(11)

महसूर – घिरा हुआ ★★★ दानी – जानना ★★★ आली – बलन्द व बरतर, ख़ुशबयान ★★★ बेमिसाली – मिसाल न होना ★★★ वस्फ़ – ख़ूबी – सिफ़त ★★★ बेकमाली – कोई ख़ूबी व कमाल न रखता हो।

(12)

रश्क – हसद, जलन ★★★ अनादिल – बुलबुल ★★★ फ़सीह – ख़ुश बयान, शीरीं कमाल ★★★ बेमुमासिल – बेनज़ीर ★★★ हक़्क़ा – बख़ुदा सही बात यह है ★★★ सनअत – हुनर ★★★ नुक़सान – कमी, ख़सारा।

(13)

तोशा – सफ़र का सामान ★★★ अफ़ग़ाँ – फ़रयाद ★★★ दिले ज़ार – रोने वाला दिल ★★★ हदी – अरबी शतरवानों का नग़मा ★★★ हदी ख़्वाँ – हदी पढ़ने वाला ★★★ रहबर – रास्ता दिखाने वाला ★★★ रह – राह, रास्ता ★★★ नक़्शे क़दम – किसी के रास्ते पर चलना ★★★ हज़रते हस्साँ – हज़रते हस्सान रदियल्लाहु तआला अन्हु एक सहाबीए रसूल हैं जो हुज़ूर की शान में नात कहा करते और हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम मिम्बर सजा कर उनकी नात सुनते थे।

(14)

हर जा – हर तरफ़ *** फ़लक – आसमान *** मज़्कूर – ज़िक्र होना *** क़ुसूर – महल *** पास – लिहाज़ *** दूर के ढोल – मुहावरा है मतलब यह है कि दूर की बातें बड़ी अच्छी मालूम होती हैं।

(15)

तने महबूबे इलाही – अल्लाह के महबूब हुज़ूर सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का जिस्म *** जामा – लिबास, कपड़े *** अयाँ – ज़ाहिर *** वल्लाह – अल्लाह की क़सम

(16)

जलवागह – जलवे की जगह, तख़्त *** रू – चेहरा *** क़ौसैन – दो कमाने *** मानिन्द – तरह *** अबरू – भवें *** मिज़गाँ – पलकें *** फ़ज़ाए ला मकाँ – लामकाँ की वुसअत *** आहू – हिरन

(17)

मादूम – गुम, बिल्कुल न होना *** सक़लैन – इन्सानों व जिन्नों के बादशाह यानी हुज़ूर सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम *** जलवागह – जलवे की जगह, तख़्त *** हसनैन – हज़रते इमाम हसन व हुसैन रदि़यल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा *** तमसील – मुशाबहत, मिस्ल होना।

(18)

उक़बा – आख़िरत *** पयम्बर – हुज़ूर सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम।

(19)

ख़ालिक़ – पैदा करने वाला *** तजद्दुद – नया होना, कोशिश करना *** बरी – पाक, बेक़ुसूर *** मख़्लूक़ – अल्लाह के सिवा सब मख़्लूक़ है *** महदूद – एक हद के अन्दर *** फ़ज़ीलत – बुज़ुर्गी बड़ाई *** बिलजुमला – ,हासिले कलाम यानी कहने का मतलब *** रोज़ अफ़ज़ूँ – हर दिन ज़्यादा।

(20)

गरदूँ – आसमान *** बिना – बुनियाद *** अबरू – भवें *** तेग़ – तलवार *** क़ज़ा – फ़ैसला, मौत का वक़्त, हुक्मे इलाही *** क़ौसैन – दो कमाने।

(21)

रुख़ – चेहरा *** सरवर – सरदार *** जलवा – नज़ारा, नुमाइश *** कूचा – गली ***

गुज़ारिश

इस किताब से नाते रसूल पढ़ने व सुनने वालों से एक गुज़ारिश यह है कि जब भी इस किताब से नाते सुनें तो हो सके तो हर शेर पर दुरूदे पाक पढ़ें चाहे वह छोटा ही दुरूद क्यूँ न हो। यह न हो सके तो थोड़ी थोड़ी देर के बाद दुरूद पढ़ें और जब कोई शेर बहुत ही ज़्यादा पसन्द आये तो 11 मरतबा दुरूद पढ़ें और इसका सवाब दिल ही दिल में तमाम मुसलमानों को बख़्श दें और मुझ नाचीज़ को भी ज़रूर याद रखें।

بسم الله الرحمن الرحيم

صَلَّ اللّٰهُ عَلٰى نَبِيِّ الْاُمِّيِّ وَ اٰلِهٖ صَلَّ اللّٰهُ عَلَيْهِ

وَسَلَّمَ صَلَاةً وَّ سَلَامًا عَلَيْكَ يَا رَسُوْلَ اللّٰه ٥

मुहम्मद अह़मद साहब की अब तक की छपी हुई हिन्दी का किताबों का तआरुफ़

अल्लाह तआ़ला की रह़मत और उसके ह़बीबे पाक मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के सदक़े और हुज़ूर ग़ौसे आज़म और मशाइख़े किराम के फ़ज़्ल व करम से अब तक 26 किताबें जनाब मुह़म्मद अह़मद साहब की हिन्दी में छप चुकी हैं जिनमें से कुछ किताबों का मुख़्तसर तआरुफ़ यहाँ आपको कराया जा रहा है। इन सभी किताबों की अपनी अलग अहमियत है और इन किताबों के ज़रिए हिन्दीं दाँ तबक़ा अपने ईमान व अमल की इस्लाह कर सकता है। अल्लाह तआ़ला जनाब मुह़म्मद अह़मद साहब और इस काम में जुड़े उनके साथ सभी हज़रात को ईमान पर क़ाइम रहने और नेक अमल करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए और उनसे ज़्यादा से ज़्यादा काम लेता रहे और ईमान पर ख़ातिमा नसीब फ़रामए आमीन। पढ़ने वालों से गुज़ारिश है कि जहाँ भी कोई ग़लती पायें उसकी इत्तिला सफ़ा नम्बर के साथ उनके मकतबे "आलाहज़रत दारुल कुतुब 28, इस्लामिया मार्केट, बरेली शरीफ़" को करें। इन्शा अल्लाह तआ़ला अगले एडीशन में उसे ठीक किया जाएगा।

बहारे शरीअ़त

आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के ख़लीफ़ा जलीलुश्शान फ़क़ीहे आज़मे हिन्द सदरुश शरीअ़ा हज़रत मौलाना शाह अल्लामा मुह़म्मद अमजद अली अ़लैहिर्रह़मह की यह किताब बहुत ही मशहूर व मारूफ़ है। इस किताब का हिन्दी तर्जमा जनाब मुह़म्मद अह़मद साहब ने किया है और उसे कुछ इस अन्दाज़ में आसान करने की भी कोशिश की गई है कि आम आदमी की समझ में आ जाए। इस किताब के बीस हिस्से हैं मगर अभी तक पाँच हिस्से एक साथ एक ही जिल्द में छपे हैं और अब इरादा यह है कि इस मर्तबा पाँचों हिस्सों के साथ छटे हिस्से को भी शामिल कर दिया जाए सोलहवाँ हिस्सा **'इस्लामी अख़्लाक़ ओ आदाब'** के नाम से छपा है। इस किताब के पहले हिस्से मं अल्लाह, रसूल और नबियों के बारे में अ़क़ीदे, फ़रिश्तों और जिन्न का बयान है। इसके अलावा पहले ही हिस्से में आलमे बरज़ख़ क़ब्र, हश्र, जन्नत और दोज़ख़ का बयान है और चन्द फ़िरक़ों के बारे में भी बताया गया

है। इसके दूसरे हिस्से में वुज़ू, ग़ुस्ल, तयम्मुम, वग़ैरा का बयान है और साथ ही औरतों के मसाइल हैज़, निफ़ास और इस्तिहाज़ा का बयान भी है। दूसरे ही हिस्से में नजासत और नजासत को पाक करने का बयान भी है। इस किताब के तीसरे हिस्से में अज़ान व नमाज़ का बहुत ही तफ़सील के साथ बयान है। चौथे हिस्से में नफ़्ल नमाज़ों का बयान, क़ज़ा नमाज़ों का बयान, जुमे के मुतअ़ल्लिक़ अह़काम और मरीज़ की नमाज़ का बयान है। चौथे ही हिस्से में मौत आने और मय्यत के नहलाने व कफ़न-दफ़न का बयान भी है। पाँचवें हिस्से में ज़कात व रोज़े का बहुत तफ़सील के साथ बयान है। लिहाज़ा यह किताब पढ़ने से तअ़ल्लुक़ रखती है। इस किताब के छटे हिस्से में हज का बयान है, इसमें हज, उमरा व ज़ियारत के मुतअ़ल्लिक़ ख़ूब तफ़सील से बयान किया गया है।

इस्लामी अख़्लाक़ -ओ- आदाब

आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रदियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के ख़लीफ़ा सदरुश शरीआ़ अ़ल्लामा मुह़म्मद अमजद अली अ़लैहिर्रह़मह की किताब **बहारे शरीअत** का यह सोलहवाँ हिस्सा है। इस किताब में रोज़मर्रा के मसाइल का बयान है। इसमें खाने पीने, लिबास जूता व अंगूठी पहनने, बैठने छूने देखने व चलने के आदाब, सलाम व मुसाफह़ा, छींक जमाही का बयान है। साथ ही क़ुर्आन मजीद पढ़ने, आदाबे मस्जिद, आदाबे क़िब्ला का बयान है। मरीज़ की इयादत, लह्व व लइब का बयान है। झूट बुग़्ज़ हसद ज़ुल्म ग़ुस्सा तकब्बुर रिया का बयान है। औलाद व पड़ोसियों के हुक़ूक़ का बयान है। अल्लाह के लिए दोस्ती व दुश्मनी का बयान है। ज़ीनत का बयान है। नाम रखने का बयान है। कस्ब व इल्मो तालीम का बयान है। अम्र बिल मारूफ़ नही अनिल मुन्कर का बयान है। क़ब्रों की ज़्यारत, ईसाले सवाब और मीलाद शरीफ़ का बयान है। इसके अलावा सैकडों मसाइल का बयान है। गरज़ यह किताब पढ़ने से तअ़ल्लुक़ रखती है।

सच्ची हिकायात

मौलाना अबुन्नूर बशीर रह़मतुल्लाहि तआ़ला अ़लैह की यह किताब उर्दू ज़बान में बहुत मशहूर है। इसमें बुज़ुर्गों की सैकड़ों हिकायात हैं और साथ ही साथ हर हिकायत से हासिल होने वाले सबक़ भी लिख दिए गए हैं और इन सबक़ों से जहाँ हज़ारों नसीहतें

मिलती हैं वहाँ हमारे बुज़ुर्गों के तसर्रुफ़ात, इख़्तियारात, इल्मे ग़ैब, बुज़ुर्गों का मदद फ़रमाना वग़ैरह का भी सुबूत मिलता है। हर हिकायत के साथ हवाला भी दिया गया है कि यह हिकायत कहाँ से ली गई है। लगभग सारी ही हिकायात मशहूर व मारूफ़ किताबों से ली गई हैं। पाँचों हिस्सों में दस बाब हैं पहले बाब में बारी तआ़ला से मुतअ़ल्लिक़ हिकायात और दूसरे बाब में हमारे आक़ा सय्यदुल अम्बिया स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम और तीसरे बाब में कुछ नबियों से मुतअ़ल्लिक़ हिकायात हैं। चौथे बाब में ख़ुलफ़ाए राशिदीन, पाँचवें बाब में सहाबए किराम छटे बाब में अहले बैते इज़ाम रिद्वानुल्लाहि तआ़ला अ़लैहिम अजमईन का ज़िक्र और उनसे मुतअ़ल्लिक़ बहुत सी हिकायात हैं। सातवें बाब में अइम्मए किराम और आठवें बाब में औलियाए किराम रहमतुल्लाहि तआ़ला अ़लैहिम अजमईन से मुतअ़ल्लिक़ हिकायात हैं। नवाँ बाब सलातीने इस्लाम से मुतअ़ल्लिक़ है और आख़िरी दसवें बाब में मुख़्तलिफ़ हिकायात हैं। इस किताब के पाँचवें हिस्से में कुछ हिकायात और भी शामिल की गईं हैं जिनके हवाले भी दे दिए गए हैं। यह बढ़ी हुई हिकायात भी पढ़ने से तअ़ल्लुक़ रखती हैं। कुछ मुश्किल हिकायात जो उर्दू में थीं उन्हें हटा दिया गया है। ऐसा हिन्दी वालों की दुशवारी की वजह से किया गया है फिर भी अगर कोई उसे पढ़ना चाहे तो उर्दू वाली से पढ़े।

हमारे ग़ौसे आज़म

सरकारे ग़ौसे आज़म रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की सीरते पाक पर जनाब मौलाना मुहम्मद शरीफ़ साहब नूरी और जनाब मुहम्मद अहमद साहब बरेलवी की मुरत्तबा इस किताब में सरकारे ग़ौसे आज़म रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के बचपन से लेकर विसाल तक के हालात हैं। यह किताब 304 सफ़हात पर है और इसमें 100 से ज़्यादा करामात भी हैं। सरकारे ग़ौसे आज़म रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की सीरते पाक पर अभी तक हिन्दी ज़बान में इतनी बड़ी किताब नहीं आई। हमारी नई नस्ल जो ग़ौसे पाक को सिर्फ़ 'बड़े पीर साहब' की तरह ही जानती है उसके लिए यह किताब बहुत ही मुफ़ीद है और सरकारे ग़ौसे आज़म रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के बारे में हिन्दी ज़बान में इस किताब में वह पढ़ने को मिलेगा जो हिन्दी वालों ने अभी तक नहीं पढ़ा। इस किताब को ज़रूर पढ़ें।

सवानेहे आलाहज़रत

आलाहज़रत मुजद्दिदे दीन–ओ–मिल्लत शाह इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ रदि़यल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के जीवन–परिचय पर यह पहली किताब है जो 150 सफ़हात पर है, अभी तक इतनी बड़ी किताब आलाहज़रत पर हिन्दी में नहीं छपी। इसे जनाब मुहम्मद अहमद साहब बरेलवी ने कई किताबों की मदद से मुरत्तब किया है और कुछ जदीद मौज़ूआत को भी इसमें पेश किया गया है बहरहाल यह किताब पढ़ने से तअ़ल्लुक़ रखती है। उम्मीद है कि कुछ दिनों बाद इस किताब में आलाहज़रत के बारे में और जानकारी बढ़ाई जाएगी।

शरहे सलामे रज़ा

आलाहज़रत मुजद्दिदे दीन–ओ–मिल्लत शाह इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ रदि़यल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के सलाम की शरह उर्दू ज़बान में 500 से ज़्यादा सफ़हात पर शाए हो चुकी है, जो कि मुफ़्ती मुहम्मद अहमद ख़ाँ क़ादिरी (पाकिस्तान) ने की जो कि पढ़ने से तअ़ल्लुक़ रखती है। इसी सलाम के लगभग चालीस अशआ़र की शरह जनाब मुहम्मद अहमद साहब बरेलवी ने हिन्दी ज़बान में की जो कि बहुत मुख़्तसर 32 सफ़हात पर छप चुकी है। सलामे रज़ा के पढ़ने वालों से गुज़ारिश है कि इस किताब को उर्दू ही में पढ़ें और जिनसे न हो सके वह हिन्दी में पढ़ें और बचपन से पढ़ते आ रहे अपने आक़ा पर लिखे इस सलाम के अशआर को समझने की कोशिश एक बार ज़रूर करें। आप इश्क़े रसूल से झूम उठेंगे। वैसे तो सलाम और दुरूद के बारे में अल्लाह का हुक्म है और सलाम पढ़ना हम सुन्नियों की पहचान है मगर अगर कोई बदमज़हब भी इस शरह को पढ़ेगा तो उम्मीद की जाती है कि वह भी सलाम से महब्बत करने लगेगा और हो सकता है कि उसे ईमान की तौफ़ीक़ नसीब हो। और जिसकी क़िस्मत में ईमान ही न हो वह इससे अलग है।

ताज़ीमी सजदा हराम है

मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ रदि़यल्लाहु तआ़ला अन्हु का यह लाजवाब रिसाला **'अज़्ज़ुबतुज़्ज़किय्यह लितहरीमे सुजूदित्तहिय्यह'** का हिन्दी में तर्जमा जनाब मुहम्मद अहमद साहब बरेलवी ने किया जिसको जदीद तरतीब के साथ जनाब मौलाना मुहम्मद

सिद्दीक़ हज़ारवी पाकिस्तानी ने की और जिसकी हिन्दी की तस्हीह मौलाना शकील साहब नूरी मिस्बाही मुदर्रिस जामिआ़ नूरिया रज़विया बरेली शरीफ़ ने की है। इस रिसाले मं यह साबित किया गया है कि अल्लाह के सिवा किसी को इबादत की नियत से सजदा करना कुफ़्र है और ताज़ीम की नियत से सजदा करना हराम है, कुफ़्र नहीं। यह रिसाला उन लोगों के मुँह पर तमाचा है जो सुन्नियों पर शिर्क का इल्ज़ाम लगाते हैं और उन लोगों के लिए भी साफ़-साफ़ जवाब है जो अपनी हठधर्मी की वजह से अपने मुरीदों से सजदा करवाते हैं या मुरीद जहालत से अपने पीरों को या मज़ारों को सजदा करते हैं।

तक़दीर ओ तदबीर

तक़दीर ओ तदबीर के नाम से शाए इस किताब में मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु के दो रिसाले हैं। पहला **'रिसाला अत्तहबीर बिबाबित्तदबीर'** में एक बेहद बकवास सवाल का जवाब है कि मआज़ अल्लाह तदबीर कोई चीज़ नहीं है और सब कुछ तक़दीर से है यानी इन्सान को बिल्कुल मजबूर कहा गया जबकि ऐसा नहीं है क्यूँकि इन्सान न तो बिल्कुल मजबूर है न उसे पूरी तरह इख़्तियार दिया गया है। --- दूसरा रिसाला **'सलजुस्सद्र लिईमानिल क़द्र'** में इस सवाल का जवाब दिया गया है कि जब इन्सान तक़दीर में होने की वजह से सब काम करता है तो उसे अज़ाब या सवाब क्यूँ दिया जाएगा। --- ये दोनों ही रिसाले पढ़ने से तअ़ल्लुक़ रखते हैं और हुज़ूर आलाहज़रत ने क्या ही ख़ूब जवाब अता फ़रमाया है।

चालीस अहादीसे शफ़ाअ़त

किसी ने मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से सवाल किया कि हुज़ूर अक़दस स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की शफ़ाअ़त किस हदीस से साबित है तो हुज़ूर आलाहज़रत ने चालीस बड़ी ही प्यारी दिल को छू लेने वाली हदीसें हम गुनहगारों के लिए मुरत्तब फ़रमाई जो हम गुनहगारों के ईमान को ताज़ा करतीं हैं, सरदारे दो जहाँ स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की मह़ब्बत दिल में बढ़ाती हैं और शफ़ाअ़त का यक़ीन दिलाती हैं। इस किताब की तसहीह जनाब मौलाना सग़ीर अख़्तर साहब मुदर्रिस जामिआ़ नूरिया रज़विया बरेली शरीफ़ ने की।

रिसाला ताज़ियादारी

ताज़ियादारी के बारे में मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अन्हु से किए गए सवालों के जवाबों को इकट्ठा करके यह रिसाला तैयार किया गया है जो कि ताज़ियों और ताज़ियादारों के ख़िलाफ़ है और जाहिलों के लिए सबक़ और बदमज़हबों को यह बताता है कि हम सुन्नी राइज ताज़ियों को सही नहीं मानते। आजकल जो ताज़ियादारी राइज है उसमें अकसर बातें शिर्क हरगिज़ नहीं जैसा कि वहाबी हमारे ऊपर इल्ज़ाम लगाते हैं हाँ बहुत सी बातें बिदअत ज़रूर हैं इसका सुबूत भी इस रिसाले में है। इस रिसाले में उन बातों को सख़्ती से मना किया गया है जो ख़ुराफ़ात आजकल ताज़ियादार करते हैं मसलन खाना लुटाना, तख़्त व झूटी करबला बनाना वग़ैरह।

इरशादाते आलाहज़रत

मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अन्हु के चन्द इरशादात को जनाब अ़ल्लामा अ़ब्दुल मुबीन नौमानी साहब ने एक जगह जमा किया है। इस किताब में ज़्यादातर अवाम में फैली बदआमालियों जैसे ताज़ियादारी, ग़ैर शरई क़व्वाली, औरतों की मज़ारात पर हाज़िरी और वाज़ को पेशा बनाना वग़ैरह से मुतअ़ल्लिक़ हुज़ूर आलाहज़रत के इरशादात को जमा किया गया है जो पढ़ने से तअ़ल्लुक़ रखती है।

बन्दों के हुक़ूक़

मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अन्हु के हवाले से माँ बाप, उस्ताज़, औलाद और हुक़ूक़े मुस्लिम के अलावा एक रिसाला **'अअ़जबुल इमदाद फ़ी मुकफ़्फ़िराति हुक़ूक़िल इबाद'** हुक़ूक़ुल इबाद के बारे में है। इस रिसाले में उन लोगों को नसीहत है जो लोगों के पैसे या माल मार लेते हैं या दूसरों के माल पर नियत ख़राब करते और हड़प लेते हैं। काश आज के बदअ़मल मुसलमान इस पर अ़मल करें और जानें कि किसी का माल या पैसा मारना कितना सख़्त है कि अल्लाह तआ़ला ने साफ़ फ़रमा दिया कि मैं माफ़ न करूँगा बन्दे ही से माफ़ कराना होगा।

दावते मय्यत

तीजा और चालीसवाँ को जिसे आजकल दावत बना दिया गया है उसके रद्द में मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा

ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अन्हु का यह रिसाला **'जलियुस्सौत लिनहयिल दावते अमामल मौत'** उन लोगों के लिए नसीहत है जिन्होंने बिरादरी में नाक कटने के डर से तीजे और चालीसवें वग़ैरह को दावत बना दिया है। इस रिसाले में यह भी समझाया गया है कि तीजे चालीसवें के खाने को कौन कौन खा सकता है और ऐसे कामों के लिए क़र्ज़ लेना कैसा है।

तम्हीदे ईमान

मुजद्दिदे आज़म आलाहज़रत इमाम अह़मद रज़ा ख़ाँ रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु का यह रिसाला **'तम्हीदे ईमान बाआयाते क़ुर्आन'** बड़ा ही लाजवाब रिसाला है। जिसमें ईमान की अहमियत के साथ-साथ यह भी बताया गया है कि बदमज़हब से दोस्ती रखने के क्या-क्या नुक़सानात हैं और बदमज़हब से दुश्मनी रखने के क्या-क्या फ़ायदे हैं और दोस्ती और दुश्मनी के सुबूत में क़ुर्आन की आयात हैं जिनका इन्कार किया ही नहीं जा सकता। जनाब मुह़म्मद अह़मद साहब बरेलवी ने इसकी हिन्दी करते वक़्त इस बात का ख़याल किया कि यह किताब आसान हो जाए और साथ ही वो इबारात जिनका ज़िक्र करते हुए हुज़ूर आलाहज़रत ने बताया कि वहाबियों ने ऐसा ऐसा बका उन इबारात की फ़ोटो कापी भी इसमें लगा दी ताकि हिन्दी वालों को आसानी रहे। इस किताब की तस्हीह मौलाना शकील साहब नूरी मिस्बाही मुदर्रिस जामिआ़ नूरिया रज़विया बरेली शरीफ़ ने की है।

दावते फ़िक्र

यह किताब बदमज़हबों ख़ुसूसन वहाबियों के रद्द में है। इसमें सबसे पहले यह बताया गया है कि ईमान अगर सलामत रहा तो सब ठीक वर्ना बेईमान के लिए जहन्न्म ही है। उसके बाद क़ियामत के क़रीब होने वाले मुसलमानों के फ़िरक़ों के बारे में हुज़ूर की पेशीनगोईयों का ज़िक्र है फिर इस दौर के सबसे बदतर फ़िरक़ए वहाबिया का इतिहास और उसके रद्द का इतिहास है और यह बताया गया है कि सुन्नी वहाबी झगड़ा सिर्फ़ नियाज़ नज़्र का नहीं बल्कि अस्ल झगड़ा इस बात का है कि वहाबियों ने अल्लाह व रसूल की शान में गुस्ताखियाँ की हैं और साथ ही सुबूत के लिए उनकी कुफ़्री इबारात की फ़ोटो कापी और उस किताब के कवर की भी फ़ोटो कापी दी गई। बदमज़हबों के अह़काम और उनके पीछे नमाज़ का

हुक्म और उनसे निकाह का क्या हुक्म है इसका बयान भी है। साथ ही साथ मुसलमानों की उन बदआमालियों का ज़िक्र भी है जो वहाबियों को मौक़ा दे रहीं हैं अहले सुन्नत वल जमाअ़त को ग़लत साबित करने का। यह किताब उर्दू में **दावते ग़ौर ओ फ़िक्र** के नाम से शाए हुई। इस किताब की तसहीह जनाब मौलाना सग़ीर अख़्तर साहब मुदर्रिस जामिआ़ नूरिया रज़विया बरेली शरीफ़ ने की है।

परेशान मुसलमान

सवाल जवाब की शक्ल में वहाबियों के रद्द में बेहतरीन किताब है। इसमें एक शख़्स जिसका नाम अब्दुल्लाह है इस बात से परेशान है कि सुन्नी सही हैं या वहाबी और वह अपने सवालों को लेकर एक मुफ़्ती साहब के पास जाता है और उनसे दिल खोल कर अपने सवाल करता है यहां तक कि वहाबियों की तरफ़ से किए जाने वाले एतराज़ भी करता है मुफ़्ती साहब क़ुर्आन व हदीस की रोशनी में जवाब देते हैं और इस तरह से तक़रीबन सभी इख़्तेलाफ़ी मसाइल कवर करने की कोशिश की गई है मसलन इल्मे ग़ैब, हाज़िर व नाज़िर, बशरियत, वसीला, ग़ैरुल्लाह से मदद, ताज़ीमे नबी, इख़्तेयाराते मुस्तफ़ा, शफ़ाअत, बिदअत, मज़ारात पर हाज़िरी, ईसाले सवाब, निदाए या रसूलल्लाह, ताज़ियादार, ताज़ीमी सजदा, अंगूठे चूमना अज़ाने क़ब्र, मीलाद वग़ैरह और आख़िर में मुफ़्ती साहब यह बताते हैं कि वहाबियों देवबन्दियों से हमारी असली लड़ाई यह है कि उन्होंने अपनी किताबों में अल्लाह व रसूल की तौहीन करी है लिहाज़ा इसलाम से ख़ारिज हैं। इस पर अब्दुल्लाह यह कहता है कि दिखाइये तो मुफ़्ती साहब उसे किताबें दिखाते हैं। उन किताबों की कुफ़्री इबारातों की फ़ोटो कापी इस किताब के आख़िर में लगा दी गई हैं। बरेली शरीफ़ के दारुल इफ़्ता के मुफ़्ती मुहम्मद अफ़ज़ाल रज़वी साहब ने इस किताब की तसहीह की है।

कुफ़्री कलिमात पर शरीअत का हुक्म

फ़तावा शामी जिल्द 1 सुफ़ा 107 पर है कि हराम अल्फ़ाज़ और कुफ़्रिया कलिमात के मुतअल्लिक़ इल्म सीखना फ़र्ज़ है। बहुत से लोग कुफ़्र कर के या बक कर अपना ईमान गंवा कर अपने आपको हमेशा के लिए जहन्नमी बना लेते हैं। अल्लाह अपने हबीब स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि

वसल्लम के सदक़े में महफ़ूज़ रखे। यह किताब ऐसे सैकड़ों कुफ़्र की तरफ़ आपका ध्यान खींच रही है। आम आदमी से जिनके हो जाने का डर बराबर बना रहता है। लिहाज़ा इस किताब को समझ कर पढ़ें और बातें दूसरे मुसलमानों तक पहुंचायें। इस किताब की चैकिंग बरेली शरीफ़ के दारुल इफ़ता के मुफ़्ती मुहम्मद अफ़ज़ाल रज़वी साहब ने की।

लेकिन ख़बरदार ख़ुद मुफ़्ती बनने की कोशिश हरगिज़ न करें बल्कि किसी अच्छे सुन्नी सहीहुल अक़ीदा आलिम की सोहबत में बैठ कर इस तरह के और दूसरे मसाइल समझें।

गुज़ारिश

इस किताब से नाते रसूल पढ़ने व सुनने वालों से एक गुज़ारिश यह है कि जब भी इस किताब से नाते सुनें तो हो सके तो हर शेर पर दुरूदे पाक पढ़ें चाहे वह छोटा ही दुरूद क्यूँ न हो। यह न हो सके तो थोड़ी थोड़ी देर के बाद दुरूद पढ़ें और जब कोई शेर बहुत ही ज़्यादा पसन्द आये तो 11 मरतबा दुरूद पढ़ें और इसका सवाब दिल ही दिल में तमाम मुसलमानों को बख़्श दें और मुझ नाचीज़ को भी ज़रूर याद रखें।

بسم الله الرحمن الرحيم

صَلَّ اللّٰهُ عَلٰى نَبِیِّ الْاُمِّیِّ وَ اٰلِهٖ صَلَّ اللّٰهُ عَلَیْهِ

وَسَلَّمَ صَلَاةً وَّ سَلَامًا عَلَیْکَ یَا رَسُوْلَ اللّٰه ٥

फ़ज़ीलते दुरूदे रज़विया

रसूले रहमत स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम पर दुरूद व सलाम भेजने का हुक्म क़ुर्आन व हदीस में साफ़ मौजूद है। दुरूद व सलाम के मुख़्तलिफ़ अल्फ़ाज़ और सेग़े हैं। बुज़ुर्गाने दीन ने भी कई सेग़ों का इज़ाफ़ा किया है। आलाहज़रत इमाम अहमद रज़ा फ़ाज़िले बरेलवी रह़मतुल्लाहि तआ़ला अ़लैह ने पेशे नज़र सेग़ा तहरीर किया है। हदीसों से जो फ़ज़ाइल व फ़वाइद दुरूद पढ़ने के साबित हैं। उनमें से 40 आपने शुमार किये हैं। यह दुरूद कोई भी मुसलमान पढ़ सकता है। उनकी तरफ़ से आम इजाज़त है। मुसलमानों को चाहिए कि वह इस दुरूद को पढ़ें और अपनी दुनिया व आख़िरत संवारें।

بسم اللہ الرحمن الرحیم

صَلَّ اللّٰہُ عَلٰی نَبِیِّ الْاُمِّیِّ وَ اٰلِہٖ صَلَّ اللّٰہُ عَلَیْہِ

وَسَلَّمَ صَلَاۃً وَّ سَلَامًا عَلَیْکَ یَا رَسُوْلَ اللّٰہ ٥

स़ल्लल्लाहु अ़लन्नबिय्यिल उम्मिय्यि व आलिहि स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्ल-म स़लातउँ व सलामन अ़लै-क या रसूलल्लाह

जुमे की नमाज़ के बाद मजमे के साथ मदीना तय्यिबा की तरफ़ मुँह करके दस्त बस्ता खड़े होकर सौ बार पढ़ें। जहाँ जुमा न होता हो, जुमे के दिन फ़ज्र, ज़ुहर या अस्र के बाद जो कहीं अकेला हो तन्हा ही पढ़े। इसके फ़ाइदे जो मोतबर हदीसों से साबित हैं। जो शख़्स रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम से महब्बत रखेगा, जो उनकी अज़्मत तमाम जहान से ज़्यादा दिल में रखेगा, जो उनकी शान घटाने वालों, उनका ज़िक्रे पाक मिटाने वालों से दूर

रहेगा, दिल से बेज़ार होगा, ऐसा जो कोई मुसलमान इसे पढ़ेगा, उसके लिए बेशुमार फ़ाइदे हैं, जिन में से बाज़ लिखे जाते हैं :

(1) इसके पढ़ने वाले पर अल्लाह तआ़ला अपनी तीन हज़ार रहमतें उतारेगा।

(2) उस पर दो हज़ार बार अपना सलाम भेजेगा।

(3) पाँच हज़ार नेकियाँ उसके नामए आमाल में लिखेगा।

(4) उसके पाँच हज़ार गुनाह माफ़ फ़रमाएगा।

(5) उसके पाँच हज़ार दर्जे बुलन्द फ़रमाएगा।

(6) उसके माथे पर लिख देगा कि यह मुनाफ़िक़ नहीं।

(7) उसके माथे पर तह़रीर फ़रमा देगा कि यह दोज़ख़ से आज़ाद है।

(8) उसे क़ियामत के दिन शहीदों के साथ रखेगा।

(9) पाँच हज़ार बार फ़रिश्ते उसका और उसके बाप का नाम ले कर हुज़ूर अक़दस स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की बारगाह में अर्ज़ करेंगे कि या रसूलल्लाह फ़ुलाँ बिन फ़ुलाँ हुज़ूर पर दुरूद व सलाम अर्ज़ करता है। हुज़ूर अक़दस हर बार के दुरूद व सलाम पर फ़रमाएंगे। फ़ुलाँ बिन फ़ुलाँ पर मेरी तरफ़ से सलाम और अल्लाह तआ़ला की रह़मतें और उसकी बरकतें।

(10) जितनी देर उसमें मशग़ूल रहेगा, अल्लाह तआ़ला के मासूम फ़रिश्ते उस पर दुरूद भेजते रहेंगे।

(11) अल्लाह तआ़ला उसकी तीन सौ हाजतें पूरी फ़रमाएगा। दो सौ दस हाजतें आख़िरत की और नव्वे हाजतें दुनिया की।

(12) उसके माल में तरक़्क़ी देगा।

(13) उसकी औलाद और औलाद की औलाद में बरकत रखेगा।

(14) दुश्मनों पर ग़लबा देगा।

(15) दिलों में उसकी महब्बत देगा।

(16) किसी दिन ख़्वाब में ज़्यारते अक़दस स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम से मुशर्रफ़ होगा।

(17) ईमान पर ख़ात्मा होगा।

(18) उसका दिल मुनव्वर होगा।

(19) क़ब्र व हश्र के हौलों से पनाह में रहेगा।
(20) क़ियामत के दिन अर्शे इलाही के साए में होगा। जिस दिन उसके सिवा कोई साया न होगा।
(21) रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की शफ़ाअ़त उसके लिए वाजिब होगी।
(22) रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम क़ियामत के दिन उसके गवाह होंगे।
(23) मीज़ान (तराज़ू) में उसकी नेकियों का पल्ला भारी होगा।
(24) क़ियामत के दिन प्यास से महफ़ूज़ रहेगा।
(25) हौज़े कौसर पर हाज़िरी नसीब होगी।
(26) सिरात पर आसानी से गुज़रेगा।
(27) क़ब्र व हश्र में उसके लिए नूर होगा।
(28) रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम से नज़दीक होगा।
(29) क़ियामत में रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम उससे मुसाफ़ह़ा फ़रमायेंगे।
(30) अल्लाह तआ़ला उससे ऐसा राज़ी होगा कि कभी नाराज़ न होगा।

अल्लाहुम्मरज़ुक़्नाहु बिजाहि ह़बीबि–क व आलिहि स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि व अ़लैहिम व बार–क वसल्लम अ–ब–दा (आमीन)

मजमे का हुक्म भी हदीस में है, उसके फ़ाइदे यह हैं :
(31) ज़मीन से आसमान तक फ़रिश्ते उनके गिर्द जमा होकर सोने के क़लमों से चाँदी के वरक़ों पर उनका दुरूद लिखेंगे।
(32) उनसे कहेंगे हाँ! ज़िक्र करो, अल्लाह तआ़ला तुम पर रह़मत करे, ज़्यादा करो अल्लाह तआ़ला तुम्हें ज़्यादा दे।
(33) जब यह मजमा दुरूद शुरू करेगा, आसमान के दरवाज़े उनके लिए खोल दिए जायेंगे।
(34) उनकी दुआ क़बूल होगी।
(35) जन्नत की हूरें उन्हें शौक़ से देखेंगी।
(36) अल्लाह तआ़ला उनकी तरफ़ मुतवज्जेह रहेगा, यहाँ तक कि अलग–अलग हो जाएंगे या बातें करने लगें।

(37) रहमते इलाही उन्हें ढांप लेगी।
(38) सकीना उन पर उतरेगा।
(39) अल्लाह तआ़ला आलमे बाला (आसमानों) में उनका ज़िक्र फ़रमाएगा।
(40) सारा मजमा बख़्श दिया जाएगा, उनकी बरकत उनके हमनशीन (साथ में बैठने वाले) को भी पहुँचेगी, वह बदबख़्त न रहेगा।

फ़क़ीर अहमद रज़ा क़ादिरी ने अपने सुन्नी भाईयों को इस मुबारक सेग़े की इजाज़त दी, जबकि मुहम्मद स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की बुराई करने वालों से दूर रहें और इसे पढ़ कर इस गुनाहगार के लिए अफ़्व व आफ़ियते दीन व दुनिया व आख़िरत व हुसूले मुरादाते हसना की दुआ फ़रमा लिया करें। यक़ीन रखे कि यह फ़क़ीर हक़ीर उन सब के लिए दुआ करता है, जो ऐसा करता है, जो ऐसा करें अल्लाह तआ़ला तौफ़ीक़ दे और क़बूल फ़रमाए। आमीन!(मकातिबे रज़ा)

ज़रूरी तम्बीह

इसका यह मतलब हरगिज़ नहीं कि फ़राइज़ छोड़ कर दुरूद ही पढ़ता रहे। अल्लाह तआ़ला के नज़दीक सबसे ज़्यादा ईमान की अहमियत है यानी जब तक ईमान न हो सब बेकार है कितना ही नमाज़ रोज़ा करे सब बेकार है। इसलिए आदमी को सबसे पहले ईमान की हिफ़ाज़त की फ़िक्र करना चाहिए यानी तमाम बातिल फ़िरक़ों से अलग रह कर अहले सुन्नत वल जमाअत पर ऐसा क़ाइम रहे कि आसमान व ज़मीन टल जाए मगर ईमान न जाए। अब नमाज़ रोज़ा और दूसरे फ़राइज़ की अहमियत है फिर दूसरे अज़कार की जब फ़राइज़ पूरे होंगे तब अस्ल फ़ायदा दुरूद का मिलेगा। हां दुरूद की कसरत से अल्लाह की रह़मत से दूसरे अमल की तौफ़ीक़ मिलेगी लिहाज़ा दुरूद पढ़ता रहे।